# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025



13 नोवाक 64वीं बार खेलेंगे ग्रैंड स्लैम...





व्यापार पेज

8 टैरिफ से देश का शहद उद्योग आया संकट में


एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र, सभी देशों ने कायराना हरकत की निंदा की

# प्रधानमंत्री मोदी ने पाक पीएम शाहबाज के सामने ही कहा दो टूक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 'दोहरा मापदंड' स्वीकार नहीं

**सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य वैश्विक नेताओं ने हिस्सा लिया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सोमवार को कड़ी निंदा की और भारत के इस रुख से सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का 'दोहरा मापदंड' स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में भी यही बात कही। एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई। यह घोषणापत्र चीन के तटीय शहर तियानजिन में दो दिन तक चले वार्षिक शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किया गया।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद अहम

*एससीओ ने आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई और इस बात पर जोर दिया कि इन तत्वों का निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। घोषणापत्र में कहा गया कि सदस्य देश मानते हैं कि आतंकवाद और चरमपंथ के खतरों से निपटने में संप्रभु देशों और उनकी सक्षम एजेंसियों की भूमिका सबसे अहम है।*



### दोहराया गया 'एक पृथ्वी एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश

*इसमें आगे कहा गया कि घोषणा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के संदेश को दोहराती है। सदस्य देशों ने 3 से 5 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 5वें एससीओ स्टार्टअप मंच के परिणामों का स्वागत किया, जिससे विज्ञान, तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग और गहरा हुआ है। सदस्य देशों ने 21-22 मई 2025 को नई दिल्ली में हुई 20वीं एससीओ थिंक टैंक मंच की बैठक को भी महत्वपूर्ण बताया। साथ ही, उन्होंने विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के तहत काम करने वाले एससीओ अध्ययन केंद्र की सराहना की, जिसने सांस्कृतिक और मानवीय आदान-प्रदान को मजबूत किया है।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### टीसीए कल्याणी ने सीजीए का संभाला पद



**नई दिल्ली।** आईसीएएस अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार ग्रहण किया। वित्त मंत्रालय में इस पद को संभालने वाली वह 29वीं अधिकारी हैं। वह रक्षा, दूरसंचार, वित्त, सामाजिक न्याय, गृह मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों में काम किया।

### सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन आज



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के यशोभूमि में 'सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को उत्प्रेरित करना है। प्रधानमंत्री 3 सितंबर को सुबह लगभग 9:30 बजे से भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

### पहली बार यूपीआई लेनदेन 20 अरब के पार



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई को लेकर आंकड़ा जारी किया है। इसमें कहा कि यूपीआई ने अपने इतिहास में पहली बार 20 अरब लेनदेन का आकंड़ा पार किया है। यूपीआई ने अगस्त के दौरान 24.85 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन दर्ज किए।



**एससीओ शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री मोदी व पुतिन ने हाथ मिलाया, गले मिले, हाथ पकड़कर कारपेट पर चले, पाक पीएम शाहबाज खड़े देखते रहे

# ये दोस्ती हम नहीं 'तोड़ेंगे'

## ट्रंप के टैरिफ के दबाव के बीच पीएम मोदी ने कहा-भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े







*मोदी ने कहा- 140 करोड़ भारतीय आपके (पुतिन) लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे*

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है

### मोदी ने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना मानवता की पुकार

### राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात शानदार रही

राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता पर बात करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि तियानजिन में एससीओ के दौरान राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात शानदार रही। हमने दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के लिए व्यापार, फर्टिलाइजर, अंतरिक्ष, सुरक्षा और संस्कृति पर बातचीत की। हमने यूक्रेन में शांति बहाल करने से लेकर कई स्थानीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की। दोनों देशों की खास और रणनीतिक साझेदारी वैश्विक स्थिरता में अहम भूमिका रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में एससीओ सम्मेलन के इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति पूरी मानवता की पुकार है। उन्होंने संघर्ष को जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि हम यूक्रेन में जारी संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजा जाना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आपसे मिलना एक यादगार अनुभव होता है, ऐसा मैं हमेशा महसूस करता हूं। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा का मौका मिलता है।

### मोदी-पुतिन की कार में 45 मिनट सीक्रेट टॉक



चीन में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात चर्चा में रही। एससीओ सम्मेलन के बाद दोनों में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता से पहले पीएम मोदी और पुतिन ने 45 मिनट तक कार में बातचीत की। सम्मेलन के बाद पुतिन ने मोदी का इंतजार किया और वेन्यू पर पहुंचने के बाद भी दोनों कार में बैठकर बातचीत करते रहे। चीन के तियानजान में सम्मेलन खत्म होने के बाद पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात थोड़ी दूर पर मौजूद एक होटल में शेड्यूल की गई थी। ऐसे में पुतिन ने न सिर्फ काफी देर तक पीएम मोदी का कार में इंतजार किया बल्कि वेन्यू पर पहुंचने के बाद भी दोनों नेता कार में ही बैठकर बातचीत करते रहे।

**पीटर नवारो के बयान पर पुरी का जवाब**

### भारत ने नियमों का पालन किया, रूसी तेल से लाभ नहीं कमाया



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहाकर पीटर नवारो की 'लॉन्ड्रोमैट' वाली टिप्पणी पर पलटवार किया है। पुरी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल के आयात में कोई नियम नहीं तोड़ा और इसका मकसद वैश्विक बाजार को स्थिर रखना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत दशकों से पेट्रोलियम उत्पादों का बड़ा निर्यातक रहा है और इसमें कोई मुनाफाखोरी नहीं हुई है। उन्होंने साफ कहा कि भारत ने यूक्रेन युद्ध के बाद रूसी तेल खरीदने में कोई नियम नहीं तोड़ा है और भारत की ऊर्जा व्यापार नीति ने वैश्विक बाजार को स्थिर रखने और कीमतों को नियंत्रित करने में मदद की है। पिछले हफ्ते पीटर नवारो ने एक्स पर कई पोस्ट में यूक्रेन युद्ध को 'मोदी का युद्ध' बताया और कहा कि भारत रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को फंड कर रहा है।

मोदी-पुतिन-जिनपिंग की केमेस्ट्री से ट्रंप के तेवर पड़े नरम, कहा

### भारत-अमेरिका का रिश्ता 21वीं सदी के लिए निर्णायक

एससीओ सम्मेलन में जिस तरह से भारत-चीन और रूस के रिश्तों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, उससे कहीं न कहीं अमेरिका को चिंता हुई है कि भारत, शायद उनके पाले से छिटक सकता है, यही वजह है कि अमेरिकी दूतावास ने तुरंत ट्वीट कर भारत-अमेरिका के संबंधों को अहम बताया। अमेरिकी दूतावास ने लिखा कि अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। यह 21वीं सदी का एक निर्णायक रिश्ता है। हम उन लोगों, प्रगति और संभावनाओं पर प्रकाश डाल रहे हैं जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं। नवाचार और उद्यमिता से लेकर रक्षा और द्विपक्षीय संबंधों तक, यह हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच की स्थायी मित्रता ही है जो इस यात्रा को ऊर्जा प्रदान करती है।

---

**प्रदेश में चार सिस्टम सक्रिय, भोपाल सहित कई जिलों में बारिश ने बढ़ाई मुसीबत**

14 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, रतलाम के धोलावाड़ डैम के तीन गेट खोले

# बालाघाट में आकाशीय बिजली की चपेट में आए हॉक फोर्स के जवान तीन हुए घायल, रतलाम में पलसोड़ा गांव डूबा...दमोह में मकान गिरा

**रतलाम के उपलई गांव में एक कार पलट गई, ग्रामीणों ने कार सवार लोगों को बाहर निकाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राजधानी सहित अधिकांश जिलों में सोमवार को तेज बारिश दर्ज हुई। प्रदेश में अभी चार सिस्टम सक्रिय होने से अगले तीन से चार दिन कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले के बोरवन जंगल में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हॉक फोर्स के तीन जवान झुलस गए। घायलों में प्रधान आरक्षक देवेंद्र, आरक्षक छत्रपाल और उज्जवल शामिल हैं। तीनों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए महाराष्ट्र के गोंदिया जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, तेज बारिश के चलते दमोह में एक मकान गिर गया। मलबे में दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**भोपाल में सोमवार को 9 घंटे में कुल 13 मिमी बारिश हुई**



मदमदा रोड में दोपहर 3:30 बजे जोरदार बारिश

### आज से कल तक यहां भारी बारिश

*मंगलवार से बुधवार सुबह तक राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, धार, रतलाम, उज्जैन, गुना, शिवपुरी, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी में कहीं कहीं भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, देवास, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ आदि जिलों में मध्यम बारिश का येलो अलर्ट है।*

पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

# बीच आसमान में आई तकनीकी खराबी, सभी 205 यात्री सुरक्षित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुणे से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट की सोमवार सुबह अचानक तकनीकी खराबी के कारण वापस पुणे एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरलाइन के मुताबिक, विमान को पूरी इमरजेंसी स्थिति में उतारा गया। फ्लाइट नंबर एसजी 937 6 बजे पुणे से उड़ान भरने वाली थी, लेकिन 40 मिनट की देरी से प्लेन रवाना हुआ।

### 4 दिन में दो स्पाइसजेट फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

पिछले चार दिनों में स्पाइसजेट फ्लाइट में दिक्कत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली से श्रीनगर जा रही फ्लाइट में भी तकनीकी खराबी आई थी। फ्लाइट संख्या **SG** 385 में 205 यात्री सवार थे। विमान उड़ान भरते ही इमरजेंसी रिपोर्ट की गई, लेकिन दोपहर 3:27 बजे सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाए 2 अहम फैसले

# 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के खिलाफ याचिका खारिज, तर्कों को नकारा

## तर्क : वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर असहाय महसूस कर रहे

**पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण रोकने से भी इनकार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें देश भर में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) की शुरुआत को चुनौती दी थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि लाखों वाहन चालकों को एथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि उनके वाहन इसके लिए डिजाइन नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में उठाए गए तर्कों को खारिज कर दिया। याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

*वकील अक्षय ने दी थी इस संबंध में याचिका*



याचिका में कहा गया है कि अधिकारियों को गैर-अनुपालन वाले वाहनों में 20 प्रतिशत उपयोग की सीमा तक इथेनॉल मिश्रित ईंधन के कारण यांत्रिक क्षरण और दक्षता हानि पर एक राष्ट्रव्यापी प्रभाव अध्ययन करने का निर्देश दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि लाखों वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्हें ऐसा ईंधन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जो उनके कई वाहनों के अनुकूल नहीं है। याचिका में दावा किया गया है कि 2023 से पहले निर्मित कारें और दोपहिया वाहन, और यहां तक कि कुछ नए बीएस-6 मॉडल भी, इतने उच्च इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं।

**दावे को नकारा... वाहन संभाल नहीं पा रहे दबाव**

याचिका में दावा किया गया है कि लाखों वाहन चालकों को ऐसा ईंधन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसे उनके वाहन संभाल नहीं सकते। याचिका में दावा किया गया है कि 2023 से पहले निर्मित कारें और दोपहिया वाहन, और यहां तक कि कुछ नए बीएस-5 मॉडल भी, उच्च इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए अनुकूल नहीं हैं। केंद्र ने याचिका का विरोध किया और दावा किया कि इथेनॉल मिश्रित ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है।

### केंद्र ने याचिका का किया विरोध

याचिका में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी ईंधन स्टेशनों या पेट्रोल पंप पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। केंद्र ने याचिका का विरोध किया। दावा किया कि ई20 ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है। याचिका में अधिकारियों को सभी पेट्रोल पंपों और वितरण इकाइयों पर इथेनॉल की मात्रा का लेबल अनिवार्य रूप से लगाने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी।

दो सप्ताह के लिए बढ़ाई समय-सीमा

## संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखें

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और



जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामी मस्जिद संभल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे।इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला**

उच्च न्यायालय ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका को खारिज कर दिया था और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा था।

**खबर संक्षेप**

### आरपीएससी सदस्य शर्मा ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) एक बार फिर सुर्खियों में है। आयोग की



सदस्य मंजू शर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र देकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने राज्यपाल को भेजे गए इस्तीफे में लिखा कि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण लंबित नहीं है। वे सदैव ईमानदारी और पारदर्शिता चाहती रही हैं।

### 7वीं की छात्रा को थमाया लव लेटर, गिरफ्तार

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल पर 7वीं में पढ़ने वाली 11 वर्षीय छात्रा ने



गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि प्रिंसिपल ने छात्रा को लव लेटर लिखकर परेशान किया और शादी का दबाव बनाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना जवां ब्लॉक की है।

### प्रतिमा विसर्जन में 1 की मौत, 14 घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान झड़प घटनाओं में 1 व्यक्ति की



मौत हो गई। 14 घायल हो गए। डीजे वाहन पर चढ़ते समय करंटसे 3अन्य युवक घायल हुए, जबकि प्रतिमा विसर्जन बाद नदी में नहाते समय महिला बह गई। संगीत बजाने को झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 10 घायल हो गए।

### हाथरस में नोटों से भरे दो बैग मिले,2 गिरफ्तार

**हाथरस।** जयपुर में एटीएम काटकर 20 लाख रुपए चोरी करने के दो आरोपितों और उनकी महिला



मित्र को गिरफ्तार किया है। तीनों को जयपुर पुलिस ने दो मकानों से से पकड़ा। इनसे नकदी भी बरामद की गई है। जयपुर पुलिस ने श्रीनगर मोहल्ले में दबिश देकर केपी सिंह, उसके साथी व युवती को पकड़ा।

## बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# यह भ्रम भरोसे का मुद्दा, राजनीतिक दल खुद लोगों की करें मदद व रिपोर्ट पेश करें

### दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दायर करने की दी छूट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारत के चुनाव आयोग के इस कथन पर संज्ञान लिया कि बिहार ड्राफ्ट रोल में मतदाता पंजीकरण के लिए दावे और आपत्तियों पर 1 सितंबर की समय सीमा के बाद भी विचार किया जाएगा। कोर्ट ने आयोग के कथन पर संज्ञान लेते हुए 1 सितंबर की समय सीमा बढ़ाने का कोई आदेश पारित नहीं किया। कोर्ट ने बिहार विधिक सेवा प्राधिकरण को सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करने का आदेश दिया कि वे मतदाताओं या राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां, सुधार ऑनलाइन जमा करने में सहायता के लिए अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति करें या उन्हें अधिसूचित करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसके बाद प्रत्येक स्वयंसेवक को जिला एवं सत्र न्यायाधीश (डीएसएलए के अध्यक्ष) को एक गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। स्वयंसेवकों से प्राप्त जानकारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के स्तर पर एकत्र की जा सकती है।

**आयोग ने पहले ही दी थी सुविधा**

ईसी के कथन पर संज्ञान



**अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करें**

शीर्ष अदालत ने बिहार एसआईआर को लेकर फैले भ्रम को काफी हद तक विश्वास का मामला बताते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने में व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे। कोर्ट ने राजनीतिक दलों से भी खुद को 'सक्रिय' करने को कहा।

### *नामांकन की अंतिम तिथि तक दायर कर सकेंगे दावा-आपत्तियां*

निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि तैयार मतदाता सूची के मसौदे में दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन सूची के अंतिम रूप देने के



बाद ही इन पर विचार होगा। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह फैसला दिया।

**राजद ने केवल 10 दावे दाखिल किए**

निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि समय सीमा में किसी भी तरह का विस्तार पूरी प्रक्रिया और सूची को अंतिम रूप देने में बाधा उत्पन्न करेगा। मसौदा मतदाता सूची में शामिल 2.74 करोड़ लोगों में से 99.5 फीसदी ने पात्रता संबंधी दस्तावेज दिए हैं। राजद के दावों (जिसमें 36 दावे दाखिल करने की बात कही गई थी) का खंडन करते हुए कहा कि पार्टी ने केवल 10 दावे दाखिल किए हैं।

### अधूरे दस्तावेज के लिए 7 दिन के भीतर नोटिस दें

द्विवेदी ने कहा कि राजद पार्टी की ओर से अपनी याचिका में उल्लिखित 36 दावों को भी विधिवत स्वीकार कर लिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि वह उन मतदाताओं को 7 दिन के भीतर नोटिस जारी करेगा।

### राजद और एआईएमआईएम ने की समयसीमा बढ़ाने की मांग

राजद और एआईएमआईएम ने चुनावी राज्य बिहार में चुनाव पुनरीक्षण प्रक्रिया में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर थी।

### डेड लाइन बढ़ाने का आदेश नहीं दिया

सुप्रीम कोर्ट ने इस बयान को रिकॉर्ड किया और स्पष्ट किया कि वह फिलहाल 1 सितंबर की डेडलाइन बढ़ाने का कोई आदेश पारित नहीं करेगा। सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने की, जो राजनीतिक दलों की ओर से डेडलाइन बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर विचार कर रही थी।

#### फैसले की 5 बड़ी बातें

1. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार लीगल सर्विसेज अथॉरिटीकी चेयरपर्सन सभी जिलों में पैरा लीगल वॉलंटियर्स को सक्रिय करें। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार लीगल सर्विसेज अथॉरिटी को आदेश दिया कि वह राज्य की सभी जिला कानूनी सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करे। पैरा लीगल वॉलंटियर्स को नियुक्त या अधिसूचित किया जाएगा ताकि वे मतदाताओं और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन माध्यम से दावे, आपत्तियां और सुधार दर्ज कराने में मदद कर सकें।
2. ये मतदाताओं और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन क्लेम, ऑब्जेक्शन और करेक्शन दाखिल करने में मदद करें।
3. चुनाव आयोग ने अदालत को बताया कि 1 सितंबर की डेडलाइन के बाद भी दाखिल क्लेम और ऑब्जेक्शन स्वीकार किए जाएंगे और इन्हें फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल कर लिया जाएगा।
4. अदालत ने कहा कि हर वॉलंटियर एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे संबंधित जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपेगा। इन रिपोर्टों से मिली जानकारी को राज्य स्तर पर स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा संकलित किया जाएगा।
5. बेंच ने चुनाव आयोग की इस बात को दर्ज किया कि 1 सितंबर के बाद भी क्लेम/ऑब्जेक्शन दाखिल किए जा सकते हैं। यह प्रक्रिया मतदाता सूची फाइनल होने के बाद भी जारी रहेगी।

उपराष्ट्रपति पद का चुनाव गरमाया

## इंडी प्रत्याशी ने सभी दलों के सांसदों को लिखा पत्र

चुनाव आयोग के काम पर की गंभीर टिप्पणी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्षी खेमे- इंडी ब्लॉक के प्रत्याशी सेवानिवृत्त जस्टिस सुदर्शन रेड्डी ने सभी दलों के सांसदों को पत्र लिखा है। रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे सीपी राधाकृष्णन से है। दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में समीकरणों को मजबूत करने लेकर सत्ताधारी गुट के साथ-साथ विपक्षी दलों को भी एकजुट रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच रेड्डी का सांसदों को पत्र लिखना चर्चा में है। 9 सितंबर को मतदान किया जाएगा।

**चुनाव को बताया संविधान के साथ लंबी यात्रा**

मतदान से पहले इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रेड्डी ने हैदराबाद में कहा कि मेरे प्रतिद्वंद्वी बोल नहीं रहे हैं।रेड्डी ने कहा कि मैं विपक्षी दलों का उम्मीदवार हूं, मुझे आप जैसी गैरइंडी ब्लॉक पार्टियों से समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद का चुनाव उनके जीवन में संविधान के साथ लंबी यात्रा का एक हिस्सा है। उन्होंने भरोसा जताया कि 2025 का चुनाव भारत के हालिया इतिहास में लड़े गए सबसे निष्पक्ष, प्रतिष्ठित और मर्यादित चुनावों में से एक होगा।

### चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में 'कमी'

उन्होंने कहा कि हमारा राज्य बहुसंख्यकवादी नहीं है। संविधान किसी को शक्ति नहीं देता, उसका काम शक्ति को सीमित करना है। उन्होंने चुनाव आयोग के कामकाज पर भी टिप्पणी की। रेड्डी ने कहा कि संविधान के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में 'कमी' है।

### मेरे खिलाफ एनडीए प्रत्याशी डिबेट कर लें



इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट रेड्डी ने सत्ता पक्ष के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन पर तंज कसा है। उन्होंने सोमवार को कहा कि मेरे प्रतिद्वंद्वी तो बोलते ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि दोनों कैंडिडेट बोलें तो एक डिबेट हो सकती है। इस तरह हैदराबाद पहुंचे रेड्डी ने राधाकृष्णन को अपने साथ डिबेट करने का चैलेंज दे दिया। रेड्डी ने कहा कि मैं भले ही विपक्षी दलों का कैंडिडेट हूं, लेकिन मुझे इंडी ब्लॉक के बाहर के दलों जैसे आम आदमी पार्टी का भी समर्थन हासिल है। रेड्डी ने कहा कि मेरी लड़ाई संविधान को बचाने के लिए है और मैं शुरुआती दिनों से ही इसके लिए संघर्ष करता रहा हूं।

भाजपा ने धर्मस्थल चलो रैली निकाली

## कर्नाटक में 'बड़ी साजिश' की एनआईए या सीबीआई जांच हो

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में इन दिनों धर्मस्थल मामले की चर्चा है। अब भाजपा ने दावा किया है कि इस



मामले में बहुत बड़ी साजिश हुई है और एनआईए या सीबीआई द्वारा इसकी जांच की जाए। भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने धर्मस्थल मामले में सनातन धर्म के प्रमुख धर्मस्थल को बदनाम करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक और अन्य ने धर्मस्थल चलो रैली निकाली ।

### एसआईटी ने यहां केवल झूठा प्रचार किया

रैली से पहले, भाजपा नेताओं ने मंजूनाथ मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के धर्माधिकारी (संरक्षक) वीरेंद्र हेगड़े से भी मुलाकात की। भगवान मंजूनाथ के सभी भक्तों की यही मांग है। एसआईटी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह से झूठा प्रचार किया गया है।

धनखड़ ने आधिकारिक आवास खाली किया

## पूर्व उपराष्ट्रपति 'वीबी एन्क्लेव' खाली कर फॉर्महाउस में शिफ्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने आधिकारिक आवास को खाली कर अब



दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में शिफ्ट कर लिया है। यह फार्महाउस गदाईपुर क्षेत्र में है और इनेलो नेता अभय चौटाला का है। अधिकारियों के अनुसार यह सिर्फ एक अस्थायी व्यवस्था है। धनखड़ को पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते टाइप-8 श्रेणी का आधिकारिक आवास मिलना तय है।

### अभी क्या कर रहे हैं जगदीप धनखड़?

पूर्व उपराष्ट्रपति के करीबी सूत्रों का कहना है कि इन दिनों वे अपना समय परिवार के साथ बिता रहे हैं। खाली समय में वे टेबल टेनिस खेलते हैं और योग का अभ्यास करते हैं। बता दें कि धनखड़ का कार्यकाल असल में 10 अगस्त, 2027 तक था, लेकिन इस्तीफा दे दिया था।

मुख्यमंत्री ममता ने लगाए गंभीर आरोप

## तृणमूल के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अनैतिक,अलोकतांत्रिक

सेना ने हमारी पार्टी के मंच को कर दिया कथित तौर पर ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल-तृणमूल कांग्रेस राज्य के प्रवासियों का 'उत्पीड़न' होने के विरोध में आवाज उठा रही है। कोलकाता में प्रदर्शन के लिए टीएमसी का मंच तैयार किया जा रहा था, जिसे सेना ने कथित तौर पर ध्वस्त कर दिया। ममता ने सेना के इस कदम को अनैतिक और अलोकतांत्रिक करार दिया। ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल प्रवासियों के 'उत्पीड़न' के विरोध में बनाए गए टीएमसी के मंच को सेना द्वारा ध्वस्त कराने के पीछे भाजपा का हाथ है।



**सेना से तटस्थ रहने की अपील की**

ममता ने कहा कि मंच को हटाने से पहले सेना को कोलकाता पुलिस से परामर्श करना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, मैं सेना को दोष नहीं देती, बस उनसे अपील करती हूं कि वे तटस्थ रहें । कठपुतली न बनें।

### खाद्य सुरक्षा पर ममता के दावे गरीबों के साथ क्रूर मजाक



**नई दिल्ली।** कोलकाता के खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के दावे पर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि यह गरीबों के साथ क्रूर मजाक है और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े ममता सरकार के दावों को पूरी तरह गलत साबित करते हैं।

गडकरी के बयान से सियासत गरमाई, इशारों में दी सीख

## जाति-धर्म की राजनीति छोड़ो, व्यक्ति का पहचान उसके काम और चरित्र से होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में जाति और धर्म आधारित राजनीति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में किसी की पहचान किसी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों और कर्मों से होती है। गडकरी ने सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में ये बयान दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें इससे वोट न मिलें, लेकिन वे जातिगत राजनीति का हिस्सा कभी नहीं बनेंगे। अक्सर लोग उनसे जाति का हवाला देकर समर्थन मांगते हैं।

*केंद्रीय मंत्री ने नागपुर में दीक्षांत समारोह में यह बात कही*

**जो करेगा जात की बात... मैं इस पर अटल हूं**



गडकरी ने एक प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने 50,000 लोगों से कहा 'जो करेगा जात की बात, उसे कस के मारूंगा लात'। लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं। चुनाव हार जाने से जिंदगी खत्म नहीं होती। मैं इस पर अटल हूं।

**धर्म और राजनीति को लेकर बयान**

महानुभाव पंथ के सम्मेलन में गडकरी ने नेताओं से धार्मिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि धर्म को अगर सत्ता में बैठे लोगों के हाथों में सौंप दिया गया तो उसका नुकसान समाज को उठाना पड़ेगा। धर्म, समाजसेवा और राजनीति-तीनों को अलग-अलग रखना जरूरी है।

मराठा आंदोलन के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## जरांगे ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया, सारी सड़कें खाली करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने कहा है कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। कोर्ट ने आगे कहा कि पूरा शहर थम गया है और दक्षिण मुंबई के महत्वपूर्ण स्थान प्रदर्शनकारियों से घिरे हुए हैं। कोर्ट ने दो सितंबर तक मुंबई की सभी सड़कें खाली कराने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने मुंबई में सामान्य स्थिति बहाल करने को कहा। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार से भी सवाल पूछे गए हैं। अदालत ने पूछा कि हालात से निपटने की क्या योजना है। आगे कहा कि कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं।

### उच्च न्यायालय ने प्रदर्शनकारियों को मंगलवार तक का दिया अल्टीमेटम



**जरांगे 29 अगस्त से अनशन पर**

जरांगे 29 अगस्त से दक्षिण मुंबई स्थित आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वह मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

**मुंबई शहर थम सा गया**

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने विशेष सुनवाई में कहा कि प्रदर्शनकारी आंदोलन के लिए निर्धारित स्थान आजाद मैदान पर नहीं रुके हैं और उन्होंने दक्षिण मुंबई के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अवरुद्ध कर दिया है। अदालत ने कहा कि स्थिति गंभीर है और मुंबई शहर लगभग ठहर सा गया है।

### जरांगे ने चौथे दिन जल त्यागा प्रदर्शनकारियों ने लगाए नारे



डॉक्टरों ने सोमवार को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की सेहत की जांच की। जरांगे ने चौथे दिन पानी पीना भी बंद कर दिया था। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में उनकी भूख हड़ताल चौथे दिन में प्रवेश कर गई है। सीएसएमटी पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी नारे लगाते और नाचते दिखे, जिससे रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## पूर्वी अफगानिस्तान में रात 11:47 बजे 6.0 तीव्रता का भूकंप



# कई जिंदगियां मिट्टी में दफन

### गांव के गांव बर्बाद, कम से कम 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

एजेंसी ▶▶ काबुल

पूर्वी अफगानिस्तान में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी।

*भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था*



*यह महज आठ किलोमीटर की गहराई में था, कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं*

### पूरा गांव ही मलबे के नीचे दबा

कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। कोई भी ऐसा नहीं है, जो आकर मलबे के नीचे से शवों को निकाल सके।

**पीएम मोदी ने कहा**

### भारत हरसंभव मदद करने को तत्पर

पीएम नरेंद्र मोदी ने अफ़ग़ानिस्तान में आए भूकंप से हुई जान-माल की हानि पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा-अफ़ग़ानिस्तान में आए भूकंप से हुई जान-माल की हानि से मुझे गहरा दुख हुआ है। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तत्पर है।

### भूकंप के कारण संचार व्यवस्था ध्वस्त

पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि बचाव अभियान जारी है।

**खबर संक्षेप**

### इंदौर में महिला मोर्चा ने कांग्रेस ऑफिस को घेरा



**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माताजी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने के खिलाफ भाजपा हमलावर रुख अपनाए हुए है। इंदौर भाजपा की महिला मोर्चा ने सोमवार को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने बयान की निंदा की। महिला कार्यकर्ताओं के हाथ में पोस्टर थे।

### स्पेन की लोरेना बनीं मिस टीन इंटरनेशनल



**जयपुर।** भारत ने एक बार फिर विश्व स्तरीय मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। जयपुर में आयोजित मिस टीन इंटरनेशनल 2025 का खिताब स्पेन की लोरेना रूइज ने अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के फाइनल में 24 देशों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विजेताओं में भारत की काजिया लिज मेजो फर्स्ट रनर-अप, कोलंबिया की वलेरिया मोरालेस सेकंड रनर-अप रहीं।

### कुत्ते का आधार कार्ड प्रशासन ने बताया फर्जी



**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल में एक कुत्ते का आधार कार्ड वायरल हो रहा है। कार्ड पर कुत्ते का पता और जन्मतिथि भी लिखी हुई है। कुत्ते का नाम 'टॉमी जायसवाल' है। मामले को लेकर ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान कहा कि कुत्ते का आधार कार्ड बनने की बात पूरी तरह निराधार है। आधार पोर्टल पर इस तरह का कोई पंजीकरण मौजूद नहीं है। यह कार्ड पूरी तरह फेक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और एप का किया लोकार्पण

# वैदिक घड़ी में दिन की गणना सूर्योदय से सूर्योदय तक, हर दिन के 30 मुहूर्त



*मुख्यमंत्री ने युवाओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया विक्रमादित्य वैदिक क्लॉक एप*

सीएम ने बताया कि वैदिक घड़ी में वैदिक समय (30 घंटे), वर्तमान मुहूर्त स्थान, जीएमटी और आईएसटी समय, तापमान, हवा की गति, आर्द्रता एवं मौसम संबंधी सूचनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। एप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी में 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास के मुख्य गेट पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण किया। वैदिक घड़ी के तैयार किए गए मोबाइल एप में 3179 विक्रम पूर्व, महाभारतकाल से लेकर 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित की गई हैं। इसमें दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त की गणना तथा इसी आधार पर हर दिन के 30 मुहूर्तों का सटीक विवरण शामिल है।

**भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित करेगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी**

### मुख्यमंत्री निवास के मुख्य गेट पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी लगाई गई



### विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण इस घड़ी में

मुख्यमंत्री ने कहा कि कालगणना की पद्धति 300 साल पहले तक हमारे देश से दुनिया तक जाती थी। इस घड़ी के माध्यम से भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण विक्रमादित्य वैदिक घड़ी से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोलीय अध्ययन के लिए सूर्य से बनने वाली छाया के आधार पर सूर्य की गति की गणना की गई।

#### पूर्णिमा और अमावस्या का भी शरीर पर प्रभाव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के व्रत, त्यौहार अंग्रेजी कैलेंडर के आधार पर नहीं होते। उस गणना में ऋतुओं का प्रभाव शामिल है। उन्होंने कहा कि सावन-भादो-कार्तिक माह का प्रभाव हम सब अपने जीवन में अनुभव कर रहे हैं।

#### खगोल विज्ञान पर फिल्म सीडी का किया विमोचन

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास के नवनिर्मित द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का मंत्रोच्चार के बीच अनावरण किया। इस अवसर पर शौर्य स्मारक से आरंभ हुई 'भारत का समय-पृथ्वी का समय' रैली मुख्यमंत्री निवास पहुंची। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रैली में शामिल युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राजा भोज पर निर्मित यू-ट्यूब सीरीज के फोल्डर का विमोचन और खगोल विज्ञान पर केंद्रित फिल्म की सीडी का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने वैदिक घड़ी के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। युवाओं से मोबाइल में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप भी डाउनलोड करवाया। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर वैदिक घड़ी भेंट की गई।

15 दिन की 'वोट अधिकार यात्रा' का समापन

## राहुल गांधी बोले- एटम बम से बड़ा 'हाइड्रोजन बम' आएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ होशियार हो जाओ भाजपा वालों

15 दिन की वोट अधिकार यात्रा के समापन पर राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की। हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डेटा के साथ दिखाया।

चांदी में भी रिकॉर्ड उछाल

## सोना पहली बार 1.05 लाख रु. के पार पहुंचा



**भू-राजनैतिक तनाव के चलते गोल्ड को सपोर्ट**

**सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में सोने और चांदी की कीमतें रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। एमसीएक्स पर गोल्ड रेट ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। एक सितंबर को सोना और चांदी अपने आलटाइम हाई पर पहुंच गए है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को सोना 2,404 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 5,678 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले कीमत 1,17,572 रुपए थी।

किताबें बेच रही 2 महिलाएं गिरफ्तार

### भगवान के लिए लिखीं गई अपमानजनक बातें



**इंदौर।** आजीवन कारावास की सजा काट रहे बाबा रामपाल की पुस्तकों में हिंदु देवी-देवताओं के बारें में अपमानजनक बातें लिखीं गई हैं। इसी तरह की किताबें बेच रहीं दो महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। ये महिलाएं एक युवक को जबदस्ती कथित बाबा रामपाल की किताबें खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी।

पांच साल की बच्ची सुरक्षित

### बस की टक्कर से बहन की मौत, भाई घायल



**दमोह।** पटेरा थाना क्षेत्र में सोमवार को बस की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल है। गनीमत रही कि बाइक पर सवार 5 साल की बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है। यह हादसा कुंडलपुर मार्ग पर फुट्टू माता मंदिर के पास दोपहर में हुआ। जानकारी के अनुसार मोहन्द्रा से दमोह जा रही राय कंपनी की बस (एमपी 12 आर 1212) ने एक बाइक को टक्कर मार दी।

आईसीसी ने किया बड़ा ऐलान

### ओडीआई वर्ल्ड कप इनामी राशि में चार गुना वृद्धि



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने एक दिवसीय क्रिकेट वर्ल्ड कप में एक बड़ा कदम उठाया है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिला था। भारत में होने वाले महिला वर्ल्ड कप की इनामी राशि में भारी वृद्धि देखने को मिली है। करोड़ों की रकम में होने वाली इस इनामी राशि में बड़ा बदलाव किया गया है।साल 2022 में हुए महिला वर्ल्ड कप से यह रकम चार गुना ज्यादा है।

लोकायुक्त की कार्रवाई

### रीवा में बाबू व नीमच में ऑपरेटर रिश्वत लेते धराया



**रीवा।** रीवा में लोकायुक्त टीम ने सोमवार को रायपुर कर्चुलियान तहसील कार्यालय में बड़ी कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार कार्यालय के बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के पास दो हजार रुपए की रिश्वत राशि मिली। लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार ने बताया कि फरियादी चंद्रकांत पाण्डेय (48) निवासी ग्राम सिरखिरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी जमीन के नक्शा तरमीम कराने के एवज में तहसील कार्यालय का बाबू रिश्वत की मांग रहा है।

अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 6.5% बढ़ा

## सरकार को 1.86 लाख करोड़ रु. की हुई कमाई

**जीएसटी रिफंड 20% घटकर 19,359 करोड़ पर आ गया**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े सोमवार को सामने आए हैं। पिछले साल अगस्त 2024 के जीएसटी कलेक्शन 1.75 लाख करोड़ रुपए था लेकिन अगस्त 2025 में यह आंकड़ा 1.86 लाख करोड़ रुपए रहा, जो लगभग 6.5% अधिक है। 1 सितंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2025 में भारत का जीएसटी कलेक्शन 1,86,315 करोड़ रुपए रहा। यह जुलाई की तुलना में करीब 6.5% ज़्यादा है, जो टैक्स कलेक्शन में लगातार सुधार दिखाता है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम फैसला

## 80 लाख के फ्लैट की मालकिन और 73 हजार कमाने वाली पत्नी गुजारा भत्ता की हकदार नहीं

*कोर्ट ने बच्चे के लिए 25,000 रुपए प्रति माह का गुजारा भत्ता देने का आदेश बरकरार रखा*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के बीच गुजारा भत्ता के मामलों पर एक अहम फैसला दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 73,000 रुपए कमाने वाली और 80 लाख के फ्लैट की मालकिन पत्नी को गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया। फैमिली कोर्ट ने पति को 15000 रुपए महीना गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। फैमिली कोर्ट ने बच्चे को भी 25000 महीना देने का आदेश दिया था।

#### पति ने फैमिली कोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

पति ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को पलटते हुए कहा कि महिला आर्थिक रूप से खुद का खर्च उठाने में सक्षम है, इसलिए उसे पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार नहीं है। हालांकि कोर्ट ने बच्चे के लिए 25,000 रुपए प्रति माह का गुजारा भत्ता देने का आदेश बरकरार रखा।

इंदौर के गणेश पंडाल की झांकी में समाज में घटी चर्चित घटनाओं को उकेरा

25 युवाओं के समूह ने पंडाल को अलग तरीके से सजाया

## राजा मर्डर केस का पोस्टर... श्रद्धा के 35 टुकड़ों को फ्रिज में दिखाया, भगवान से बेटों को बचाने की गुहार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

गणेश पंडालों में अलग-अलग स्वरूपों में बप्पा की स्थापना की गई है। इनमें नेहरू नगर रोड नं. 3 पर विराजे नगर चा राजा सबसे खास हैं। यहां 25 युवाओं के समूह ने पंडाल को अलग तरीके से सजाया है। आकर्षक शोपीस, डिजाइन, फ्लॉवर डेकोरेशन या रंग-बिरंगी लाइटिंग तो श्रद्धालुओं को मोहित कर ही रही है, यहां लगे पोस्टर भी ध्यान खींच रहे हैं। दरअसल, पंडाल में भगवान गणेश के आसपास हाल ही की चर्चित घटनाओं के पोस्टर्स लगाए गए हैं।

नोट गिनने की मशीन बही-खाता, तौल-कांटा, लैपटॉप-कैलकुलेटर भी रखा



### उज्जैन में गणेशजी का सोने का पंडाल, 1 करोड़ के गहनों से सजाया

**उज्जैन।** उज्जैन के पटनी बाजार स्थित पंडाल को सोने-चांदी की दुकान और भगवान गणेश को व्यापारी के रूप में दर्शाया गया है। उन्हें एक करोड़ रुपए से अधिक के सोने के आभूषण पहनाए गए हैं। इस पंडाल में भगवान गणपति नोट गिनने की मशीन, बही-खाता, तौल कांटा, लैपटॉप, कैलकुलेटर लेकर विराजमान हैं। गणेश उत्सव के अंतिम तीन दिन रिद्धि-सिद्धि के दाता को 3 करोड़ रुपए से अधिक के आभूषणों से सजाया जाएगा। सराफ यूथ फेडरेशन के 100 व्यापारियों ने मिलकर यह पंडाल बनाया है।

**अफगानिस्तान में भूकंप से मची भारी तबाही**

# भू-स्खलन होने से सड़कें गायब, हवाई मार्ग से ही बचाव अभियान

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान में आए मूल भूकंप के बाद इलाके में कई झटके आए। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता, स्थानीय लोग और सेना के जवान पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान में आए भूकंप के घायल पीड़ितों को निकालने की तैयारी में जुटे हुएए हैं। इस भूकंप में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और कई गांव नष्ट हो गए हैं। भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध होने के कारण, बचाव अभियान केवल हवाई मार्ग से ही चलाया जा सकता है। प्रभावितों को बचाने के लिए अफगानिस्तान सेना के चार हेलिकॉप्टरों मदद में जुटे हुए हैं। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने मौके पर पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। पीड़ितों को जलालाबाद के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। स्थानीय नागरिक अस्पाल पहुंचकर बड़ी तादात में रक्त डोनेट कर रहे हैं ताकि पीड़ितों को उपचार में मदद मिल सके। वहीं, अफगानिस्तान में यूनीसेफ की टीम प्रभावितों की मदद के लिए पहुंच गई है।

**बचाव कार्य जारी**



सेना के जवान भूकंप प्रभावितों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचा रहे।



यूनीसेफ की टीम ने राहत सामग्री वितरित की।

**घायलों का उपचार**



नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने मौके पर पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

**बचाने का प्रयास**





नंगरहार प्रांत में पीड़ितों बचाने के लिए रक्तदान करने सैंकड़ों लोग अस्पतालों में पहुंचे।

**तबाह हुए घर**



भूकंप से कुनार प्रांत में लोगों के घर तबाह हो गए।



**खबर संक्षेप**

## पीओके में हेलिकॉप्टर क्रैश, 5 की मौत

**नई दिल्ली।** पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से दो पायलटों सहित पांच क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फारक ने बताया कि यह हादसा डायमर जिले के चिलास इलाके में हुआ। डायमर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल हमीद ने कहा कि हेलिकॉप्टर एक नए हेलीपैड पर टेस्ट लैंडिंग कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। दुर्घटना का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।



## डीपफेक फोटो वायरल करने वाली वेबसाइट बंद

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की अश्लील डीपफेक फोटो पोस्ट करने वाली 'फीका नाम की वेबसाइट बंद हो गई है। यह साइट महिलाओं की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो पोस्ट करती थी और 20 साल से सक्रिय थी। इसमें 7 लाख सब्सक्राइबर थे और कोई भी यूजर पोर्न सामग्री अपलोड कर सकता था। इस साइट पर मेलोनी, विपक्षी नेता एली श्लीन जैसी जानी-मानी महिलाओं की फर्जी डीपफेक तस्वीरें डाली थीं।



**जम्मू पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा**

**सर्वाधिक प्रभावित गांव मांगूचक भी गए**

# पीड़ितों से मिले, हर संभव मदद का दिया भरोसा, 'राहत कार्यों' का लिया जायजा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ शाह बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुके और नदी के किनारे हुए नुकसान का निरीक्षण किया। शाह बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुंचे थे।

शाह ने जिले के बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जम्मू हवाई अड्डे के पास गांव मांगूचक का भी दौरा किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं, जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में सोमवार को भारी बारिश के बीच माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही। बता दें, बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 14 अगस्त से किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में 130 से अधिक लोग मारे गए हैं और 33 लोग लापता हैं। जम्मू और अन्य मैदानी भागों के निचले इलाकों में 26-27 अगस्त को मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई थी जिससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। मृतकों में 34 तीर्थयात्री भी शामिल हैं, जो 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी मंदिर जाते समय भूस्खलन की चपेट में आ गए थे।

किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में 130 लोग मारे गए

माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही



### तीसरे महीने में दूसरा दौरा

केंद्रीय मंत्री शाह का तीन महीने में जम्मू का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले, उन्होंने 29 मई को जिले का दौरा किया था। इससे करीब तीन सप्ताह पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के प्रतिशोध में सीमा पार आतंकवादी ढांचों पर मिसाइल हमले किए थे। पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

## उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की



केंद्रीय मंत्री शाह ने जम्मू कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में बाढ़ प्रभावित कुछ इलाकों का दौरा करने के बाद राजभवन में बाढ़ राहत उपायों पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला, विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा एवं वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, अर्धसैनिक और सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

### शाह ने पंजाब के राज्यपाल, मुख्यमंत्री से की बात

*अमित शाह ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की तथा राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को मौजूदा स्थिति तथा प्रभावित लोगों के बचाव एवं राहत के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शाह ने बाढ़ से निपटने के लिए दोनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें, लगातार बारिश के कारण पंजाब के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य सरकार ने रविवार को स्कूलों को बंद रखने की अवधि 3 सितंबर तक बढ़ा दी। अधिकारियों के अनुसार, पंजाब में अगस्त में 253.7 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 74 प्रतिशत अधिक है और राज्य में 25 वर्षों में सबसे अधिक है। पीएम नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में मान ने कहा कि पंजाब इस समय दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ आपदा से जूझ रहा है, जिससे लगभग 1,000 गांव और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।*

### रक्षा मंत्री ने भी किया था दौरा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किश्तवाड़ जिले के चशोती गांव में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए 24 अगस्त को जम्मू का दौरा किया था। मचैल माता मंदिर के रास्ते में स्थित गांव का दौरा करने की सिंह की योजना खराब मौसम और पद्दार उप-मंडल में भूस्खलन से सड़क के अवरुद्ध होने के कारण रद्द हो गई थी। अगस्त में चशोती में अचानक आई बाढ़ में 65 लोग मारे गए, 100 से अधिक घायल हो गए और 32 अन्य लापता हो गए।

**यूरोपीय संघ का गंभीर आरोप**

# रूस ने 4 दिवसीय दौरे पर ईयू अध्यक्ष के विमान का 'रडार' किया जाम



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

रूस पर विमान के रडार को जाम करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। एक यूरोपीय संघ (ईयू) अधिकारी ने यह आरोप लगाया है। अधिकारी के अनुसार, रूस ने बुल्गारिया के ऊपर से गुजर रहे यूरोपीय संघ के नेता के विमान का रडार जाम कर दिया।

बताया गया है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को ले जा रहा विमान बुल्गारिया के ऊपर संदिग्ध रूसी कार्रवाई के कारण रडार जाम होने से प्रभावित हुआ। आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने कहा कि विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया और वॉन डेर लेयेन रूस व बेलारूस की सीमा से सटे यूरोपीय संघ के देशों की अपनी यात्रा जारी रखेंगी।

### जीपीएस नेविगेशन में आया व्यवधान

वहीं, बुल्गारिया ने एक बयान में कहा कि विमान के जीपीएस नेविगेशन के लिए उपयोग किए जाने वाले सैटेलाइट सिग्नल में व्यवधान आया था। जैसे ही विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे के पास पहुंचा, जीपीएस सिग्नल गायब हो गया। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन में मास्को के युद्ध की कट्टर आलोचक वॉन डेर लेयेन, रूस और उसके सहयोगी बेलारूस की सीमा से सटे यूरोपीय संघ के देशों के चार दिवसीय दौरे पर हैं। पोडेस्टा ने कहा कि वॉन डेर लेयेन ने रूस और उसके सहयोगियों से आने वाले खतरों की रोजमर्रा की चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा है।

### हाल ही में ट्रंप और जेलेंस्की से बात की थी

हाल ही में यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात की थी। ये बातचीत गुरुवार को हुई थी। इस बातचीत के बाद यूरोपीय संघ की प्रमुख ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बातचीत की टेबल पर आना चाहिए। उन्होंने लिखा था कि कीव पर रूस द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए हवाई हमले के बाद अभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की। पुतिन को बातचीत की मेज पर आना चाहिए। हमें ये सुनिश्चित करना चाहिए कि यूक्रेन में स्थायी शांति आए और उसे सुरक्षा गारंटी भी मिले और यूरोप इसमें अपनी भूमिका जरूर निभाएगा।

**हूती पीएम के निधन पर यमन में शोक**

# अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जुटे लोग, पढ़ी गई नमाज

एजेंसी ▶▶ अदन (यमन)

राजधानी सना में सोमवार सुबह सैकड़ों लोगों ने हूती पीएम अहमद अल-रहावी के निधन पर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को इजराइली हवाई हमले में कई मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों के साथ उनकी मौत हो गई थी। शाब मस्जिद में आयोजित हूती अधिकारियों के अंतिम संस्कार के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम का हूती-नियंत्रित उपग्रह समाचार चैनल अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारण किया गया। मस्जिद के अंदर जहां जनाजे की नमाज पढ़ी गई, वहां भीड़ ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए तथा विदेश मामलों, मीडिया और संस्कृति तथा औद्योगिक मंत्रियों सहित अधिकारियों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

### शाब मस्जिद में रखा गया शव



अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने बताया कि अधिकारियों के परिवार अंतिम संस्कार के लिए एम्बुलेंस में पहुंचे। शवों को मस्जिद के अंदर ताबूत में रखा गया था। अल-रहावी, ईरान समर्थित विद्रोही समूह के खिलाफ इजराइल-अमेरिकी अभियान में मारे गए सबसे वरिष्ठ हूती अधिकारी थे। कार्यवाहक हूती पीएम मोहम्मद मुफ़्ताह ने अंतिम संस्कार के अवसर पर कहा कि हम एक बड़े और प्रभावशाली युद्ध में शामिल हो गए और अमेरिका से भिड़ गए।

### हूती विद्रोहियों ने मिसाइल दागी

यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने लाल सागर में सऊदी अरब के तट पर एक तेल टैंकर पर मिसाइल दागी है, जिससे इस अहम वैश्विक समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर उनके हमले फिर से शुरू होने की आशंका है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने हूतियों के नियंत्रण वाले उपग्रह समाचार चैनल अल-मसिरा पर प्रसारित पहले से रिकॉर्ड संदेश में इस हमले की जिम्मेदारी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस जहाज 'स्कारलेट रे' को निशाना बनाया गया, उसका संबंध इजराइल से है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दावा**

# भारत टैरिफ घटाने को तैयार, कहा- अब देर हो चुकी, पहले कम करना था

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने अब अमेरिका पर टैरिफ कम करने की पेशकश की है, लेकिन काफी देर हो चुकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार संबंधों को 'एकतरफा' बताते हुए कहा कि भारत अमेरिका को बहुत सारा सामान बेचता है, लेकिन अमेरिका भारत को बहुत कम सामान बेच पाता है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत ने अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाए, जिससे अमेरिकी कंपनियों को भारत में सामान बेचना मुश्किल हो गया। यह पूरी तरह से एकतरफा आपदा रही है! उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर तेल और मिलिट्री उपकरण रूस से खरीदता है, न कि अमेरिका से। ट्रंप ने इसे सालों पुरानी दिक्कत बताया और कहा कि भारत को पहले ही टैरिफ कम कर देना चाहिए था। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब कुछ घंटे पहले ही पीएम मोदी ने एससीओ समिट के दौरान चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की है। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत-अमेरिका की साझेदारी 21वीं सदी की सबसे खास साझेदारी है।



## गरबा की पगड़ी में ऑपरेशन सिंदूर



**अहमदाबाद।** गणेश उत्सव के साथ ही कलाकार अब आगामी नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव की तैयारियों में जुट गए हैं। नवरात्रि उत्सव से पहले गरबा करने वालों के लिए नए परिधान के रूप में इस बार ऑपरेशन सिंदूर का महत्व होगा। अहमदाबाद में एक कलाकार ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पगड़ी दिखाता हुआ।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों संग की बैठक**

# ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही, उपयोगकर्ताओं के पैसों की सुरक्षा और उद्योग में व्यवस्थित बदलाव (ऑर्डरली ट्रांज़िशन) जैसे अहम मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह भी नोट किया गया कि उद्योग ने कानून के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

### आईटी सचिव से भी की थी मुलाकात

*उपयोगकर्ता के पैसों की सुरक्षा पर भी हुई बात*

*कानून पालन के लिए ठोस कदम उठाए*



इससे पहले शुक्रवार को भी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय आईटी सचिव के साथ बैठक की थी। शुक्रवार की बैठक में गेमिंग कानून को लेकर नियमों और आगे की दिशा को लेकर चर्चा हुई। सचिव स्तर की इस बैठक में गेमिंग प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों के अलावा बैंकिंग और फिनटेक प्रतिनिधि भी शामिल थे। इस बैठक का मकसद स्टेकहोल्डर्स को यह बताना था कि इस कानून में उनके लिए क्या है। जल्द इस कानून से संबंधित नियम बनाए जाएंगे और यह एक सतत प्रक्रिया है। नियमों से ज्यादा, इसका मकसद ऑनलाईन गेमिंग से जुड़े उद्योग को कानून और उसके परिणामों की जानकारी देना था। बैठक में बताया गया कि सरकार प्रोग्रेसिव कानून के पक्ष में है, लेकिन उसे ऐसे मुद्दों पर जनभावनाओं के साथ ही स्टेकहोल्डर्स का हित भी ध्यान में रखना है।

### ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम जल्द अधिसूचित होगा: सचिव

सरकार ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को बहुत जल्द अधिसूचित करेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने सेमीकंडक्टर पर आईसीईए के आयोजित कार्यक्रम से इतर कहा कि यह बहुत जल्द लागू हो जाएगा और हम इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इस अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद यह अधिनियम लागू हो जाएगा। बता दें, संसद द्वारा 21 अगस्त को पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स तथा अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देते हुए सभी प्रकार के ऑनलाइन 'रियल मनी' गेम पर प्रतिबंध लगाता है।

**पाक में जारी बारिश का कहर**

# बाढ़ से 24 घंटे में 15 लोगों की मौत अब तक 854 मारे गए, लाखों पीड़ित

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से लाखों लोगों के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में 15 लोगों की जान चली गई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। पंजाब में 10 लोग और खैबर पख्तूनख्वा में 5 लोग मारे गए। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएम) ने बताया कि 26 जून से 31 अगस्त तक बाढ़ और बारिश से 854 लोगों की मौत हो चुकी है और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि पंजाब में 20 लाख से ज्यादा लोग इस भयानक बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकार ने 7.6 लाख लोगों और 5 लाख पशुओं को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया है। पंजाब की डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट ने बताया कि लाहौर, हाफिजाबाद और मुल्तान में कई जगहों पर रविवार सुबह तक 24 घंटों में 60 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने पंजाब में इतनी बड़ी बाढ़ पहले कभी नहीं देखी गई।



## बगैर अनुमति के घोड़ों के परिवहन का आरोप

# 19 घोड़ों की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज

**हरिभूमि जबलपुर।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र की डॉक्टर हेमलता जैन की लिखित शिकायत के बाद रेपुरा गांव में हैदराबाद रेस क्लब से लाए गए घोड़ों की मौत का मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। लगातार मौतों और बढ़ते सवालों के बीच आखिरकार प्रशासन ने पनागर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में साफ लिखा है कि घोड़ों का परिवहन बिना अनुमति और दस्तावेज़ के हुआ था और इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में रैपुरा स्थित ठाकुर फार्म हाउस के सचिन तिवारी हेथानेट इंडिया प्रायवेट लिमिटेड हैदराबाद तेलंगाना के संचालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है. गौरतलब है की घोड़ों की रहस्यमयी मौत का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

गौरतलब है की 29 अप्रैल से 3 मई 2025 के बीच 57 घोड़ों को सड़क मार्ग से जबलपुर लाया गया। कुछ ही दिनों में घोड़ों में बीमारी और संक्रमण फैलने लगा। प्रशासन की निगरानी में इलाज चलता रहा, लेकिन अब तक 19 घोड़ों की मौत हो चुकी है। आरोप है की प्रशासन ने पहले केवल 8 मौतों को स्वीकार किया था और मौत के असली कारण सामने लाने के बजाय घोड़ों को बिना पोस्टमार्टम के दफना दिया गया।




### जांच के बाद तय होगी जिम्मेदारी

पनागर थाने में दर्ज एफआईआर ने यह तो साफ कर दिया है कि घोड़ों का परिवहन नियमविरुद्ध था. अब कई सवाल के जवाब आना बाकी जैसे बिना दस्तावेज़ के घोड़ों को जिले में प्रवेश कैसे मिला? शुरुआती मौतों के बाद तुरंत जांच और पोस्टमार्टम क्यों नहीं हुआ? प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?

### ब्रीडिंग का कारोबार और मुनाफे का लालच

मामले में जबलपुर निवासी सचिन तिवारी का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है की उसने स्वीकार किया कि वह घोड़ों को हैदराबाद रेस कोर्स से खरीदकर ब्रीडिंग और बिक्री के लिए लाया था। माना जा रहा है कि करोड़ों के मुनाफे की खातिर घोड़ों को अवैध तरीके से जबलपुर लाया गया।

गोहलपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, निगरानी बदमाश समेत 5 गिरफ्तार, कबाड़ी भी शामिल

## 10 लाख के चोरी के वाहन और पुर्जे बरामद

**हरिभूमि, जबलपुर।**



थाना गोहलपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी टीआई रीतेश पांडे के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में दो निगरानी बदमाश समेत चार शातिर चोर और चोरी के वाहन काटकर बेचने वाला कबाड़ी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से ई-रिक्शा, 5 दुपहिया वाहन, बैटरियां, स्टेपनी और 15 से अधिक कटे पुर्ज़े सहित करीब 10 लाख रुपये का माल बरामद किया है। दरअसल, हाल ही में अधारताल निवासी महिला की एक्टिवा चोरी की शिकायत के बाद गोहलपुर पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। तभी सूचना मिली कि निगरानी बदमाश नावेद अंसारी चोरी की बाइक बेचने की फिराक में आनंद नगर बस स्टॉप पर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ में नावेद ने राज उगल दिए। उसने बताया कि वह अपने साथियों शहजाद उर्फ चिरैया, इजहार टुन्ना और फैजान अंसारी के साथ मिलकर पिछले 6 महीने में दर्जनों वाहन चोरी कर चुका है। नावेद ने यह भी खुलासा किया कि चोरी के 16 वाहन उसने कबाड़ी अहतेशाम अख्तर को औने-पौने दाम पर बेचे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर छानबीन की और चुराए हुए वाहन व पुर्ज़े बरामद कर लिए। टीआई पांडे ने बताया कि यह गैंग लंबे समय से शहर में सक्रिय था, लेकिन अब पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद चोरी की कई वारदातों का राज़ खुल गया है। शेष वाहनों की तलाश जारी है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बोले– यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

## जबलपुर फ्लाईओवर पर स्वच्छता और सुरक्षा की शपथ

**हरिभूमि जबलपुर।**

हाल ही में जबलपुर को मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर और देश का सबसे बड़ा केबल स्टे ब्रिज मिला है। इसको लेकर रविवार को वीरांगना रानी दुर्गावती फ्लाईओवर पर सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह फ्लाईओवर केवल यातायात का साधन नहीं बल्कि शहर की आकांक्षाओं और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता, सुंदरता और सुरक्षा बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है।

मंत्री राकेश सिंह ने सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि फ्लाईओवर पर पान मसाले से गंदगी फैलाना, खतरनाक स्टंट, बैठक, पार्टी या रील्स बनाना संस्कारधानी की छवि को धूमिल कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि फ्लाईओवर को मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि आवागमन का साधन समझें और इसकी गरिमा बनाए रखें।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व मंत्री शरद जैन, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी सम्पत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक और संगठन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे फ्लाईओवर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने, यातायात नियमों का पालन करने तथा किसी भी अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि को रोकने में सहयोग करेंगे।



इस दौरान समाजसेवी सांवलदास खत्री, सिख संगत प्रधान सरदार मंजीत सिंह, इंद्रमोहन भाटिया, सुधीर भागचंदानी, तारु खत्री, एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, डॉ जितेंद्र जामदार, डॉ राजेश धीरवानी, आईएमए अध्यक्ष डॉ ऋचा शर्मा, डॉ राजीव बडेरिया, डॉ अभिजीत मुखर्जी, डॉ शिशिर चंदपुरिया, महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रवि गुप्ता, अखिल मिश्रा, रोटीरियन सारंग भिड़े, दीपक सेठी, भी मौजूद रहे।



## गरीब नवाज कमेटी ने लकवा पीड़ित को विक्टोरिया में कराया भर्ती

**जबलपुर।** शिव मंदिर गौर बरेला में क्षेत्र के युवाओं ने गणेश प्रतिमा की स्थापना की है, यहां दर्शनार्थियों का आना-जाना निरंतर बना हुआ है। गणेशोत्सव समिति के युवाओं ने 108 को सूचना दी कि मंदिर के समीप विगत एक-डेढ़ साल से सुनील गोस्वामी नामक 45 वर्षीय प्रौढ़ लकवा बीमारी से पीड़ित है और मंदिर परिसर में मल-मूत्र में पड़ा हुआ है, जिससे मंदिर में आने वाले भक्त बदबू से विचलित हो जाते हैं। युवाओं की शिकायत पर 108 ने गरीब नवाज कमेटी की जानकारी दी, जिस पर युवाओं ने कमेटी सदस्यों से संपर्क किया। सूचना पर पहुंचे कमेटी सदस्यों ने पीड़ित सुनील गोस्वामी को विक्टोरिया अस्पताल के गैंगरीन वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी किया गया। इस कार्य में गरीब नवाज कमेटी के इम्तियाज अली, आमिर खान, मो. वसीम, मो. आफताब, बच्चू नानकानी, दीपक निगम, रियाज अली, युसुफ मालगुजार, अफरोज मंसूरी आदि ने सहयोग दिया।

### विद्युत तैराकी प्रतियोगिता दस सदस्यीय तैराकी टीम घोषित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 47 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 सितंबर तक ज्योति क्लब तरणताल रामपुर में किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली केन्द्रीय कार्यालय की दस सदस्यीय टीम घोषति कर दी गई है। टीम में एसजी हिरेमठ, मनोज तिवारी, रवीन्द्र अवस्थी, महेन्द्र कुमार रघुवंशी, बिन्दु झा, जितेन्द्र सिंह कुमरे, अशोक चौहान, महेश यादव, प्रतीक पंथ व राजेश सिंह। टीम के अतिरिक्त खलिाड़ी होंगे शुभम भलावी व उमाकांत मालवीय। टीम के मैनेजर रवीन्द्र अवस्थी होंगे। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता व सचिव क्रीड़ा महेश चन्द्र बालोधी ने प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अपनी शुभकामना दी है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महाकोशल औद्योगिक संघ व प्रदूषण नियंत्रण मंडल की कार्यशाला

## पर्यावरण कानून के प्रावधानों और प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर जगाई अलख

**हरिभूमि जबलपुर।**

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में महाकोशल औद्योगिक संघ, रिछाई में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण कानून के प्रविधानों और प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करना था।

कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड जबलपुर के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर क्षेत्रीय कंट्रोल बोर्ड के रीजनल आफिसर केपी सोनी ने प्रदूषण से होने वाली हानियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विस्तार से बताया कि प्रदूषण कैसे हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और इसके क्या परिणाम हो सकते हैं।उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे और इसके लिए हमें अपने दैनिक जीवन में कुछ बदलाव करने होंगे। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरुक करें।



इस अवसर पर शक्ति वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे हम सभी मिलकर प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण को बचाने में योगदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा करें और इसके लिए हमें अपने दैनिक जीवन में कुछ बदलाव करने होंगे। डीआर जेसवानी, अध्यक्ष महाकोशल उद्योग संघ ने क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड जबलपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल उद्योग जगत के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर श्री जेसवानी ने कहा कि महाकौशल उद्योग संघ हमेशा पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी हम इस दिशा में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने सभी का एक बार फिर आभार व्यक्त किया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाकाशल उद्योग संघ से अशोक परियानी उपाध्यक्ष, राजीव शाह सहसचिव, विकास साहनी, विकास मित्तल, एनके श्रीवास्तव, कपिल खत्री, उद्योगपति, कामगार, क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर से आरके जैन व कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## 178 वारंट तामील, 38 शराब कारोबारी समेत 9 चाकूबाज गिरफ्तार

### जबलपुर में पुलिस का बड़ा अभियानः फरार वारंटियों पर शिकंजा, शराब हथियार माफिया पर करारी चोट



**ह रि भू मि , जबलपुर।** शहर और देहात में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध पर नकेल कसने के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर रविवार रात 9 बजे से सोमवार तड़के 1 बजे तक पुलिस ने जबरदस्त कांबिंग गश्त चलाई। इस कार्रवाई ने गुंडे-बदमाशों से लेकर फरार वारंटियों तक को हिला कर रख दिया। एएसपी जितेन्द्र सिंह, पल्लवी शुक्ला, सूर्यकांत शर्मा और अंजना तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों टीमों ने जिलेभर में छापेमारी की। थाना प्रभारियों और एसडीओपी की मौजूदगी में चली इस गश्त में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की।

### फरार वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा

कांबिंग गश्त के दौरान कई सालों से पुलिस से बच रहे अपराधी आखिरकार पकड़ में आ गए। पुलिस ने 70 गैर-म्यादी, 79 गिरफ्तारी और 29 जमानती वारंटियों को तामील किया। ये सभी आरोपी लंबे समय से फरार थे और पुलिस की पकड़ से बाहर थे। अब इन्हें अदालत के सामने पेश किया जा रहा है।

### शराब और हथियार माफिया बेनकाब

गश्त के दौरान अवैध शराब कारोबारियों पर भी तगड़ी कार्रवाई हुई। पुलिस ने 38 आरोपियों को गिरफ्तार कर 51 लीटर कच्ची शराब और 81 पाव देशी/विदेशी शराब बरामद की। इसी दौरान 9 आरोपी चाकू लेकर घूमते हुए पकड़े गए और उनके पास से धारदार हथियार जब्त हुए।

### संदिग्धों की धरपकड़ और सुरक्षा जांच

पुलिस टीमों ने रातभर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखाना इलाके में सघन चेकिंग की। देर रात घूमने वाले संदिग्धों से पूछताछ की गई और वाहनों की जांच भी की गई।

## माडल स्कूल को इंट्रेएक्टिव पैनल किये प्रदान

## कर्तव्य बोध के साथ आगे बढ़ना चाहिए : सांसद दुबे

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लगातार डिजिटल इण्डिया अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी मे सांसद आशीष दुबे के द्वारा स्मार्ट स्कूल शास मॉडल स्कूल जबलपुर मे तीन लाख रूपये से 2 इंट्रेएक्टिव पेनल प्रदान किए गये। मॉडल स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम मे सांसद श्री दुबे ने दो स्मार्ट कक्ष का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की. पूजन से हुई, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी जी के द्वारा सांसद महोदय का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद आशीष दुबे के द्वारा कहा गया कि हम सभी को अपने कर्तव्य बोध के साथ आगे बढ़ना है न कि अधिकार बोध से आगे बढे। सांसद महोदय श्री दुबे ने कहा कि इस विद्यालय के सभी 22 कक्षाओं मे स्मार्ट कक्ष बनाने हेतु मैं एवं मॉडलियन सतत प्रयास मे लगे है। मॉडल स्कूल की फुटबॉल टीम को राज्य स्तर पर जाने हेतु शुभकामनाए दी।

कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट क्लास मे रदरफोर्ड मॉडल का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम मे आभार प्रदर्शन प्राचार्य उपमा गुप्ता तथा कुशल मंच संचालन केके चौबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मॉडल स्कूल के पूर्व प्राचार्य मुकेश तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, कीरत कौरव सहित विभिन्न वर्षो के मॉडलियन, शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

## सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को छठवें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार लाभ दें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश शासन को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को छठवें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य वित्तीय लाभ का निर्धारण कर उसका भुगतान करें। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि इस मामले में सरकार की लंबित अपील पर कोई स्थगन मिलता है या अपील स्वीकार होती है तो याचिकाकर्ता उससे प्रभाविता होंगे। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. सुशांत सिन्हा, रीवा की डा. दीपा खरे, भोपाल निवासी डा. अनुराधा मिश्रा सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि इन प्राध्यापकों की नियुक्ति वर्ष 2000 से पहले की है। नियमानुसार इनकी पेंशन छठवें वेतन आयोग के हिसाब से निर्धारित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में ग्वालियर बेंच ने महेश बाबू वाले प्रकरण में विस्तृत आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में सरकार को निर्देश दिए हैं कि छठे वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार याचिकाकर्ताओं की पेंशन जारी करें और पेंशन के बकाया की गणना करें और उसी अनुसार उन्हें भुगतान करें। यह कार्रवाई तीन माह के भीतर करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं हाई कोर्ट ने इस मामले में मप्र अशासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की याचिका को अपोषणीय बताते हुए उसे अस्वीकार कर दी।

### धान फर्जीवाड़ा के आरोपी समिति प्रबंधक को अग्रिम जमानत नहीं

**जबलपुर।** बहुचर्चित धान फर्जीवाड़ा में आरोपी बनाए गए समिति प्रबंधक भैयाजी सिंह ठाकुर को हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ कुंडम पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। अधीनस्थ अदालत से जमानत निरस्त होने पर भैयाजी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया। हाईकोर्ट ने आवेदन निरस्त करते हुए कहा कि साक्ष्यों व जांच रिपोर्ट के अनुसार याचिकाकर्ता की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता।

4 अगस्त को घर से निकले थे, जांच शुरु

## लापता जीसीएफ कर्मी का कंकाल मिला

**जबलपुर।** जीसीएफ (गन कैरिज फैक्ट्री) के कर्मचारी का शव कंकाल के रुप में पनागर थाना अतंर्गत चकहा नाला के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। मृतक 4 अगस्त से लापता था। उसकी गुमशुदगी की रिर्पोट पनागर थाने में दर्ज की गई। करीब 26 दिन बाद उसका कंकाल मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में कंकाल देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से बरामद पैसे और आईडी कार्ड के आधार पर उसकी पहचान बिहारी लाल (जीसीएफ कर्मचारी) के रूप में की। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि बिहारी लाल के लापता होने के पीछे हत्या की साजिश हो सकती है। पनागर पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा होगा। फिलहाल सभी एंगल से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों और संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।



## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्र की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी विभागों के लंबित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के साथ अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विशेष रूप से 50 दिन से ऊपर की लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में ध्यान केंद्रित करें। साथ ही कहा गया कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण समय पर करें।पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन सुनिश्चित हो इसके लिए उन्होंने कहा कि अन्नदूत योजना अंतर्गत सभी वाहन चालकों की बैठक 4 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनाई गई थी सड़क

# गारंटी पीरियड में ही पिंडरई से हिनोतिया मार्ग ने तोड़ा दम

**ठेकेदार द्वारा मेंटनेंस ना करने के कारण सड़क अंतिम सांसे ले रही**

हरिभूमि बरेला।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत गौर से बरगी बांध रोड में गौर तिराहा से होते हुए पिंडरई से हिनोतिया मार्ग एक दशक पूर्व करोड़ों की लागत से लगभग तीन किलोमीटर लंबा मार्ग बनाया गया है। पांच साल पूर्व लगभग 26 लाख की लागत से इस रोड का नवीनीकरण किया गया है।वर्तमान में यह रोड गारंटी पीरियड में होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा मेंटनेंस ना करने के कारण सड़क अंतिम सांसे ले रही है ।



### रोड में हो गए बड़े-बड़े गड्ढे

गौर तिराहा से हिनोतिया की ओर आगे बढ़ने पर रोड में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं ।इन गड्ढों की वजह से तो दुपहिया वाहन चालकों को रोड पर निकलना मुश्किल हो रहा है तथा वह अपनी जान हथेली पर रखकर इस रोड से आ जा रहे हैं।

### रोड में झांक रही हैं गिट्टीयां

ठेकेदार द्वारा पिंडरई से हिनोतिया तक रोड में सील कोट ना किए जाने के कारण रोड में बड़ी-बड़ी नुकील गिट्टीया स्पष्ट झांक रही हैं रोड में डामलका नामोनिशान तक नहीं है,अपितु रोड में जगह-जगह दरारें आ गई हैं।

### सोल्डर पट्टी गायब

तीन किलोमीटर लंबे मार्ग में दोनों और नियमानुसार हार्ड मोरम की सोल्डर पट्टी बनाना आवश्यक है ताकि रोड में ना भरे और रोड की सुरक्षा बनी रहे किंतु ठेकेदार द्वारा सोलडर पट्टी नहीं बनाई गई है।

### मेंटेनेंस दर्शाने के लिए लगे हैं केवल बोर्ड

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मेंमेंटनेंस के दौरान घास एवं झाड़ियों को काटना ,रेन कटर बनाना, सोल्डर का संधारण ,क्रेकहोल एवं क्रेक भरना, सड़क किनारे नाले को संधारण, पुलियों की रंगाई -पुताई साल भर में एक या दो बार करना नितांत आवश्यक है किंतु यह सब केवल दर्शने वाले बोर्ड लगाकर विभाग अपनी इतिश्री कर रहा है जबकि हकीकत में वास्तविकता से कोसों दूर है स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से रोड मे मेंट नेंस कीकेवल खानापूर्ति की जा रही है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के उच्च अधिकारियों से जमुनिया तिराहा से पड़वारमार्ग का औचक निरीक्षण करने की मांग की है।

**इनका कहना है**

ठेकेदार को रोड की मरम्मत के लिए लेटर जारी किया गया है एक सप्ताह के अंदर कार्य न होने पर एससीएन जारी किया जाएगा।

श्रद्धा भार्गव शुक्ला,
जीएम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जबलपुर

मझौली तहसील में बढ़ रही चोरी की वारदातों पर जताई चिंता

# जैन समुदाय ने थाना प्रभारी मझौली को सौंपा ज्ञापन

**मझौली।** रविवार देर रात मझौली तहसील में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। जानकारी के अनुसार, रात्रि 2 बजे के बाद एक चोर गिरोह ने विष्णु वाराह मंदिर में चोरी का प्रयास किया, लेकिन मंदिर के चौकीदार की सतर्कता के चलते चोर मौके से भाग निकले।

इसके बाद गिरोह ने दिगंबर जैन मंदिर को निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और दानपेटी सहित अन्य सामान की चोरी की। मंदिर में रखे मूर्तियों से भी छेड़छाड़ की गई। चोरी गए सामान का अनुमानित मूल्य लगभग 5 लाख रुपये आंका गया है।

घटना के दौरान मंदिर के पास रहने वाले कुछ लोगों की नींद खुल गई, जिन्होंने चोरों को देख लिया और तुरंत जैन समाज को सूचित किया। जैन समुदाय के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चोरों की घेराबंदी की और पांच आरोपियों को पकड़कर थाना मझौली पुलिस को सौंप दिया।




पुलिस द्वारा पूरे दिन पूछताछ की गई, जिसमें से दो आरोपियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस मंगलवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी।

जैन समुदाय ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इन शातिर चोरों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मझौली क्षेत्र में जुआ, सट्टा और अवैध शराब जैसे अपराधों के चलते चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। नगरवासियों ने रात में नियमित पुलिस गश्त की भी मांग की है, जिससे इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। पिछले एक वर्ष में मझौली क्षेत्र में विष्णु वाराह मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि आश्रम सहित कई धार्मिक स्थलों पर चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिससे आमजन में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।





## प्रशांत खरे बने राष्ट्रीय काउंसिल मेम्बर, विनोद जोशी राष्ट्रीय केन्द्रीय समिति सदस्य निर्वाचित

**जबलपुर।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन (AISBIST) की काउंसिल मीटिंग तथा नेशनल कनफेडरेशन ऑफ बैंक एम्पलाइज (NCBE) के केन्द्रीय समिति की मीटिंग 23 एवं 24 अगस्त को पांडिचेरी में संपन्न हुई। फेडरेशन काउंसिल मीटिंग में स्टेट बैंक के देश भर के सभी सर्कल्स से प्रतिनिधि उपस्थित रहे, वहीं एनसीबीई केन्द्रीय समिति की मीटिंग में स्टेट बैंक के सभी सर्कल्स से प्रतिनिधियों के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दी। मीटिंग में भोपाल सर्कल्स के महासचिव कॉ. प्रवीण को राष्ट्रीय उपमहासचिव एवं अध्यक्ष कॉ. पंकज ठाकुर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसी क्रम में कॉ. प्रशांत खरे उप महासचिव जबलपुर अंचल तथा कॉ. विनोद जोशी उपाध्यक्ष जबलपुर अंचल को घोषित किया गया। भोपाल सर्कल्स के सभी साथियों का संघ एवं पदाधिकारियों पर विश्वास, निष्ठा, समर्पण के कारण ही संभव हुआ।

## बाल युवा मंच के सदस्यों ने दी भजनों की प्रस्तुति



**जबलपुर।** नर्मदा रोड स्थित कृष्णा हाइट हाउसिंग सोसाइटी बाल युवा मंच के सदस्यों ने विजयकांत विज्ञ के सहयोग एवं प्रेरणा से भगवान श्री गणेश की सुन्दर झांकी के समक्ष सुन्दर तरीके से भजनों की प्रस्तुति दी एवं पूजा अर्चना कर जबलपुरवासियों की सुख एवं शांति की कामना की। आयोजन में मान्या दरक, तनय दरक, प्रभर दुबे, अर्थ गुप्ता, सानिध्य जेठा, नव्या दुबे, रेयांश सुराणा आदि बच्चों ने अपनी सहभागिता दी। पूजा माहेश्वरी, दिया माहेश्वरी एवं दीप्ति दरक ने भी सहभागिता दी।

कुछ दिन पूर्व एकलव्य आवासीय विद्यालय में दूषित भोजन के कारण 20 बच्चे बीमार हो गये थे

## मप्र आदिवासी कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को बताई एकलव्य विद्यालय की लापरवाही

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामू टेकाम के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग अध्यक्ष धीरेन्द्र संजू ठाकुर द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। बताया गया कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आदिवासी कन्या एवं बालक छात्रावासों में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। कुछ दिन पूर्व मंडला जिले के निवास तहसील के एकलव्य आवासीय विद्यालय में दूषित भोजन के कारण 20 बच्चे बीमार हो गए, वहीं आदिवासी छात्रा शिल्पी मरावी की प्रबंधन की लापरवाही से इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई, इसी तरह जबलपुर के शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास हरदुली कुंडम में छात्र राजाराम धुर्वे कक्षा 9वीं निवासी बिलटुकरी तहसील कुंडम जिला जबलपुर की दूषित भोजन से मृत्यु हो गई। अतः विद्यालय प्रबंधन पर न्यायोचित कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देते समय धीरेन्द्र संजू ठाकुर, नीलेश बरकड़े, कौशल्या गोंटिया, जमुना मरावी, रुक्मणी गोंटिया, सोमवारू कोल, मोहन उइके, जतेन्द्र गोंटिया, सोनू गोंटिया, शंकर ठाकुर, गयाप्रसाद ठाकुर, मोती गोंटिया, शिवम कोल, कपिल मार्को, धरम सिंह मरावी सहित अन्य उपस्थित रहे।






## सेवानिवृत्त होने पर संकुल प्राचार्य को दी भावभीनी विदाई

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव दिनेश गोंड ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़वार की प्राचार्या नम्रता तिवारी 40 वर्षो की सेवा उपरांत सेवा निवृत्त हुई। गरिमामयी समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी के आतिथ्य में एवं आशीष पंड्या जनशिक्षा केंद्र प्रभारी बरेला और बीआरसी केशव दुबे एवं विद्यालय ब संकुल के समस्त शिक्षक व विद्यार्थी की उपस्थिति में संकुल प्राचार्य को पुष्पगुच्छ भेंटकर सेवानिवृत्त होने भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया राधारानी का जन्मोत्सव

## गढ़ाफाटक में राधाष्टमी पर हुआ भव्य हरिनाम संकीर्तन

**जबलपुर।** भाद्रपद राधा अष्टमी प्रति वर्षानुसार श्री चैतन्य संकीर्तन मंडल जबलपुर के तत्त्वाधान में आरती-अतुल अग्रवाल के गढ़ाफाटक स्थित आवास पर भक्तजनों की धर्ममयी उपस्थिति में राधा रानी के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। इस पावन शुभ अवसर पर रसिक भक्तजनों द्वारा भव्य राधा कृष्ण नाम संकीर्तन में राधे राधे,राधे किशोरी दया करो,राधे राधे जपा करो आयेंगे बिहारी की सुमधुर गूंज एवं ढोलक की थाप पर नाचते गाते झुमते हुए सभी भक्तजन राधा नाम के प्रेम रस में डूब गए,पश्चात भोग, महाआरती कर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे,देवेंद्र नेमा,नंदनी-माधव अग्रवाल, रिचा-केशव अग्रवाल, पं.देवेंद्र त्रिपाठी, सत्यप्रकाश नामदेव, के एलदीक्षित, प्रभाकर चतुर्वेदी, सुरेन्द्र गिरी, पं.प्रदीप दुबे, रज्जू सोनी, मोनी विश्वकर्मा, अवधेश खरे, पप्पू चौबे, सत्यनारायण दुबे, सुनील नामदेव, विशाल पंड्या, शिवा नामदेव, अनिल सुहाने, रंजीत राय आदि उपस्थित रहे।



## सेवानिवृत्ति समारोह में सविता नाग सम्मानित




**जबलपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला ठक्करग्राम में शिक्षिका श्रीमती सविता नाग की 39 वर्षों की सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति राव (प्राचार्य, हाई स्कूल बेलबाग) रहीं, जिन्होंने नाग मैडम को आदर्श शिक्षिका बताया। श्रीमती नाग ने अपने अनुभव साझा किए और पूर्व विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जताई। तस्लीम व खुशनुमा गुल्फिसा ने शिक्षिका को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापिका उषा तिवारी ने नाग मैडम के योगदान की सराहना की। आयोजन में शहीर मुमताज़, शिवानी सिंह, अंजना वर्मा, मनीषा पटेरिया आदि शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। वहीद अहमद व शिवानी सिंह ने गीत प्रस्तुत कर माहौल भावुक बना दिया। प्राथमिक उर्दू शाला की शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

## खालसा कॉलेज में दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रारंभ

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, जबलपुर में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR) एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. राजेश कुमार वर्मा (कुलगुरु, रा.दु.वि.वि, जबलपुर), विशिष्ट अतिथि प्रो. एस.एस. संधू, हिमांशु खरे तथा मुख्य वक्ता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत रहे। अध्यक्षता सरदार एम.एस. चावला (अध्यक्ष, खालसा एजुकेशन सोसाइटी) एवं प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक ने की। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने शिक्षा में नवाचार, उद्यमिता, आत्मनिर्भरता एवं स्टार्टअप संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. राजपूत ने नवाचार और उद्यमिता को सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक विकास से जोड़कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रथम दिवस में शोधार्थियों एवं शिक्षाविदों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोधपत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पुस्तक 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' एवं संगोष्ठी की E-स्मारिका का विमोचन भी हुआ। मंच संचालन डॉ. हर्षिता शुक्ला एवं राजबीर कौर ने किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### बसपा की जिला स्तरीय बैठक में पदाधिकारी नियुक्त

**जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी के केन्द्रीय को-आर्डिनेटर बालकिशन की अनुशंसा पर प्रकाश गौतेल अम्बेडकर को नगर अध्यक्ष, एड. दिनेश कुशवाहा को जिला महासचिव, ईश्वरी बौद्ध पश्चिम विधानसभा प्रभारी, करण सतनामी, देवकरण रिंकी उपाध्यक्ष, रामगोपाल पटेल महासचिव, जोन प्रभारी रामजी सतनामी, जिला अध्यक्ष एड. लखन अहिरवार जिला प्रभारी राकेश चौधरी, मानकलाल गोंटिया नियुक्त किए गए।




**सुश्री मोनिका डिड्डी-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री जेपी डिड्डी की पुत्री सुश्री मोनिका डिड्डी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष शर्मा-** सदर केंट निवासी श्री सुभाष शर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तारा बाई गोंटिया-** राजू कॉलोनी पोलीटेक्निक कालेज के पास मंडला निवासी श्री लखन लाल गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई गोंटिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ चौधरी-** बाबा टोला पुरानी बस्ती निवासी श्री सूरज दीन चौधरी के पुत्र श्री दशरथ चौधरी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुधा सान्याल-** समाधि रोड गौर स्थित स्मार्ट टाउन निवासी श्री अनंत सान्याल की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा सान्याल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकास ग्रानिया-** लालमाटी बड़ी संतोषी माता छोटी खेरमाई निवासी श्री रमेश ग्रानिया के पुत्र श्री विकास ग्रानिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शोभाराम विश्वे-** नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री शोभाराम विश्वे (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज सोनकर-** खटीक मोहल्ला घमापुर चौक निवासी श्री बबलू सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अंजनी प्रसाद पटेल-** गंगामैया व्हीकल निवासी श्री अंजनी प्रसाद पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोती लाल शर्मा-** छोटी ओमती निवासी श्री मोती लाल शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला परांजपे-** नेपियर टाउन निवासी श्री मोरेश्वर परांजपे की धर्मपत्नी श्रीमती शीला परांजपे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा अतरबेल-** झामनदास चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजू अतरबेल के पुत्र श्री राजा अतरबेल (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मीना शाह-** सिद्धि विनायक कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री इंद्रासन शाह की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मीना शाह (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री देवी मरकाम-** शीतलामाई मंदिर के पीछे निवासी श्री रोशन सिंह मरकाम की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी मरकाम (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विपत लाल बेन-** सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पास निवासी श्री विपत लाल बेन (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चंद जैन-** गली नं. 6, सदर निवासी श्री सुरेश चंद जैन (75) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x5 से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

### कलचुरी महासभा करेगी सम्मान

**जबलपुर।** कलचुरी महासभा की बैठक का आयोजन मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षक दिवस के अवसर पर 7 सितंबर को किये जाने वाले सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। महासभा के महामंत्री बी डी राय के द्वारा जानकारी दी गई कि सम्मान समारोह में समाज के शिक्षकों के सम्मान के साथ साथ 75 वर्ष के ऊपर के वरिष्ठ जनों,सेवानिवृत्त हुए स्वजातीय बंधुओं, एवम मेधावी छात्रों का सम्मान इस अवसर पर किया जायेगा।

न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार महोदय पनागर जिला जबलपुर
आम इश्तहार रा. प्र. क
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शालिगराम पाठक पिता श्री. स्व. मूलचंद पाठक,निवासी ग्राम कुशनेर पनागर ने ग्राम रैपुरा प. ह. न. 22 रा. नि. म. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 69/1 रकवा 1120 वर्गफुट हेक. भूमि का फौती / वसीयत / विक्रय पत्र / परिवारिक व्यावस्था पत्र / आपसी बटवारा के आधार पर नामान्तरण बटवारा / अभिलेख / दुरुस्त / रकवा सुधार / नक्शा बटाक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बटवारा / अभिलेख दुरुस्ती / रकवा सुधार / नक्शा बटांक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपरितथ होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है । समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।
इश्तहार आज दिनाक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सुनवाई दिनाकं 15/09/2025
तहसीलदार / नायब तहसीलदार
पनागर

मार्कशीट गुमी
मैं यश तिवारी उम्र 26 वर्ष पिता श्री अतुल तिवारी निवासी 1278 जय प्रकाश नगर, अधारताल, जबलपुर म.प्र. आधार नं. 7223 99229629 में शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मेरे द्वारा सत्र 2016-17 में माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल म.प्र. से 12 वी उत्तीर्ण की थी व अंकसूची प्राप्त की थी ततपश्चात मेरे द्वारा वर्ष 2017-18 से 2019-20 में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट सतना म.प्र. से बी.एस.सी. पूर्ण किया था व बी.एस.सी. की अंकसूचियां प्राप्त की थी। मेरी बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय व अंतिम वर्ष की मूल अंकसूची दिनांक 01.08.2025 को शाम 4:00 बजे अधारताल तिराहा से महाराजपुर कमानिया गेट के बीच कही गिर गई है जो कि काफी खोजने पर भी नही मिली है मेरे द्वारा उपरोक्त दस्तावेजो का किसी प्रकार से कोई दुरुपयोग नही किया गया है। मुझे आगे की पढ़ाई के लिये उपरोक्त अंकसूचियों की आवश्यकता है अतः आपसे निवेदन है मेरी रिपोर्ट दर्ज की जावे जिससे की दूसरी अंकसूचियो प्राप्त कर सकू। इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ग्रामीण, जबलपुर
राजस्व प्रकरण क्रमांक / अ-19 (3)/ 2025-26
जबलपुर, दिनांक 06/08/2025
// आम इश्तहार //
आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरिया/ करमेता स्थित भूमि खसरा नंबर 371 रकवा 0.59 हेक्ट. भूमि निजी भूमि से अदला बदली हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही निजी भूमि धारक प्रकाश नागपाल द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है कि ग्राम औरिया तहसील अधारताल स्थित भूमि खसरा नंबर 371 रकबा 0.59 हेक्ट. के बदले वह ग्राम कोसमघाट तहसील जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 216 रकवा 1.68 हेक्ट. शासकीय भूमि की मांग की गई है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर लिखित दावा /आपत्ति नियत दिनांक 11.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। पेशी दिनांक के पश्चात् कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जारी दिनांक 06/08/2025
पेशी दिनांक 11/ 09/2025
मुहर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर

# जीएसटी कटौती की आस में अगस्त में वाहनों की बिक्री घटी

**खबर संक्षेप**

### मारुति ने ई-विटारा का निर्यात किया शुरू



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने अपने इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा का निर्यात शुरू कर दिया है और पिछले महीने 2,900 से ज्यादा इकाइयां विदेश भेजी गईं। ये इकाइयां गुजरात के पीपावाव पोर्ट से 12 यूरोपीय देशों - ब्रिटेन, जर्मनी, नॉर्वे, फ्रांस, डेनमार्क,

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- मारुति के यात्री वाहन बिक्री में आठ फीसदी की गिरावट दर्ज

प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा और टाटा मोटर्स की थोक बिक्री में अगस्त के दौरान मांग घटने की वजह से गिरावट देखी गई। कई संभावित खरीदारों के जीएसटी कर दरों में संशोधन का इंतजार करने और अपनी खरीदारी को टाल देने से वाहन बिक्री में यह गिरावट आई है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसई) के यात्री वाहनों की पिछले महीने घरेलू बाजार में थोक बिक्री आठ प्रतिशत गिरकर 1,31,278 इकाई रही जबकि एक साल पहले इसी महीने में 1,43,075 वाहनों की बिक्री हुई थी। मारुति की छोटी कारों की बिक्री साल भर पहले के 10,648 वाहनों से घटकर 6,853 वाहन रह गई।

## ग्राहक जीएसटी कर दरों में संशोधन का इंतजार कर रहे

### हुंडई की बिक्री में 11 फीसदी का फाल

हुंडई मोटर इंडिया की घरेलू बिक्री पिछले महीने 11 प्रतिशत घटकर 44,001 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 49,525 इकाई थी। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा, /"हमारा लक्ष्य भारत को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक रणनीतिक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना और दक्षिण कोरिया के बाहर हुंडई का सबसे बड़ा निर्यात केंद्र बनाना है।/"



*बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री 12 फीसदी घटी :* दोपहिया वाहन खंड में बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री अगस्त में 12 प्रतिशत घटकर 1,84,109 इकाई रह गई जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,08,621 इकाई थी। टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा कि इस साल अगस्त में उसकी घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री साल-दर-साल 28 प्रतिशत बढ़कर 3,68,862 इकाई हो गई।

*टाटा मोटर्स में भी सात फीसदी गिरावट दर्ज :* टाटा मोटर्स ने भी पिछले महीने डीलरों को भेजे जाने वाले यात्री वाहनों में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। कंपनी ने पिछले महीने 41,001 वाहन बेचे जबकि अगस्त 2024 में यह आंकड़ा 44,142 वाहन था। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 29,302 इकाई हो गई जबकि अगस्त 2024 में उसने घरेलू बाजार में 28,589 इकाइयां बेची थीं।

### कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री बढ़ी

इसकी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री एक साल पहले के 58,051 वाहनों से बढ़कर 59,597 वाहन हो गई। मारुति के यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 14 प्रतिशत घटकर 54,043 इकाई रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 62,684 इकाई थी।

*महिंद्रा की वाहन बिक्री नौ फीसदी कम रही : महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में उसके यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 39,399 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 43,277 इकाई से नौ प्रतिशत कम है। डीलरों के पास मौजूद स्टॉक को कम करने के लिए थोक सौदे कम करने का फैसला किया है।/"*

## भारत ने तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया

# भारत ने नियमों का पालन किया रूसी तेल से लाभ नहीं उठाया: पुरी

- ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर व कीमते काबू करने में मदद की
- पुरी ने अमेरीकी सलाहकार नवारो की टिप्पणी को किया खारिज
- नवारो ने भारत पर पुतिन की युद्ध मशीन को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने रूसी तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है बल्कि यूक्रेन युद्ध के बाद से उसके ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर करने एवं कीमतों को काबू में रखने में मदद की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर की गयी टिप्पणी को खारिज करते हुए पुरी ने यह बात कही। नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

### पुरी ने मुनाफाखोरी के दावे को किया खारिज

समाचार पत्र 'द हिंदू' के लिए लेख में पुरी ने मुनाफाखोरी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से और फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण से बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है। इसके निर्यात की मात्रा एवं मुनाफे मोटे तौर पर समान रहे हैं।

### भारत ने नियम नहीं तोड़े

मंत्री ने कहा, " ऐसे 'पैकेज' के 18 दौर हो चुके हैं और भारत ने हर एक का पालन किया है...। भारत द्वारा किया गया प्रत्येक लेन-देन कानूनी है।" पुरी ने कहा, " हर लेन-देन में वैध निर्यात एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारी और 'ऑडिट' माध्यमों का इस्तेमाल किया गया है। भारत ने नियम नहीं तोड़े हैं। भारत ने बाजारों को स्थिर किया है और वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका है।"





### रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया

इस 'पोस्ट' के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भगवा वस्त्र पहने तस्वीर भी लगी थी। पुरी ने उनका विरोध करते हुए कहा कि ईरान या वेनेजुएला के कच्चे तेल के विपरीत रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा, " यह (रूसी तेल) जी-7/यूरोपीय संघ की मूल्य सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे तेल की आपूर्ति जारी रखने एवं राजस्व की सीमा निर्धारित करते हुए तैयार किया गया है।"

### रूस-यूक्रेन युद्ध को मोदी युद्ध बताया

अमेरिका का आरोप है कि भारत, रूसी कच्चे तेल को परिष्कृत करके और यूरोप सहित अन्य देशों को निर्यात करके मुनाफा कमा रहा है। 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पिछले सप्ताह सिलसिलेवार ट्वीट में रूस-यूक्रेन युद्ध को 'मोदी का युद्ध' बताया था और भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

### भारत का रूसी तेल आयात बढ़कर 40 प्रतिशत हुआ

पुरी ने नवारो का प्रत्यक्ष तौर पर नाम लिए बिना लिखा कि कुछ आलोचकों का आरोप है कि रूसी तेल को खरीद करके 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने वाला बन गया है। यह पूरी तरह से गलत एवं असत्य है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत का रूसी तेल आयात कुल कच्चे तेल की खपत का एक प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो गया।

### रूस ने भारत को खरीद में भारी छूट दी

इसकी प्रमुख वजह यह है कि पश्चिमी देशों ने रूस को युद्ध के लिए दंडित करने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाए और इससे भारत को खरीद में भारी छूट दी गई। इस कदम से भारत के लिए सस्ती ऊर्जा तो सुनिश्चित हुई लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने इसकी आलोचना की है।

## टैरिफ से देश का शहद उद्योग आया संकट में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शहद आयात पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क लगाए जाने से देश के शहद उद्योग पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इसका कारण भारत के लगभग 90 प्रतिशत शहद निर्यात-विशेषकर सरसों का क्रिस्टलाइज्ड शहद-अमेरिका को भेजे जाते हैं। देश के मधुमक्खीपालन उद्योग का शीर्ष संगठन, कॉन्फेडरेशन ऑफ एपीकल्चर इंडस्ट्री (सीएआई) के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, शहद आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से भारत के शहद उद्योग और हजारों मधुमक्खी पालकों की आजीविका को नुकसान पहुंचा है। भारत के लगभग 90 प्रतिशत शहद निर्यात-विशेषकर सरसों का क्रिस्टलाइज्ड शहद-अमेरिका को भेजे जाते हैं। ऐसे में यह क्षेत्र अचानक लगाए गए इस व्यापारिक अवरोध से बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### चीन का अक्टूबर से विशेष उर्वरक निर्यात पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत का विशेष उर्वरक उद्योग आपूर्ति संबंधी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात प्रतिबंध फिर से लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। चीन से विशेष उर्वरक निर्यात की अस्थायी बहाली के चलते राहत मिली है।

## नीता अंबानी ने न्यूयॉर्क रंगमंच महोत्सव रोका

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच उद्योगपति मुकेश अंबानी की पत्नी द्वारा संचालित नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र ने 'अप्रत्याशित परिस्थितियों' का हवाला देते हुए अगले सप्ताह न्यूयॉर्क में होने वाले रंगमंच समारोह को स्थगित कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर में 'एनएमएसीसी इंडिया वीकेंड' नाम से यह कार्यक्रम 12 से 14 सितंबर तक लिंकन सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में होना था। एनएमएसीसी ने अपनी वेबसाइट पर एक सूचना में कहा, 'हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि 12 सितंबर को न्यूयॉर्क में होने वाला एनएमएसीसी 'इंडिया वीकेंड' अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। ' ऐसा करने की कोई वजह नहीं बताई गई। इस कार्यक्रम का टिकट खरीदने वालों रिफंड का वादा किया गया है।

### *ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम जल्द ही होगा अधिसूचित*

**नई दिल्ली।** सरकार ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को बहुत जल्द अधिसूचित करेगी। संसद द्वारा 21 अगस्त को पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स तथा अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देते हुए सभी प्रकार के ऑनलाइन 'रियल मनी' गेम पर प्रतिबंध लगाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने सेमीकंडक्टर पर आईसीईए के यहां आयोजित कार्यक्रम से इतर कहा, " यह बहुत जल्द लागू हो जाएगा और हम इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।"

### एनटीपीसी के सीएमडी सिंह का कार्यकाल बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने सोमवार को कहा कि उसके शेयरधारकों ने चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में गुरदीप सिंह के कार्यकाल को एक साल बढ़ाने की मंजूरी दी है। इससे पहले, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख 31 जुलाई, 2025 के बाद एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर एनटीपीसी के सीएमडी के रूप में उनकी फिर से नियुक्ति को मंजूरी दी थी।

### रुपए अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनिश्चितताओं और आयातकों की बढ़ती डॉलर मांग के बीच सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे टूटकर 88.19 (अस्थायी) के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.18 पर खुला। कारोबार के दौरान नीचे गिरकर 88.33 के अबतक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। इसका कारण अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने से भारत के व्यापार घाटे को लेकर चिंता का बढ़ना है। घरेलू मुद्रा अंततः डॉलर के मुकाबले 88.19 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को रुपया पहली बार 88 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर 88.09 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।




**कार्यालय दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड**
**नगर पालिक निगम कटनी (म. प्र.)**
Tel. 8770638961 -07622-230120, CIN:U60200MP2017SGC043593 E-mail: commkatni@mpurban.gov.in

कमांक/1594/परिवहन/2025 **निविदा सूचना** कटनी, दिनाक 19/08/20025

दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http:mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_446755_1 | Appointment of Consultant for Development of Parking policy and Parking Management Plan Comprehensive Mobility Plan For Katni City. | 1. 6 Months | 1-10000.00<br>2-100000.00 | 25/09/2025 |

नोट :- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाइन की वेबसाइट http:mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
दीन दयाल कटनी सिटी बस सर्विसेंस लिमिटेड कटनी नगर पालिक निगम कटनी

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 16/व.ले.लि./2025-26 **निविदा आमंत्रण - सूचना** बालाघाट, दिनांक 28.08.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं क्र. | टेण्डर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_447632 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 1 बालाघाट मे विभिन्न मार्गो पर पेंच रिपेयर के लिए सामगी प्रदाय कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 2 | 2025_PWDRB_447634 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 1 बालाघाट के अंतर्गत पुल पुलियों की मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 3 | 2025_PWDRB_447636 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 2. बालाघाट मे विभिन्न मार्गो पर पेंच रिपेयर के लिए सामगी प्रदाय कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 4 | 2025_PWDRB_447638 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 2 बालाघाट के अंतर्गत पुल पुलियों की मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 5 | 2025_PWDRB_447639 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वारासिवनी मे बालाघाट विभिन्न मार्गो पर पेंच रिपेयर के लिए सामगी प्रदाय कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 6 | 2025_PWDRB_447641 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वारासिवनी के अंतर्गत पुल पुलियों की मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 7 | 2025_PWDRB_447643 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी मे विभिन्न मार्गो पर पेंच रिपेयर के लिए सामगी प्रदाय कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 8 | 2025_PWDRB_447644 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अंतर्गत पुल पुलियों की मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 9 | 2025_PWDRB_447646 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बैहर मे विभिन्न मार्गो पर पेंच रिपेयर के लिए सामगी प्रदाय कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 10 | 2025_PWDRB_447647 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बैहर के अंतर्गत पुल पुलियों की मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| | | | कुल योग | | 195.00 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19/09/2025 (17.30) बजे निर्धारित है । निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है ।

कार्यपालन यंत्री,
G-18075/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T. No./PWD-08/PRO No.469 **निविदा सूचना** Dated-29/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_447193_1<br>Date-01/09/2025 | बडी खेरमाई मंदिर भानतलैया परिसर मे पेवर ब्लॉक लगवाये जाने एवं अन्य कार्य | 04 माह<br>12.82 लाख | 2000/-<br>9622/- | 01/10/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय मध्य वनवृत्त स्टेशन रोड जबलपुर - 482001**
दूरभाष क्र. 0761-2624341 ई - मेल ccf.jbp@mp.gov.in

**ईमारती काष्ठ, जलाऊ काष्ठ के परिवहन हेतु संक्षिप्त निविदा / नीलाम सूचना की विज्ञप्ति, वर्ष 2025 - 2026**

मध्यवृत्त जबलपुर के अर्न्तगत वर्ष 2025 2026 में उत्पादित उत्पादन वनमंडल मंडला / डिन्डौरी / जबलपुर / कटनी के ईमारती काष्ठ / जलाऊ काष्ठ तथा कालपी डिपो से दिल्ली डिपो ईमारती काष्ठ के परिवहन हेतु परिवहन समूहों की निविदायें कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर / संबंधित वनमंडल कार्यालय में निम्न तिथियों में मुहरबंद निविदाऐं निम्न चको की आमंत्रित की जानी है, प्राप्त निविदाऐं उक्त दर्शित तिथियो मे मध्यवृत्त कार्यालय जबलपुर में ही निविदाकारों के समक्ष खोली जावेंगी ।

**परिवहन समूहों का निविदा कार्यक्रम मध्य वन वृत्त जबलपुर**

| क्र. | निविदा क्रम | मध्य वन वृत्त कार्यालय जबलपुर में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | संबंधित वनमंडल कार्यालय मे निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम निविदा | 24-09-2025 (14.00 बजे तक) | 23-09-2025 (17.00 बजे तक) | 24-09-2025 (15.00 बजे से) |
| 2 | द्वितीय निविदा | 14-10-2025 (14.00 बजे तक) | 13-10-2025 (17.00 बजे तक) | 14-10-2025 (15.00 बजे से) |
| 3 | तृतीय निविदा | 30-10-2025 (14,00 बजे तक) | 29-10-2025 (17.00 बजे तक) | 30-10-2025 (15.00 बजे से) |
| 4 | नीलाम परिवहन समूह अवशेष रहने की स्थिति में | 06-11-2025 को साय 14.00 बजे से वृत्त कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर मे | | |

प्रत्येक परिवहन समूह के लिये निविदा अलग-अलग निविदा फार्म में दी जावेगी । निविदा हेतु निविदा फार्म एवं/ विस्तृत शर्तें, परिवहन समूहों की सूची एवं अन्य जानकारियॉं वृत्त कार्यालय एवं संबंधित वनमण्डल कार्यालय में कार्यालयीन दिवस व समय में प्राप्त की जा सकती है साथ ही निविदा फार्म 100 रुपए अदायगी कर प्राप्त किए जा सकते है ।

निविदाकार के द्वारा दी गई निविदा के संबंध में यह माना जावेगा कि निविदाकार को निविदा की सभी शर्ते मान्य है । परिवहन समूहो के लिये प्रत्येक निविदा के साथ सत्यकार की राशि के रूप में रुपए 3000/- (तीन हजार) मात्र एवं दिल्ली डिपो मे परिवहन होने वाली काष्ठ के लिये सत्यकार की राशि रुपए 5000/-(पांच हजार) मात्र बैक डिपाजिट / काल डिपाजिट जो स्टेट बैक आफ इंडिया अथवा किसी अधिकृत बैक का संलग्न करना अनिवार्य होगा किसी भी प्रकार के वाद विवाद होने की स्थिति मे संबंधित वनसंरक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

निविदा / नीलाम के संबंध में अन्य जानकारी उत्पादन वनमण्डल मण्डला कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07642-252449 उत्पादन वनमण्डल डिण्डोरी कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07644-234312, एवं सामान्य वनमंडल जबलपुर के दूरभाष क्रमांक 0761-2624195 एवं सामान्य वनमंडल कटनी के दूरभाष क्रमांक 07622-350033से प्राप्त की जा सकती है, एवं विभागीय बेवसाईट www.mpforest.gov.in पर भी देखी जा सकती है ।

वनसंरक्षक
G-18063/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" मध्यवृत्त जबलपुर

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**
क्रमांक/621/EOI/वूमन फॉर ट्री/एन.यू.एल.एम./2025-26 कटनी, दिनांक- 29/08/2025
**अभिरूचि के प्रदर्शन (Expression of Interest)**

संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र., भोपाल के पत्र क्रमांक/या.प्र./7/2025/AMRUT Mitra/5454 भोपाल, दिनांक - 14/05/2025 के द्वारा AMRUT 2.0 एवं DYA - NULM के अभिसरण (कन्वर्जेस) से " वूमन फॉर ट्री" पौधारोपण अभियान चलाया जाना है। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत "अमृत मित्र" पहल अंतर्गत पौधारोपण अभियान "वूमन फॉर ट्री" प्रारंभ किये जाने एवं रोपित पौधौं का रखरखाव/संधारण एवं निगरानी कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में महिला स्वसहायता समूहों को 'अमृत मित्र' के रूप में चयन कर प्रारंभ किया जाना है। सभी प्रकार के मोहर बंद अभिरूचि प्रस्ताव आवेदन दिनांक- 15/09/2025 तक हार्ड कॉपी में कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी की एन.यू.एल.एम. शाखा में जमा किये जावेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। नगरपालिक निगम, कटनी को अभिरूचि प्रस्ताव निरस्त करने का अधिकार होगा।

**अभिरूचि के प्रदर्शन (Expression of Interest) का प्रारूप निम्नानुसार है :-**
**आवेदनकर्ता के लिये जानकारी एवं मार्गदर्शन**

आवेदनकर्ता को सलाह दी जाती है, कि संपूर्ण EOI आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक पढ़कर समझ लें। आवदेनकर्ता को अपने आवेदन प्रस्ताव, निर्धारित प्रारूप में भरकर जमा करना अनिवार्य होगा।

**नोट :- EOI आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित दिनांक निम्नानुसार है :-**

| स. क्र. | विवरण | प्रारंभ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | EOI आवेदन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन | 30/08/2025 | |
| 2 | EOI सूचना का निकाय पटल पर प्रकाशन | 30/08/2025 | |
| 3 | कार्यालय से EOI आवेदन प्राप्त करना | 01/09/2025 | 15/09/2025, सायं 6 बजे |
| 4 | पूर्णतः भरा हुआ EOI आवेदन जमा करना | 01/09/2025 | 15/09/2025, सायं 6 बजे |
| 5 | EOI आवेदन एवं दस्तावेजों का परीक्षण | पृथक से प्रकाशित की जावेगी । | |
| 6 | पात्र आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रण | | |
| 7 | चयनित आवेदकों की सूची प्रकाशित करना | | |
| 8 | चयनित आवेदकों को कायार्देश जारी करना | | |

नोट :- 1. आवेदनकर्ता समूह को अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में ही जमा करने होंगे। सशर्त EOI आवेदन निरस्त किये जावेंगे। 2. स्व-सहायता समूह DYA-NULM कटनी में पंजीकृत होना अनिवार्य है। 3. कोई भी प्रस्ताव अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
(वास्ते - आयुक्त)
नगरपालिक निगम, कटनी

## चिंतन

# एससीओ में भारत ने एक तीर से लगाए दो निशानें

एससीओ समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। समिट के दौरान भारत के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गई। घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। याद रहे, इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी और इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। अब भारत की कुटनीति रंग लाई है। न केवल भारत के प्रस्ताव पर मुहर लगी बल्कि आतंकवाद पोषक पाकिस्तान को करारा झटका भी लगा है। एससीओ यानि शंघाई सहयोग संगठन एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है। समिट का मतलब है संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की सालाना बैठक, जिसमें देश आपस में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और अच्छे संबंध स्थापित करना है। यह संगठन मध्य एशिया में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर देता है। आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मिलकर लड़ना इसका एक प्रमुख मकसद है। इसका मकसद सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के नेताओं को एक मंच पर लाता है, जिससे वे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा कर सकें और आपसी समझ को मजबूत कर सकें। यह एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को भी बढ़ावा देता है। संगठन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान सदस्य देश हैं। अब संगठन का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि पहले चीन और अब भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर हैं, लेकिन अब सम्मेलन के दौरान नरेन्द्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की गर्मजोशी देखकर पहली बार अमेरिका की घबराहट सामने आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को अब बयान जारी करना पड़ा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि अमेरिका पहली बार प्रेशर में है और भारत जिस रणनीति पर काम कर रहा है, वो कामयाब दिख रहा है। अमेरिका के विदेश सचिव मार्बो रूबियो ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच की साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है, जो 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता है। कल तक भारत को गरियाने वाला अमेरिका अब रिश्तों की दुहाई दे रहा है। उनके इस बयान से साफ है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने वाला अमेरिका भारत, चीन, रूस गठजोड़ से खास परेशान है। तस्वीर साफ है कि भारत ने एक तीर से दो निशाने लगा दिए हैं। एक तरफ तो समिट में पहलगांव हमले की निंदा होने और आतंकवाद को कुचलने के प्रस्ताव से पाकिस्तान को झटका लगा है, वहीं समिट की गर्मजोशी से अमेरिका सोचने को मजबूर है। इसका असर आने वाले कुछ दिनों में दिखाई देगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि एक के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले लेने वाले ट्रंप अब क्या करते हैं।

# नकली दवाइयों का काला कारोबार



हालात
रोहित माहेश्वरी

नकली दवाओं का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों ही नहीं जानवरों की दवाइयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथ पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थी, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने के कारण इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है।

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां बिक रही हैं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश की ताज नगरी आगरा में नकली दवाओं के बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। जांच में सामने आया है कि पुडुचेरी-चेन्नई में नकली दवाएं बनाकर आगरा में भंडारण कर चार राज्यों में खपायी जा रही थी। औषधि विभाग की टीम ने ऐसी आठ फर्मों की करीब 71 करोड़ की दवाएं सीज की हैं और तीन दवा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। सिंडिकेट में 40 दवा विक्रेताओं के शामिल होने के सुराग मिले हैं। दवाओं का काला कारोबार करने के लिए 15 डमी फर्म भी चिह्नित की हैं। इनके नाम पर ये कई राज्यों में कारोबार कर रहे थे। दवाओं को मंगवाने और भेजने में ये रेलवे सेवा का उपयोग कर रहे थे। पिछले साल नवंबर में आगरा के शास्त्रीपुरम इलाके में पशुओं की नकली दवाएं बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी।

नकली दवाओं का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों ही नहीं जानवरों की दवाइयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथ पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थी, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने से इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता है, जिस वजह से मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती है। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह में समा जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

वर्ष 2024 में तेलंगाना में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी तरह अगर कैप्सूल एमोक्सिलिन का है तो उसमें सस्ती दवा पेरासिटामोल भरी हुई थी। इसी तरह 500 ग्राम एमोक्सिलिन साल्ट की मात्रा सिर्फ 50 ग्राम ही थी। कैंसर



तक की नकली दवाएं पकड़ी गईं। ये सभी दवाएं उत्तराखंड के काशीपुर और यूपी के गाजियाबाद से कूरियर के जरिए तेलंगाना पहुंची थी। इन दवाओं की पैकिंग इस तरह की गई थी, जो बिल्कुल असली लग रही थीं। इनकी पहचान कर पाना मुश्किल था।

उत्तराखंड में पिछले साल कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं। इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देशभर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की 7 बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रांड की नकली दवा तैयार कर रहे थे। इंडिया मार्ट और भागीरथ प्लेस में इनकी सप्लाई थी। चीन, बांग्लादेश और नेपाल में एक्सपोर्ट करते थे।

विशेषज्ञों के अनुसार, नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ही नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर कोई ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। जेनेरिक दवाइयां सस्ती होती हैं, जो उसी तरह का फायदा करती हैं, जिस तरह का लाभ ब्रांडेड दवाइयों से मिलता है। सरकार जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा दे रही हैं, जो सस्ती होती हैं। इन्हें आप मेडिकल स्टोर और जन औषधि केंद्र से खरीद सकते हैं।

कुछ ऐसी दवाएं हैं, जिन्हें ज्यादा मात्रा में लेने पर नशा होने लगता है। शराब और ड्रग्स से इन दवाओं का नशा काफी सस्ता होने से नशेड़ी इसका इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से कफ सिरप, पेन किलर्स, डिप्रेशन पिल्स और मनोरोगियों को दिए जाने इंजेक्शन की खपत बढ़ रही है। इसका फायदा दवा बनाने वाली कंपनियां भी उठा रही हैं, जो एक लाइसेंस पर कई फैक्ट्रियां चलाकर इन्हें धड़ल्ले से बना रही हैं। डिप्रेशन के इलाज के लिए दी जाने वाली गोली का रेव पार्टियों में काफी इस्तेमाल हो रहा है।

यह सही है कि असली की आड़ में नकली दवा का कारोबार पनप रहा है। आगरा में दवा माफियाओं ने ब्रांडेड कंपनी की दवाओं के सुरक्षा फीचर में भी सेंधमारी की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नकली क्यूआर कोड बनाया। यहां तक कि कंपनी के एक ही बैच नंबर से 1000 गुना तक दवाएं बनाकर बाजार में खपा दीं। इसमें एक ही बिल को बार-बार दर्शाने पर ये खेल पकड़ में आया।

नकली दवाओं की बिक्री बेहद गंभीर मामला है, लेकिन अगर आप जागरूक नहीं हैं तो ये आसानी से पकड़ में नहीं आ पातीं। दूसरी सबसे बड़ी वजह है कमजोर निगरानी सिस्टम। कायदे से ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की ये जिम्मेदारी है कि वह नकली दवाओं की खरीद फरोख्त करने वालों को पकड़ें लेकिन अमूमन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अगर नियमित तौर पर ये डिपार्टमेंट जांच पड़ताल करे तो नकली दवाएं बेचने वालों की लगाम कसी जा सकती है। नकली दवाएं मरीजों के लिए जानलेवा साबित होती हैं। ऐसे में जरूरी है निगरानी सिस्टम को दुरुस्त किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नारियल दिवस

श्वेता गोयल



# प्राकृतिक ऊर्जा का अमृत व जीवन का वृक्ष है नारियल

हर वर्ष 2 सितम्बर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यह अवसर न केवल नारियल जैसे बहुमूल्य फल और उसके वृक्ष के महत्व को समझाने के लिए हैं बल्कि यह दिन दुनियाभर के लोगों को इसके पोषण मूल्य, आर्थिक महत्व, खेती, प्रसंस्करण, उपयोगिता और वैश्विक स्वास्थ्य तथा कृषि में इसकी भूमिका को याद दिलाने का भी माध्यम है। यह दिवस दुनियाभर में लोगों को नारियल के फायदे समझाने, नारियल के पोषण मूल्य और आर्थिक महत्व के बारे में बताने, नारियल की खेती, प्रोसेसिंग और इसके कई उपयोगों के बारे में लोगों को शिक्षित करने, वैश्विक स्वास्थ्य और कृषि में नारियल की अहमियत समझने, नारियल से जुड़े नए तकनीकी तरीकों को अपनाने, नारियल से जुड़े उद्योगों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने इत्यादि अनेक उद्देश्यों के साथ 'एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय' (एपीसीसी) के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस संगठन का उद्देश्य नारियल से जुड़ी हर गतिविधि को बढ़ावा देना, नारियल किसानों की स्थिति में सुधार करना और नारियल उद्योग की मजबूती के लिए प्रयास करना है।

नारियल शब्द की उत्पत्ति पुर्तगाली भाषा से मानी जाती है। 'कोको' और 'अखरोट' शब्दों के मेल से बना यह नाम आज पूरी दुनिया में इस अद्भुत फल की पहचान है। दुनियाभर के लगभग 80 देशों में नारियल की लगभग 150 किस्में पाई जाती हैं। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इसकी खेती सबसे अधिक होती है और लाखों किसानों की आजीविका इसी पर आधारित है। नारियल को यूं ही जीवन का वृक्ष नहीं कहा जाता। इस वृक्ष का हर हिस्सा किसी न किसी तरह से मनुष्य के लिए उपयोगी है। फल भोजन और पेय का साधन है, पत्तियां छत और बुनाई के काम आती हैं, इसका खोल और भूसी शिल्पकला, ईंधन और घरेलू जरूरतों के लिए काम आते हैं और रस से चीनी, सिरका तथा अन्य उत्पाद बनाए जाते हैं। यही वजह है कि नारियल न केवल भोजन का स्रोत है बल्कि इसे समृद्धि और पोषण का प्रतीक माना जाता है।

नारियल दिवस पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह अवसर हमें याद दिलाता है कि नारियल का वृक्ष किस प्रकार पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। इसके पेड़ मृदा को कटाव से बचाते हैं और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करते हैं। विशेष बात यह है कि इसके हर हिस्से का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे अपव्यय की गुंजाइश न के बराबर रहती है। कोको वंश की एकमात्र शेष प्रजाति नारियल का वृक्ष है, जो ताड़ वर्ग के एरेकेसी परिवार से संबंधित है। यह वृक्ष 60 से 100 फुट तक ऊंचा होता है और लगभग 80 वर्षों तक जीवित रह सकता है। हालांकि इसके फल प्रायः 15 वर्ष की आयु के बाद ही लगना शुरू होते हैं। भारत में यह वृक्ष प्रमुख रूप से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अधिक पाया जाता है। नारियल की फसल भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देती है। यही नहीं, यह फसल देश के 1.2 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सुरक्षा और आजीविका उपलब्ध कराती है तथा करीब 6 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देती है।

नारियल का महत्व केवल खेती और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी है। यह फल पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और मोटापा नियंत्रित करने में प्रभावशाली माना जाता है। पोषण के स्तर पर नारियल बेहद समृद्ध फल है। इसमें 38.67 प्रतिशत कॉपर, 52.17 प्रतिशत मैग्नीज, 24.2 प्रतिशत आयरन, 18.8 प्रतिशत फाइबर, 8 प्रतिशत जिंक, 7.6 प्रतिशत वेलिन और 9.37 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं। यह सभी पोषक तत्व शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखने, चेहरे की चमक बढ़ाने और प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होते हैं। नारियल का उपयोग भोजन, सौंदर्य प्रसाधनों और सजावट की वस्तुओं तक में होता है। नारियल तेल को खाने में प्रयोग करने के साथ-साथ बालों और त्वचा के लिए भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। नारियल के आर्थिक महत्व की बात करें तो यह किसानों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। इसके अलावा नारियल से जुड़े प्रसंस्करण उद्योगों में भी रोजगार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। नारियल तेल, नारियल दूध, नारियल पाउडर, कोयर उद्योग, हस्तशिल्प, बायोफ्यूल और सौंदर्य उत्पाद जैसे उद्योग नारियल पर निर्भर हैं। एपीसीसी जैसे संगठन नारियल के उत्पादन और प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकों के विकास और प्रसार के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीकें न केवल उत्पादकता को बढ़ाती हैं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सफलता के लिए मन पर अंकुश जरूरी



संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है।

## 'ओणम' पर 'रस्साकस्सी' प्रतियोगिता



तिरुवनंतपुरम। तिरुवनंतपुरम में रविवार को 'ओणम' त्योहार के दौरान जश्न के तौर पर लोग 'रस्साकस्सी' प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए।

## आज की पाती

### नेताओं को एक से अधिक पेंशन क्यों

आम तौर से सुनने में आता है कि अगर एक व्यक्ति एमएलए, एमपी, राज्यमंत्री, केबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री आदि पदों पर रहता है तो उसे हरेक पद के अनुरूप सभी पेंशन मिलेंगी। ऐसा विश्वास तो नहीं होता, मगर ऐसा है तो यह एक वीभत्स रंग का चुटकुला है। तर्कसंगत तो यह लगता है कि उस व्यक्ति को उच्चतम पद के अनुरूप एक पेंशन मिलनी चाहिए। यह भी सुनने में आता है कि राजनेताओं को ओल्ड पेंशन स्कीम के अंतर्गत ही पेंशन दी जा रही है। यह सारा विषय विचारशील सोच मांगता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने नेताओं को एक ही पेंशन का प्रावधान कर दिया है। अन्य राज्यों में भी इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए और राजकोष को नेताओं पर लुटाने से बचाया जाना चाहिए।
– **संतोष पटेल**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# किम जोंग छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे

उत्तर कोरिया ने कहा कि उसके नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया, और इसके बाद छह साल बाद वे चीन की यात्रा करेंगे। कारखाने का यह निरीक्षण मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की उनकी योजना को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह दौरा चीन में एक बड़ी सैन्य परेड में शामिल होने से पहले किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने यह नहीं बताया कि किम ने रविवार को जिस कारखाने का निरीक्षण किया, वह कहां स्थित है लेकिन ऐसा अनुमान है कि यह जांगांग प्रांत में हो सकता है, जो चीन से सटा हुआ देश का प्रमुख शस्त्र उद्योग केंद्र है। चीन और उत्तर कोरिया दोनों ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि किम छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे और बुधवार को बीजिंग में आयोजित होने वाली सैन्य परेड में शामिल होंगे। यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति और जापानी आक्रामकता के विरुद्ध चीन के प्रतिरोध की 80वीं वर्षगांठ पर हो रही है। इस परेड में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा आमंत्रित 26 विदेशी नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हैं। पुतिन को यूक्रेन पर हमले में किम का बड़ा समर्थन मिला है।



## ऑफ बीट

# एआई चैटबॉट्स को गुमराह कर फर्जी जानकारियां तैयार

जब आप चैटजीपीटी या अन्य एआई सहायक से गलत जानकारी बनाने को कहते हैं, तो वे आमतौर पर मना कर देते हैं और जवाब देते हैं कि "मैं झूठी जानकारी बनाने में सहायता नहीं कर सकता।" लेकिन हमारे परीक्षणों में पाया गया कि ये सुरक्षा उपाय केवल सतही हैं और इन्हें बेहद आसानी से दरकिनार किया जा सकता है। हमने यह जांच की कि एआई भाषा मॉडल को कैसे गुमराह कर उसका सोशल मीडिया पर समन्वित दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जो परिणाम सामने आए, वे ऑनलाइन जानकारी की विश्वसनीयता को लेकर चिंतित किसी भी व्यक्ति के लिए परेशान करने वाले हैं। सतही सुरक्षा की समस्या प्रिंसटन और गूगल के शोधकर्ताओं के हालिया अध्ययन से प्रेरित होकर हमने परीक्षण किए। उन्होंने बताया कि वर्तमान एआई सुरक्षा उपाय मुख्यत: उत्तर की शुरुआती कुछ पंक्तियों पर आधारित होते हैं। उदाहरणस्वरूप, यदि मॉडल जवाब की शुरुआत "मैं नहीं कर सकता" या "मुझे खेद है" से करता है, तो आमतौर पर पूरा उत्तर निषेधात्मक ही रहता है। हमारे अप्रकाशित प्रयोगों में भी यही पुष्टि हुई। जब हमने सीधे एक व्यावसायिक भाषा मॉडल से ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिक दलों पर गलत सूचना बनाने को कहा, तो उसने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।



## ट्रेंड

### शानदार बातचीत

एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद, रुस के राष्ट्रपति पुतिन और मैं द्विपक्षीय बैठक स्थल पर साथ-साथ गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है। इस सफर के दौरान अनेक और बहुत शानदार चर्चा भी हुई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### जरूरी सहायता

आज जम्मू में तवी पुल और बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। मोदी सरकार प्रभावित लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि प्रभावितों को समय पर जरूरी सहायता उपलब्ध हो।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



### संविधान की रक्षा

बिहार वोटर अधिकार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, बिहार कांग्रेस के बब्बर शेरों, प्रदेश के युवाओं का धन्यवाद। संकल्प लेते हैं, बिहार में एक भी वोट चोरी नहीं होगा।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**



### दया भावना

आज लालबाग के राजा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बिना किसी वीआईपी इंतज़ाम के गया था। तो कुछ और अच्छा लगा। वो बात अलग है भक्तों का प्यार और ऑर्गनाइजर्स की दया भावना बनी रही।
**- अनुपम खेर, अभिनेता**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बाकल थाना क्षेत्र में कोटवार की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

# कोटवार का नाती दोस्त की पत्नी को लेकर हो गया फरार, पता नहीं बताया तो पिता व पुत्र ने मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बाकल थाना क्षेत्र में कोटवार की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित पिता एवं पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 24 घन्टे में अंधे हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, अनुभागीय पुलिस अधीक्षक स्लीमनाबाद श्रीमति आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाकल प्रतीक्षा सिंह चंदेल के नेतृत्व में की गई।

प्रेसवार्ता में एएसपी डॉ संतोष डेहरिया ने बताया कि 30 अगस्त को सूचनाकर्ता राजेश लोधी पिता अंतर सिंह लोधी की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। सूचनाकर्ता ने बताया कि ग्राम चनपुरा में गणेश पंडाल के बाजू बने आंगनवाड़ी आरोग्य केंद्र में ग्राम कोटवार 60 वर्षीय सीताराम वंशकार की लाश मिली है। थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंची जहां मृतक के शरीर में घसीटने के निशान व शरीर में नीलापन होने से मृतक की मृत्यु पर संदेह हुआ। मृतक सीताराम का परिवार जबलपुर होने से परिवार के कोई सदस्य नहीं मिले।



पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की मगर कोई सफलता नहीं मिली कि कोटवार की मृत्यु कैसे हुई। पुलिस ने परस्थिति जन्य व घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मुखबिर तंत्र व साइबर की मदद से संदेहियों के बारे में पता किया। शव को पीएम हेतु बहोरीबंद अस्पताल भेजा गया जहां पीएम कराया गया जहां मृतक के आंतरिक शरीर में चोट, खून के धब्बे, रीढ़ की हड्डी टूटना पाए जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 31 अगस्त को थाना बाकल में धारा 103 बीएनएसे हत्या का मामला दर्ज कर संदेहियों की तलाश शुरू की गई।

मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कोटवार की मृत्यु से एक दिन पहले गांव के मनीष पटेल व उसके पिता अमर सिंह पटेल से कोटवार का वाद विवाद हुआ है। संदेही मनीष पटेल को घर से उठाया गया। सबूत के आधार पर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया लेकिन पिता का नाम नहीं बताया। घटना स्थल से अन्य सबूत पाए जाने से पिता अमर सिंह को जिला पन्ना से लाया गया।

आरोपितों की गिरफ्तारी में थाना बाकल प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट अखिलेश प्यासी, प्रधान आरक्षक शिव सिंह, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा, आरक्षक राजभान, सूरलाल, अंकित अन्य स्टाफ साइबर सेल आरक्षक प्रशांत की भूमिका निभाई।

### नाती की करतूत ने छीन ली दादा की जिंदगी

पृथक से पूछताछ करने पर बेटे मनीष लोधी और अमर सिंह ने कोटवार सीताराम के साथ मारपीट करना स्वीकार किया। आरोपित ने बताया कि मेरा दोस्त जीवन वंशकार जो कोटवार सीताराम वंशकार का नाती है साथ में रहता था। मेरा अच्छा दोस्त था, मेरे घर आता जाता था। रक्षाबंधन के दूसरे दिन कजलियां पर्व के दिन मेरी पत्नी को लेकर कहीं भाग गया जिसको मैं बहुत दिन से ढूंढ रहा हूं लेकिन नहीं मिल रहा है। कोटवार सीताराम भी नहीं बता रहा था। दिनांक 29/08/25 को भी हमारा विवाद इसी बात को लेकर हुआ जहां मनीष पटेल और पिता अमर सिंह पटेल ने कोटवार को उसके कमरे के दरवाजे को लात से मार कर खोला जिससे कोटवार को आंख में लगी और जमीन पर गिर गया, घटना स्थल के दरवाजे पर आरोपी के पैर के निशान पाए गए, कोटवार को हाथ पकड़ घसीटा जिससे शरीर में घसीट के निशान है और बाहर सीसी रोड में निकालकर मारा जहां कोटवार की हाथ घड़ी टूटी मिली थी। पिता अमर सिंह ने बांस के बेत से मारा जिससे वो टूट गई थी जो घटना स्थल से प्राप्त हुई थी। बाद में हाथ मुक्के से उसके दाहिने कमर में मारा जिससे पसली टूटी हुई थी । मनीष पटेल घर में छुपा बैठा था व अमर सिंह अपने ससुराल जिला पन्ना भाग गया था जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चोरों को पकड़ने के दौरान युवक की हत्या से उपजे आक्रोश में सड़क पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलगांव में चोरी की एक घटना में चोरों को पकड़ने के दौरान एक व्यक्ति की हत्या हो गई । वहीं पुलिस के हत्थे दो चोर चढ़े एक फरार हो गया ।आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के अगले दिन मृतक का शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया । प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश के बाद खोला गया ।

मिली जानकारी के अनुसार गत रविवार रात करीब 9:00 बजे बेलगांव के पिपरिया मुख्य मार्ग पर निवास करने वाले साहू परिवार के कुछ सदस्य समीप के गणेश मंदिर में आरती करने पहुंचे थे । वे घर में एक बीमार सदस्य होने के चलते उसे घर में ही छोड़ बाहर से ताला लगाकर गए थे । इसी दौरान तीन अज्ञात लोग मोटर साइकिल से पिपरिया की ओर जा रहे थे, जिन्हें साहू परिवार के मकान पर ताला लगा दिखा । वे चोरी करने की गरज से ताला तोड़कर घर में घुसे, लेकिन घर में एक सदस्य होने पर उसने चिल्लाया तो आसपास के लोग दौड़े और मंदिर में मौजूद लोग भी वापस आए । जिन्हें देखकर चोर भाग खड़े हुए । इसके बाद उन्हें पकड़ने के लिए लोग दौड़े । जिसमें एक चोर पकड़ में आया जिसने साहू परिवार के 40 वर्षीय मिलन साहू जो तामिया में कियोस्क चलाता है पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया । वहीं दो अन्य कर फरार हो गए । इधर मिलन के गंभीर घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया और पकड़े गए चोर पुलिस के हवाले कर दिया गया । अस्पताल में डॉक्टर ने मिलन को मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने फरार दो चोरों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की ।

### माहुलझिर में पकड़ाया एक चोर

घटना को अंजाम देने के बाद दो आरोपी फरार हो गए । जिसमें से एक को माहुलझिर पुलिस ने पकड़ा , दूसरा आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया । पुलिस ने पकड़ में आए दो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया , जहां से पुलिस को आरोपियों से विस्तृत पूछताछ के लिए दो दिन की रिमांड मिली है ।

# दुराचार के आरोपित को आरपीएफ ने ट्रेन से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एक बालिका के साथ घिनौनी करतूत करने के बाद ट्रेन से फरार हो रहे आरोपित को आरपीएफ ने दबोच लिया है। आरोपित एक 7 वर्ष की बच्ची के साथ दुराचार करने के बाद सिंगरौली इंटरसिटी से भाग रहा था। जानकारी के मुताबिक 19 वर्षीय राजेंद्र साहू ने बच्ची को बहला फुसलाकर कर उसके साथ दुराचार किया। उसके बाद वह स्टेशन पहुंचा जहां से पुलिस से बचने के लिए सिंगरौली इंटरसिटी में वह भाग रहा था। इस घटना के संबंध में सरई थाना पुलिस द्वारा न्यू कटनी जंक्शन आरपीएफ को पूरे मामले की सूचना दी गई। आरपीएफ ने बताया कि न्यू कटनी जंक्शन में जैसे ही इंटरसिटी पहुंची तो आरपीएफ द्वारा हर कोच में उसकी तलाश की जा रही थी, इसी दौरान उसकी नजर पुलिस पर पड़ी तो वह खड़ी गाड़ी में बाथरूम में जाकर घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर कपड़े बदल रहा था। आरपीएफ को इस मामले की सूचना मिलते ही कोच में सवार यात्रियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया की बाथरूम में एक युवक घुसा हुआ है। आरपीएफ द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद जब बाथरूम का दरवाजा खुलवाया गया तो आरोपी वहां कपड़े बदलता हुआ मिला। जिसे बाद में आरपीएफ ने अपनी गिरफ्त में लेकर उसके विरुद्ध प्रारंभिक कार्रवाई कर संबंधित थाना पुलिस को इस मामले की सूचना दी गई। कार्रवाई में आरपीएफ एनकेजे पोस्ट प्रभारी महेश चंद्र मीणा, एएसआई महेश मिश्रा, सुरेंद्र यादव, आरक्षक ओम नारायण सिंह, मनोज यादव, मनोज कुर्मी की भूमिका रही।

# बक्से में मिली महिला की लाश

## पड़ोसी बोले-तीन दिन से नहीं दिखी थी





मैहर के एक बंद मकान में बक्से से महिला की लाश मिली है। मकान पर तीन दिन से ताला लगा था। महिला के भाई ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई थी। मामला मैहर के महाराजा नगर में अंधाटोघर मेला इलाके का है।

सतना।

यहां रहने वाली अनीता चौधरी का भाई संतोष रविवार सुबह बहन से मिलने पहुंचा था। पड़ोसियों से पता चला कि घर पर 3 दिन से ताला लगा है। अनीता को किसी ने भी आते-जाते नहीं देखा। इसके बाद संतोष थाने पहुंचा और अनीता की गुमशुदगी दर्ज कराई। देर शाम करीब साढ़े सात बजे संतोष एक बार फिर रिश्तेदारों के साथ अनीता के घर पहुंचा। घर के अंदर झांकने पर तेज बदबू आई। उसने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ दिया। ताला तोड़ने पर कमरे में खून के धब्बे दिखे। उसने तुरंत पुलिस को फोन लगाया। पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। यहां कमरे में रखा एक बक्सा खोला तो कपड़े में लिपटी अनीता की लाश मिली। पुलिस ने रात में घर सील कर दिया। सोमवार सुबह मामले की जांच शुरू की गई।

### 15 साल पहले पति की मौत, दोनों बेटे बाहर रहते हैं

संतोष ने बताया कि अनीता सिंदूर की दुकान चलाती थी। उसके पति की करीब 15 साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। दो बेटे हैं। बड़ा मुंबई में नौकरी करता है, छोटा बेटा अपनी बुआ के साथ राजस्थान में रहता है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर संघर्ष के निशान मिले हैं।

# मैहर में तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**मैहर।** सोमवार की शाम को मैहर केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**हादसे का विवरण-** शाम करीब 5 बजे,मैहर थाना अंतर्गत केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के पास एन एच 30 पर मुंबई की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ओडी**OD** 03 टी 9675 ने सड़क पार कर रहे एक बाइक एमपी 19 एन एफ 2166 को जोरदार टक्कर मार दी।बाइक पर जितेंद्र भुजवा (पति),पूर्णिमा (पत्नी), रेणुका (साली) और उनका 10 माह का बच्चा सवार थे। हादसे के बाद सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बाइक चालक जितेंद्र भुजवा को मृत घोषित कर दिया,जबकि उनकी साली रेणुका की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**परिजनों का सफर-** जितेंद्र भुजवा नागौद,जिला सतना के रहने वाले थे और अपनी पत्नी पूर्णिमा को लेने ग्राम बेरमा,जिला मैहर आए थे।बताया जा रहा है कि हादसे के समय वे केजेएस सीमेंट फैक्ट्री में बने मंदिर घूमने जा रहे थे।



**एंबुलेंस चालक का बयान-** एंबुलेंस चालक बबलू ने बताया कि वह मुंबई से एक शव लेकर रायबरेली जा रहा था,तभी अचानक से बाइक उनके सामने आ गई और यह हादसा हो गया। घटना के बाद,तुरंत दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था कर शव को रायबरेली के लिए रवाना किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

## मॉल में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया युवक, सीसीटीवी से खुली करतूत, आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

रीवा।

शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत नीम चौराहा के समीप स्थित एक किराना दुकान में चोरी करते हुए एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा गया। ग्राहक बनकर दुकान में घुसा युवक जब महंगे सामान को जेब और शर्ट में छिपाने लगा, तो दुकान संचालक की नजर सीसीटीवी कैमरे पर पड़ गई। संदेह होने पर जब उससे पूछताछ की गई, तो वह भागने का प्रयास करने लगा। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रा निवासी राजा अग्निहोत्री के रूप में हुई है। पूछताछ में युवक ने न सिर्फ इस दुकान में, बल्कि आसपास की अन्य दुकानों से भी चोरी करने की बात कबूली है। आरोपी ने बताया कि वह पहले भी इसी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है। दुकान संचालक राकेश कुमार गुप्ता के अनुसार, आरोपी ने एक ही दिन में दो बार दुकान में प्रवेश किया और महंगे आइटम जैसे छोटी इलायची व फेस वाश को जेब और शर्ट में छिपा लिया। जब उसकी गतिविधियों पर संदेह हुआ, तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें उसकी करतूत साफ तौर पर नजर आई। दुकान संचालक द्वारा विश्वविद्यालय थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है।

# जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत से हंगामा

### सिविल सर्जन बोलीं मामले में कोई लापरवाही नहीं

**शहडोल।** जिला अस्पताल के प्रसूति विभाग में रविवार की रात उस समय हंगामा मच गया जब एक प्रसूता महिला की ऑपरेशन के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका नेहा नापित (27), पत्नी राजा नापित निवासी सराई कापा, बुढ़ार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन एक दिन पूर्व जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसे तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। रविवार शाम लगभग 5 बजे महिला का ऑपरेशन कर सफल प्रसव कराया गया और उसने एक नवजात को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के बाद ही नेहा की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी थी। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने बार-बार डॉक्टरों से गुहार लगाई कि महिला की हालत नाजुक है और उसे तुरंत बड़े अस्पताल रेफर कर दिया जाए, लेकिन जिम्मेदार डॉक्टरों ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। देर रात लगभग 11 बजे नेहा की स्थिति गंभीर हो गई। ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर ने उसे सीपीआर दिया, लेकिन कुछ देर बाद ही महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतका के परिजनों का कहना है कि नेहा बिल्कुल स्वस्थ थी और उसे किसी प्रकार की हाई रिस्क प्रेग्नेंसी नहीं थी। सामान्य अवस्था में भर्ती कराने के बावजूद ऑपरेशन के तुरंत बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार का आरोप है कि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण एक मां की मौत हुई और नवजात बच्चा जन्म लेते ही मां के साए से वंचित हो गया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों को घेरकर नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया।

# सतना के युवक ने डिप्टी सीएम बनकर सूरत आरपीएफ को धमकाया

## बिना टिकट के खुद ही पकड़ा गया था युवक, गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन की घटना

रीवा।

राजनीतिक रसूख का झूठा नाटक रचकर रेलवे अफसरों पर दबाव बनाना एक युवक को भारी पड़ गया। मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला के नाम पर सूरत रेलवे स्टेशन पर फोन कर आरपीएफ अधिकारी को धमकाने वाला युवक असल में खुद ही आरोपी निकला। बता दे आरपीएफ ने जब जांच की तो पूरा मामला फर्जी निकला। गिरफ्तार युवक खुद को डिप्टी सीएम का करीबी बताकर न सिर्फ आरपीएफ पर दबाव बना रहा था, बल्कि खुद ही दूसरे नंबर से अधिकारी बनकर फोन करता था।



घटना 29 अगस्त की है। मुंबई डीओसीएसएनएल कंट्रोल रूम को एक युवक ने कॉल कर खुद को मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का परिचित बताया और सूरत रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ अधिकारी का मोबाइल नंबर मांगा। कंट्रोल रूम से उप निरीक्षक कुलदीप सिंह का नंबर शेयर कर दिया गया। इसके बाद उसी युवक ने कुलदीप सिंह को फोन कर दबाव बनाया कि सूरत स्टेशन पर बिना टिकट पकड़े गए एक व्यक्ति को तत्काल छोड़ दिया जाए। फोन करने वाला खुद को डिप्टी सीएम का खास आदमी बताकर आरपीएफ पर रौब जमाने की कोशिश कर रहा था। आरपीएफ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने जब जांच की तो पता चला कि जिस युवक रणजीत यादव को छोड़ने की मांग की जा रही है, उसकी बिना टिकट यात्रा पर बाकायदा जुर्माने की रसीद काटी गई है। इसके बाद कॉल करने वाले ने एक बार फिर धमकाने के लहजे में कहा डिप्टी सीएम के परिचित की रसीद कैसे काट दी? क्या आप एक आदमी को भी संभाल नहीं सकते, शंका होने पर आरपीएफ ने उस युवक से बात की, जो टिकट न होने के कारण पकड़ा गया था। उसने भी खुद को डिप्टी सीएम का जानकार बताया और रेलवे द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाने लगा।

#### पूछताछ में कबूल किया फर्जीवाड़ा

आरपीएफ ने युवक को थाने बुलाकर जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि वह कोई राजनीतिक रसूख वाला नहीं है, बल्कि उसका नाम रणजीत मिदुलाल यादव (21 वर्ष) है और वह रघुराजनगर, जिला सतना (मध्यप्रदेश) का निवासी है। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि रणजीत ने खुद ही एक अलग मोबाइल नंबर से कॉल कर खुद को डिप्टी सीएम का करीबी बताकर अफसरों को गुमराह किया। यानी आरोपी खुद ही फोन कर रहा था और खुद को छुड़ाने के लिए राजनीतिक दबाव का झूठा नाटक रच रहा था।

#### आरपीएफ ने दर्ज किया मामला

सूरत आरपीएफ ने आरोपी रणजीत यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसे आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। अधिकारी अब इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि कहीं युवक किसी संगठित गिरोह से तो नहीं जुड़ा है, जो राजनीतिक रसूख का झूठा दावा कर सिस्टम को गुमराह करता हो।

### बदमाशों ने कार सवार से जेवरात व नकदी लूटे

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमराडार के समीप बीती रात भोपाल निवासी एक कार सवार को लिफ्ट मांगने के बहाने तीन अज्ञात बदमाशों ने चाकू अड़ाकर लूट लिया। घटना की जानकारी लगने के बाद कुठला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूलतः कटरा हिल्स भोपाल निवासी फिलहाल पन्ना में इंद्रपुरी कॉलोनी में रहकर ठेकेदारी का काम करते हैं। 31 अगस्त की रात लगभग 11:30 बजे वे अपनी कार से कटनी से पन्ना की ओर जा रहे थे। इस दौरान कुठला थाना क्षेत्र के अमराडार के समीप सड़क किनारे कार खड़ी करके लघुशंका के लिए उतरे। इसी बीच तीन अज्ञात युवक उनके पास आए और कार में लिफ्ट मांगने लगे। जब उन्होंने लिफ्ट देने से मना किया तो बदमाशों ने चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे एक मोबाइल, एक सोने की चैन, दो सोने की अंगूठी और पर्स में रखे लगभग 8 हजार रुपए नगद लूट लिए।

## मुख्यमंत्री ने ग्राम राजौधा में किया सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अन्नदाताओं (किसानों) को सम्मान और सुविधा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बहुत जल्द 20 लाख से अधिक किसानों को सोलर पावर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उन्हें बिजली बिल की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुरैना जिले के ग्राम राजौधा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से भी 6-6 हजार रुपए, इस प्रकार कुल 12 हजार रुपए सम्मान निधि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद भाईदूज से हर माह 1500 की राशि दी जाएगी।

# मप्र के 20 लाख किसानों को देंगे सोलर पावर पंप

**नए महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन, महाराजा मानसिंह तोमर के नाम से जाना जाएगा महाविद्यालय**

**मुख्यमंत्री ने 52 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**



### ग्राम ओरेठी में आसमानी माता मंदिर में किया पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना प्रवास के दौरान तहसील पोरसा के ग्राम ओरेठी स्थित प्रसिद्ध आसमानी माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। यह ग्राम विधानसभा अध्यक्ष तोमर का पैतृक निवास है। मुख्यमंत्री ने तोमर के कुलदेवी मंदिर में दर्शन कर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद भी किया।

### 52 करोड़ 59 रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने 52 करोड़ 59 रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों को लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 38.67 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण और 14.92 करोड़ की लागत के नए शासकीय महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि यह नया महाविद्यालय भवन महाराजा मानसिंह तोमर के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस महाविद्यालय में सभी जरूरी पाठ्यक्रम एवं संकाय शुरू किए जाएंगे।

### गांव-गांव तक पहुंच रही विकास की गंगा

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री की विकास के प्रति ललक, समाज के हर वर्ग के लिए संवेदनशीलता और संकल्प से विकास की गंगा गांव-गांव तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने ही इस गांव में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। नए भवन में बीएससी और बीकॉम संकाय भी शुरू होंगे। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि चंबल की धरती पर महाराज लोचनदास, महाराज रामदास, बालकदास, माखनदासजी और ऋषिजी का जन्म हुआ है।

महिला नेत्रियों ने भोपाल में किया विरोध-प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री की माताजी के साथ कांग्रेस ने देश की सभी माता-बहनों का किया अपमानः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेताओं की ओर से अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने के खिलाफ भाजपा ने रविवार को प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के नेतृत्व में भोपाल में लिंक रोड नंबर-एक, छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष महिला मोर्चा की नेत्रियों के साथ कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की



सांकेतिक अर्थी निकाली और उनसे माफी की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेता ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। प्रधानमंत्री मोदी का पूरा विश्व सम्मान करता है, कांग्रेस नेता उनको भी अपशब्द कहते हैं।

## खबर संक्षेप



### मन की बात कार्यक्रम में खूबीलाल का स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ नंबर 86 नानाखेड़ी में सुना। इसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ता खूबीलाल परमार का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता दशरथ गुर्जर, माखन परमार, मंडल मंत्री कोमल सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी राहुल नागर, युवा नेता दीपक परमार आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उमराव दूल्हा इलाके से आठवीं कक्षा की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की उम्र 14 साल है, जबकि आरोपी स्नातक का छात्र है। करीब ढाई माह पूर्व आरोपी ने इंस्टाग्राम पर पीड़ित छात्रा से दोस्ती की थी। छह दिन पूर्व वह अपनी बाइक से नाबालिग को अपने घर ले गया और जबरन संबंध बनाए। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ऐशबाग थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 साल की नाबालिग आठवीं कक्षा की छात्रा है। करीब ढाई महीने पहले इंस्टाग्राम पर छात्रा की दोस्ती अरबाज पठान से हुई थी। अरबाज मूलरूप से शुजालपुर का रहने वाला है और भोपाल में स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। विगत 26 अगस्त को आरोपी अरबाज ने छात्रा को मिलने बुलाया था। बाग उमराव दूल्हा क्षेत्र से वह छात्रा को बाइक पर बिठाकर करोंद स्थित अपने सूने घर ले गया और डरा-धमकाकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह छात्रा को उसके घर के पास छोडकर फरार हो गया। डरी-सहमी छात्रा ने दो दिन बाद अपनी मां को घटना की जानकारी दी।

### पर्यूषण के महापर्व के चौथे दिन उत्तम सोच धर्म पर हुई चर्चा

**तामोट।** 1008 श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर तमोट में पर्यूषण के महापर्व के चौथे दिन रविवार को उत्तम सोच धर्म पर चर्चा की। सुबह जलाभिषेक और शांति धारा की गई। उसके बाद 1008 श्री पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक बड़े धूमधाम से मनाया गया। भगवान को निर्माण लाडू समस्त समाज द्वारा चढ़ाया गया। इस दौरान मनोज जैन अध्यक्ष जैन समाज तामोट के परिवार द्वारा रविवार दोपहर श्री 1008 बड़े बाबा का विधान किया गया, जिसमें समाज के लोग शामिल हुए। फिर निर्वाण लड्डू चढ़ाई और शाम को मंगल आरती कर शास्त्र जी का वचन हुआ। मनोज जैन, रीना, मुनमुन, गुनगुन, अरुण कुमार जैन, सुमन जैन, पूर्वी जैन, मोहित जैन, अजीत जैन, प्रतिभा जैन, अरविंद जैन, पिंकी जैन, युवंशी, युगांशी जैन सहित समाज के अन्य लोग शामिल हुए।

**पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया**

धूमधाम से मनाई गई श्रीराधा अष्टमी, मंदिरों में हुए भजन-कीर्तन

# आंवला, चंदन, सुगंधित तेल, इत्र से स्नान कराकर प्रभुश्री-राधाजी का अद्भुत श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को श्री राधा अष्टमी जंयती पर विभिन्न श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मारवाड़ी रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सुबह विशेष पूजा-पाठ की गई। इस मौके पर आंवला, चंदन, सुगंधित तेल, इत्र से स्नान कराया गया। इसके बाद प्रभुश्री और राधाजी का भव्य श्रृंगार किया गया।

इसी तरह लखेरापुरा मंदिर में विशेष पूजन-अनुष्ठान किया गया। ठाकुर जी और राधाजी को राजभोग लगाया गया। इस दौरान बधाई गीत गाए गए। इसी तरह राजधानी के आयोध्या के पंचमुखी हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाएं राधा की मां कीर्ति का रूप रखकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान राधाजी को पालने में झुलाया और बधाई गीत गाए।



### धूमधाम से मनाया गया किशोरीजू का जन्मोत्सव

श्री राधावल्लभ मंदिर इब्राहिमपुरा में श्री राधा जन्माष्टमी महोत्सव के तहत किशोरीजू का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। सचिव मनोज गर्ग ने बताया सुबह 7 बजे मंगला आरती एवं दोपहर 12 बजे दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। अवसर पर बधाई गीत पद गायन एवं दधीकांदा उत्सव पर श्रद्धालुओं ने जम कर नृत्य किया। विशेष रूप से बनाई गई पंजीरी के प्रसाद के साथ उत्सव का समापन हुआ।

### इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मनाई राधाअष्टमी

राधारानी के प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। शास्त्रों की दृष्टि से राधारानी भगवान श्रीकृष्ण की अंतरंगी शक्ति हैं। वे भगवान कृष्ण की सभी भक्तों में सर्वश्रेष्ठ हैं। इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से राधाअष्टमी मनाई गई। मंदिर में मंगल आरती की गई। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से खूबसूरती से सजाया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

### इसलिए मनाते हैं श्री राधाअष्टमी

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि श्रीराधा अष्टमी जन्माष्टमी के पूरे 15 दिन बाद ब्रज के रावल गांव में राधा जी का जन्म हुआ। कहते हैं कि जो राधा अष्टमी का व्रत नहीं रखता, उसे जन्माष्टमी व्रत का फल नहीं मिलता।

### राधा अष्टमी पर दादाजी धाम मंदिर में भगवान श्री गणेश, राधाकृष्ण जी को लगाया छप्पन भोग

*राधा अष्टमी पर पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा विशेष श्रृंगार किया गया। तो वहीं राधा जी के अवतरण दिवस पर राधा कृष्ण जी का विशेष श्रृंगार, ऋषि दधीचि के जन्मोत्सव पर सभी भगवान को पंडित जी ने सभी यजमानों एवं भक्तों से विधि विधान से अभिषेक, पूजन, हवन महाआरती के पश्चात भगवान श्री गणेश एवं राधा कृष्ण जी को छप्पन भोग। मोदक, बेसन के लड्डू शक्कर पारा, माखन-मिश्री, खीर, रसगुल्ला, जलेबी, रबड़ी, मालपुआ, मोहनभोग, मूंग दाल हलवा, पेड़ा, आदि चीजों का भोग लगाया गया।*



### शोभायात्रा आयोजित

राधा अष्टमी के अवसर पर गौतम नगर स्थित पीजबीटी कॉलेज के निकट से सत्य सनातन समिति के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समिति के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने बताया नन्हीं-नन्हीं बालिकाएं राधा रानी के स्वरूप में सजधज कर सम्मिलित हुईं, वहीं महिलाएं और युवाजन भजनों की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए नजर आए।



सुख-समृद्धि की कामना के साथ की पूजा-अर्चना

## मराठी परिवारों ने झांकी सजाई महालक्ष्मी का हुआ आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्रीयन समाज का महालक्ष्मी पूजा उत्सव रविवार से शुरू हो गया। इस दौरान शहर में रहने वाले मराठी परिवारों में ज्येष्ठा और कनिष्ठा दो महालक्ष्मी का पुत्र पुत्रियों के साथ आगमन हुआ। मान्यता अनुसार ढाई दिन के लिए महालक्ष्मी मायके पहुंची। इस दौरान उनकी स्थापना कर स्वागत सत्कार किया गया।

सुख, समृद्धि की कामना के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान घरों में झांकी सजाई गई। महाराष्ट्रीयन परिवारों में पीढ़ी दर पीढ़ी महालक्ष्मी स्थापना की परंपरा चली आ रही है। कोई पांच पीढ़ियों से तो कोई सात पीढ़ियों से महालक्ष्मी की स्थापना कर रहा है।

### ज्येष्ठा नक्षत्र में लगेगा स्वादिष्ट महाभोग

राजधानी में करीब पौने दो लाख महाराष्ट्रीयन समाज के लोग रहते हैं। इस दौरान हजारों घरों में महालक्ष्मी की स्थापना की गई। अनुराधा नक्षत्र में महालक्ष्मी का आगमन हुआ। ज्येष्ठा और कनिष्ठा के रूप में स्थापना की गई। रविवार को गौरी के रूप में भी पूजा की गई। इसी प्रकार सोमवार को ज्येष्ठा नक्षत्र में महाभोग लगेगा, जिसमें ज्वार और छाछ से बने विशेष प्रसाद आंबिल का भोग लगाया जाएगा। इसी प्रकार सोलह प्रकार की सब्जी, पूरनपोली सहित अन्य पकवानों का भोग भी लगेगा।

अवैध प्रेम प्रसंग बना हत्या का कारण

## पुजारी के कत्ल का 12 घंटों में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले के तखतपुर क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अवैध संबध ही हत्या का कारण बना। फिलहाल, पुलिस जांच कार्रवाई में जुटी है। दरअसल, रविवार तड़के मंदिर में पूजा करने वाले पुजारी की हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस सभी एंगल से जांच में जुटी और इस दौरान पता चला कि मृतक जागेश्वर पाठक, पाठ बाबा मंदिर का पुजारी था। मंदिर के सामने खेत में अधिया खेती के दौरान आरोपी सुरेश धुरी की पत्नी के साथ उसका प्रेम संबंध हो गया था, जिससे आरोपी और एवं उसकी पत्नी का 6 महीने पहले सामाजिक तलाक भी हो गया था। आरोपी मृतक से इसी अवैध संबंध के कारण बैर रखता था और शनिवार रात में सही समय देखकर अपने दोस्तों आरोपी हेमकुमार धुरी



पिता हरिराम धुरी उम्र 26 वर्ष साकिन डढहा वार्ड 10 बोदरी था ना चकरभाटा,आरोपी धनराज बंदे पिता जवाहर लाल बंदे उम्र 21 वर्ष बनाक चौक माता चौरा के पास सिरगिट्टी,आरोपी मुकेश धुरी पिता चंद्रप्रकाश धुरी उम्र 23 वर्ष निवासी अमौरा थाना जरहा गांव जिला मुंगेली के साथ मोटरसाइकिल की पूजा करने के बहाने उसे बाहर बुलाया और ईट और वाहन के सस्पेंशन पाइप से वार कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर सभी वहां से फरार हो गए। बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह, एएसपी ग्रामीण अर्चना झा और एसडी ओपी कोटा और थाना प्रभारी तखतपुर साथ ही अउउव की टीम हत्या की गुत्थी सुलझाने जुटी हुई थी। पुलिस की सक्रियता से 12 घंटे के भीतर

छीरपानी गांव के स्कूल में हैड मास्टर था मृतक पुत्र

## शराब पीकर सोए पिता-पुत्र की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पिता और पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने देसी शराब के सेवन से दोनों की मौत होने की आशंका जताई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भालूचुंआ निवासी तिलक राम पटेल (65 साल) एवं उसके बेटे बोधराम पटेल (40 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बोधराम पटेल छीरपानी गांव के स्कूल में हेड मास्टर के रूप में पदस्थ थे। रविवार होने के चलते वह घर में थे और शाम के समय कहीं से दो क्वाटर



देसी शराब लेकर घर पहुंचे थे। जिसे वह और उसका पिता दोनों पीकर सो गए थे। परिजनों ने बताया कि देर रात अचानक दोनों की तबीयत बिगड़ी और छटपटाने लगे। आनन-फानन परिजन दोनों को खरसिया सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान ही दोनों की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि देसी शराब का सेवन करने के बाद ही यह घटना हुई है और वे चाहते हैं कि इस मामले में जांच उपरांत दोषियों पर कड़ी की जाए। इस घटना की जानकारी मिलते ही खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की है। इस मामले में खरसिया पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्ट रिपोर्ट के बाद ही उन दोनों की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। जिला आबकारी अधिकारी के. खलखो ने बताया कि शराब के सेवन से अगर दोनों की मौत हुई होती तो इसका अन्य लोगों पर भी असर होता है, चूंकि दुकान से अन्य लोगों को भी शराब बेची गई है और अभी तक इस प्रकार की अन्य कोई शिकायत नहीं आई है।

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले में सोमवार की दोपहर पुल से टकराने पर बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल भेजते हुए परिजनों को घटना से अवगत करा दिया है। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में रायगढ़-एकताल मार्ग पर सोमवार की दोपहर 3 बजे के आसपास ओडिशा के झारसुगड़ा जिला के डेहरीडीपा गांव निवासी बलराम डहरिया 18 साल, रायगढ़ की तरफ से वापस अपने गांव लौट रहा था। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक बंजारी मंदिर के आगे पहुंचा ही था कि वह अपनी बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और पुल से टकराया गया। इस दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसे में युवक की मौत हो जाने की सूचना मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को घटना से अवगत कराते हुए शव को मेडिकल कॉलेज भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## संवाद सत्रों के माध्यम से उद्यमिता कौशल का किया गया विकास

देशभर से 175 से ज्यादा प्रतिभागी हुए कार्यक्रम में शामिल

## निटरः महिलाओं को सशक्त बनाने स्वदेशी शक्ति पर राष्ट्रीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर) तथा स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय महिला शोध, प्रशिक्षण एवं विचार वर्ग का आयोजन शनिवार और रविवार को किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में हुआ।

इस वर्ग का उद्देश्य देश में मातृशक्ति की सक्रिय भूमिका को प्रोत्साहन देना और स्वदेशी कार्यों की दिशा को स्पष्ट करना है। स्वदेशी कार्यरत बहनों का इसमें स्वागत किया गया। देशभर से 175 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। यह कार्यक्रम महिला उद्यमियों, शोधकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और संवाद सत्रों के माध्यम से ज्ञान व उद्यमिता कौशल का विकास किया गया।





यह कार्यक्रम न केवल महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्तवपूर्ण कदम है, बल्कि स्वदेशी उत्पादों, आत्मनिर्भरता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के एनआईटीटीटीआर के दृष्टिकोण को भी सशक्त करता है।

### यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

*उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में निर्मला भूरिया (महिला एवं बाल विकास मंत्री) उपस्थित रही। साथ ही सतीश कुमार (राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री, स्वदेशी जागरण मंच), मालती रॉय (महापौर, भोपाल), प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी (निदेशक, एनआईटीटीटीआर, भोपाल) और अर्चना मीना (अखिल भारतीय महिला प्रमुख, स्वदेशी जागरण मंच) भी शामिल हुईं। समापन सत्र में कृष्णा गौर (राज्य मंत्री), वीरा राणा (पूर्व मुख्य सचिव), कश्मीरी लाल (राष्ट्रीय संगठक, स्वदेशी जागरण मंच) और जितेन्द्र गुप्त (अखिल भारतीय सह संयोजक, स्वावलंबी भारत अभियान) डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी (अखिल भारतीय सह प्रमुख, स्वावलंबी भारत अभियान) शामिल रहे। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. पल्लवी भटनागर रहीं। मध्य भारत प्रान्त की महिला कार्य प्रमुख व कार्यक्रम संयोजक सीमा भारद्वाज और कार्यक्रम प्रबंधक प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम टीम वर्क के साथ सफल रहा और सभी प्रतिभागियों को स्वदेशी किट प्रदान की गई जिसमें स्वदेशी उत्पाद रखे गए थे।*

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के चुनाव संपन्न

## डीके यादव संरक्षक तो गांधी बने राजपत्रित संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ को नया अध्यक्ष मिला है। मौजूदा प्रांताध्यक्ष डीके यादव के रिटायरमेंट के बाद रविवार को संगठन के चुनाव हुए। जिसमें सर्वसम्मति से तकनीक शिक्षा एवं कौशल विकास में पदस्थ संतोष गांधी को अध्यक्ष बनाया गया है।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डीके यादव का संघ के पदाधिकारियों ने सम्मान कर विदाई दी। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री शिव चौबे एवं रमेशचंद्र शर्मा अतिथि के तौर पर मौजूद हुए। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डीके यादव ने कहा कि राजपत्रित अधिकारी संघ का इतिहास गौरवशाली रहा है। प्रदेश के



विभिन्न विभागों में पदस्थ राजपत्रित अधिकारियों को आईएएस अवार्ड दिलाने की लड़ाई संघ ने प्रमुखता से लड़ी है।

सरकार के हर कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में राजपत्रित अधिकारियों का विशेष योगदान रहा है। विदाई समारोह के बाद संघ संरक्षक एसएस दांगी एवं अमरसिंह परमार की मौजूदगी में संतोष गांधी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया।

## रोचक खबरें

# बेवफा चायवाला : प्रेमी जोड़ों को 15 दिलजलों को 10 रुपए में चाय

**शाहजहांपुर।** कुछ वक्त पहले सोनम बेवफा का नाम खूब चर्चा में आया था। लेकिन, आजकल शाहजहांपुर का बेवफा चायवाला यहां युवाओ में चर्चा का विषय बना हुआ है। 19 साल का युवक बेवफा चाय वाले के नाम से स्टाल लगाकर खूब कमाई कर रहा है। यहां प्रेमी जोड़े के लिए चाय का रेट अलग है। और प्यार में धोखा खाए प्रेमी को चाय की प्याली के लिए भारी छूट दी जा रही है। बेवफा चाय वाले का कहना है कि पीएम मोदी से प्रेरित होकर पढ़ाई के साथ-साथ




उसने चाय बेचने का यह अनोखा प्रयोग किया है। जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली है। बेवफा चाय वाले की लोग यहां जमकर तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, थाना सिधौली कस्बे का रहने वाले 19 साल के अंकित ने पढ़ाई की फीस चुकाने के लिए अपना रोजगार करने की फैसला किया। अंकित का कहना है कि आज के युवाओं को आत्मनिर्भर होना चाहिए। इसके बाद उसने थाने के पास अपना चाय का स्टाल लगाया। उसे अनोखा बनाने के लिए चाय स्टाल का नाम बेवफा चाई वाला रख दिया। यहां अगर प्रेमी जोड़ा चाय पीने आता है तो उसे इज्जत-सम्मान के साथ 15 रुपए की शुद्ध दूध से बनी स्पेशल चाय दी जाती है। वहीं, अगर कोई उसे यह बता दे कि उसे प्यार में धोखा मिला है तो उसे 5 रुपए की खास छूट देकर 10 रुपए की मसालेदार चाय दी जाती है।

# महिला डीजे ने पैराग्लाइडिंग करते हुए 10 हज़ार फीट की ऊंचाई पर बजाया संगीत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बीर में 10,000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए एक भारतीय डीजे ने लाइव परफॉर्मेंस को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है। इस अद्भुत और अनोखी उपलब्धि ने सोशल मीडिया यूज़र्स का ध्यान खींचा है। वीडियो में डीजे अपने इक्विपमेंट से मज़बूती से बंधी हुई, खूबसूरत नजारों और पहाड़ों के बीच ग्लाइडिंग करते हुए आत्मविश्वास से हवा में ट्रैक मिक्स करती हुई दिखाई दे रही हैं। उनके साथ मौजूद पैराग्लाइडिंग ट्रेनर भी म्यूजिक का मजा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। पूरी तरह सफेद कपड़े पहने, उन्होंने अपने पूरे डीजे सेटअप के साथ आसमान में उड़ान भरी



और 10,000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए लाइव परफॉर्मेंस दी। हवा में ट्रैक मिक्स करते हुए और अपनी धुनों पर पूरी तरह थिरकते हुए ऊंचाई पर पहुंची। इस रोमांचक अनुभव को एक अविस्मरणीय अनुभव में बदल दिया, जहां पैराग्लाइडिंग ट्रेनर उनके साथ हर पल का आनंद ले रहे थे। इंस्टाग्राम यूज़र्स ने डीजे की क्रिएटिविटी और बहादुरी की सराहना की। एक यूजर ने चिंता जाहिर करते हुए लिखा, 15 सेकंड के वीडियो के लिए अपनी जान जोखिम में डालना अच्छा विचार नहीं है, ईश्वर आपके साथ रहे।

## कला

**पीढ़ियों से कर रहे सुपारी के खिलौने और मूर्तियों का निर्माण**

# सुपारी वाली गणेश मूर्ति खरीदने मचती है होड़, विदेश में भी डिमांड

**रीवा।** आपने पत्थर, संगमरमर, लकड़ी और धातुओं से बनी कई प्रकार की कलाकृतियों को देखा होगा, लेकिन क्या आपने कभी सुपारी से बनी कलाकृतियों को देखा है? क्या आपने सोचा है कि पान या जर्दे के साथ खाने वाली सुपारी की भी कलाकृतियां बनाई जा सकती हैं? सुपारी एक ऐसी वस्तु है जो देश के बड़े हिस्से में पाई जाती है। अधिकतर लोग यह जानते हैं कि सुपारी केवल खाने की वस्तु है, लेकिन रीवा के कुंदेर परिवार के लोग सुपारी से कई तरह के मूर्ति का निर्माण करते है। इनके यहां सुपारी से बनाई गई गजानन की मूर्ति खूब पसंद की जाती है।



### शिल्पकारी का जवाब नहीं

सुपारी की कलाकृति से राधा कृष्ण की मूर्ति के अलावा रीवा का ये विशेष कुंदेर परिवार भगवान गणेश की मूर्ति को आकार देता है। सुपारी की अलग अलग कलाकृति बना कर भगवान गणेश के अंग, आभूषण, और वस्त्र तैयार किए जाते है। इन कलाकृतियों में चमक लाने के लिए तैयार की गई गणेश जी की मूर्ति में पॉलिश की जाती है। रीवा शहर सुपारी की कलाकृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

### राज दरबार से हुई थी शुरुआत

बात 1942 की है। रीवा के फोर्ट रोड में भगवान सिंह कुंदेर का परिवार रहता था। भगवान के बेटे राम सिया लकड़ी के खिलौने बनाते थे। हुआ यूं कि रीवा के महाराज गुलाब सिंह पान खाने के शौकीन थे। लेकिन, सुपारी उनके दांतों में लग जाया करती थी। जिसके बाद महाराज ने कुंदेर परिवार को हुक्म दिया कि वे सुपारी को इस तरीके से काटें कि वो मुंह में न लगे। इसी दौरान जब राम सिया ने सुपारी को भिगो कर काटा और महाराज के सामने पेश किया तो बेहद खुश हुए। इसी दौरान राम सिया ने सुपारी से कुछ अलग करने का सोचा। सबसे पहले उन्होंने सुपारी से सिंदुर की डिब्बी बनाई और महाराज के सामने इसे भी पेश किया। जिससे खुश होकर महाराज ने 51 रुपए का इनाम दिया था।



### तोहफे में दिए जाते हैं सुपारी के गणेश जी

साल 1960 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद रीवा आए उन्हें सुपारी से बनी वर्किंग स्टिक कुंदेर परिवार ने दी। इसके बाद 1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रीवा आई उन्हें तोहफे के रुप में सुपारी का टी सेट दिया गया। इसके बाद तो सिलसिला चल निकला। तब से अब तक रीवा आने वाले हर आम और खास को तोहफे में सुपारी के गणेश जी और खिलौने ही दिए जाते हैं।

### इंदिरा गांधी भी कर चुकी तारीफ

रीवा में कुंदेर परिवार के द्वारा संचालित ऐसी कई दुकानें है जो पीढ़ियों से सुपारी के खिलौने और मूर्तियों का न सिर्फ निर्माण करते आ रहे है, बल्कि इस कला को महंगाई के दौर में जीवित भी रखा गया है। सुपारी की मूर्तियों का इतिहास भी काफी पुराना है। इस कला की शुरुआत वर्ष 1942 में सुपारी से सिंदूर की डिब्बी बनाने से हुई थी।

### पूरे देश से आते हैं ऑर्डर

यह डिब्बी राज परिवार के लिए बनाया गया था। आज सबसे ज्यादा सुपारी से गणेश जी की मूर्ति बनाई जा रही है। इस वर्ष भी गणेश उत्सव के दौरान इनके यहां से काफी संख्या में सुपारी से बने हुए गणेश जी खरीदे गए है। इतना ही नहीं, रीवा से दूर दूर तक इन मूर्तियों की सप्लाई होती है। पूरे देश से इन मूर्तियों को बनाने के लिए ऑर्डर मिलते है।

# पानी से नफरत करती है यह महिला, कमी पूरी करने के लिए रोज खर्च करती है हजारों!

**लंदन।** जल ही जीवन है। पर क्या कोई पानी पीने से ही नफरत कर सकता है? आपने पानी से डर, जिसे हाइड्रोफोबिया कहते हैं, तो शायद जरूर सुना होगा, पर पानी पीने से ही नफरत? हैरानी की बात लगती है। पर 52 साल की ट्रायथलीट लोरी चीक का कहना है कि कि वह पानी से इतनी नफरत करती हैं कि उन्हें इसकी वजह से दो बार अस्पताल जाना पड़ा, और अब वे कॉफी और बीयर से शरीर में पानी की कमी को पूरा करती हैं और



उसके लिए बाकायदा अच्छी खासी रकम भी खर्च करती हैं। इस आदत की वजह से सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है। लोरी को बचपन से ही पानी पसंद नहीं था, और उनके माता-पिता भी पानी से दूर रहते थे। वे कहती हैं, मैं तंग, कूल-एड और कैप्रिसन जैसे फ्लेवर्ड ड्रिंक्स पर बड़ी हुई। मैंने कभी भी पानी पीने से बचने की कोशिश की। उन्होंने जिम में ज्यादा मेहनत करने के बाद दो बार आपातकालीन वार्ड का रुख किया। यह डरावना अनुभव था और मुझे एहसास हुआ कि हाइड्रेशन को हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसके बाद से उन्होंने फ्लेवर्ड तरीकों से हाइड्रेट रहने पर ध्यान देना शुरू किया।

### पानी को लेकर अलग ही राय

लोरी का कहना है कि उन्हें लोगों की राय से कोई फर्क नहीं पड़ता, और वे मानती हैं कि लोग पानी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करते हैं। वे कहती हैं, 'पानी को हाइड्रेशन का एकमात्र साधन माना जाता है, लेकिन यह सही नहीं है। लोग इसे रिफ्रेशिंग कहते हैं, लेकिन मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। यह मेरे गले से नीचे उतरते वक्त स्लाइमी और बेकार लगता है। मुझे फ्लेवर चाहिए।

# स्पेस की खौफनाक अंधेरी कोठरी, तारे का पीठ चीरकर निकल रही ये चीज

**वॉशिंगटन।** एस्ट्रोनॉट्स ने सौर मंडल के बाहर बन रहे ग्रहों का पता लगाया है। कई सालों से वैज्ञानिक मानते थे कि रिंग्स में जो गैप दिखते हैं, वे बनते हुए ग्रहों की वजह से होते हैं, लेकिन कोई पक्का सबूत नहीं था। लेकिन, इस खोज से अब वह सबूत मिल गया है। हमारे सोलर सिस्टम यानी सौर मंडल में 8 ग्रह मौजूद हैं। हालांकि काफी समय तक इसमें नौ ग्रह हुआ करते थे, लेकिन फिर प्लूटो को ग्रह की कैटेगरी से हटा दिया गया। लेकिन, आज तक एस्ट्रोनॉट्स इस बात का पता नहीं लगा सके थे कि एक ग्रह कैसे बनता है। लेकिन, अब अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक टीम को पहली बार एक ऐसा ग्रह मिला है जो अभी बन रहा है और युवा तारों के चारों ओर मौजूद धूल और गैस से बनी रिंग के बीच के अंधेरे गैप में छिपा था। यह खोज खगोलशास्त्र की दुनिया में बहुत अहम माना जा रहा है।



### क्यों है ये खोज खास

ये खोज एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुई है, जिसे यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के प्रोफेसर लेयर्ड क्लोज और लीडेन ऑब्जर्वेटरी के ग्रेजुएट स्टूडेंट्स रिशेल वान कैपलवीन ने लीड किया। इस खोज से एक पुरानी थ्योरी

### कैसे देखा गया ग्रह?

जब गैस किसी नवजात ग्रह पर गिरती है, तो उससे एक खास प्रकार की हाइड्रोजन लाइट निकलती है, जिसे **H-alpha** कहा जाता है। वैज्ञानिकों ने इसी प्रकाश का पीछा करते हुए विस्पिट 2बी को देखा. इस ग्रह की स्थिति उसके तारे से लगभग 56 खगोलीय इकाइयों दूर है। यह दूरी हमारे सौरमंडल में नेपच्यून से भी बाहर होती है। इसका अनुमानित वजन बृहस्पति से 5 गुना ज्यादा है। एस्ट्रोनॉट्स का मानना है कि इस सिस्टम में एक दूसरा ग्रह भी हो सकता है, जिसका नाम **CC**1 रखा गया है। यह विस्पिट 2बी से कुछ अंदर है और इसका अनुमानित द्रव्यमान लगभग 9 बृहस्पति के बराबर बताया गया है। पूरा सिस्टम जिसे विस्पिट 2कहा गया बहुत खास है, क्योंकि इसमें दो ग्रह, चार रिंग्स और चार गैप्स मौजूद हैं। यह इस बात का मजबूत संकेत है कि ग्रह अपने चारों ओर की रिंग में गैप बनाते हुए उभरते हैं।

# यूपीआई लेनदेन की संख्या अगस्त में 20 अरब के पार

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन की संख्या अगस्त में 20 अरब को पार कर गई। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। इस दौरान मूल्य के लिहाज से 24.85 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। यह आंकड़ा जुलाई में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। मूल्य के लिहाज से अब तक का सबसे अधिक यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मात्रा के लिहाज से जुलाई में सबसे अधिक 19.47 अरब लेनदेन हुए थे।एनपीसीआई के अनुसार यूपीआई लेनदेन की राशि 21 प्रतिशत बढ़कर 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 20.60 लाख करोड़ रुपये था। एनपीसीआई ने बताया कि मात्रा के लिहाज से लेनदेन अगस्त 2024 के 14.9 अरब से 34 प्रतिशत बढ़कर अगस्त 2025 में 20.01 अरब हो गया।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**जेआईआईटी ने लांच किया ऑनलाइन बीबीए और एमबीए कार्यक्रम**

# शिक्षा में 25 वर्षों की उत्कृष्टता, अब एक साहसिक डिजिटल कदम

**हरिभूमि न्यूज, नोएडा।**

जेपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (जेआईआईटी) के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने हाल ही में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) के ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों की मंजूरी के लिए केंद्र ने यूजीसी को आवेदन किया है। ये कार्यक्रम छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से व्यवसाय और प्रबंधन में अपनी योग्यता बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं, जो कि आजकल के प्रतिस्पर्धी माहौल में एक आवश्यक बढ़त है।

यह केवल एक और ऑनलाइन कोर्स नहीं है यह गुणवत्ता का मानक है, जो अत्याधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाई-एंड स्टूडियोज और एक ऐसे इंटरैक्टिव डिजिटल क्लासरूम से संचालित है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा का अनुकरण करना नहीं, बल्कि यह




पूरी तरह से पुनर्परिभाषित करना है कि शिक्षा कैसे दी जाती है और अनुभव की जाती है। इस क्रांति के पीछे हैं ऐसे विशेषज्ञ जिनकी शिक्षा हार्वर्ड,, इनसीड,आईआईटी, आईआईएम, पर्ड्यू और बर्कलेजैसे विश्व के शीर्ष संस्थानों से हुई है और जो मिलकर एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं जो बॉर्डरलेस, इमर्सिव और परिणाम-केंद्रित है।

इस ऐतिहासिक पहल का उद्घाटन सोमवार को हुआ। यह जेआईआईटी के लिए एक नए युग की शुरुआत है, जिसमें वह ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में अनुयायी नहीं, अग्रणी के रूप में प्रवेश कर रहा है। जेआईआईटी के कुलाधिपति मनोज गौर ने इस अवसर पर घोषणा की, कि यह नवाचार का दशक है और हम इसका नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।" वे जेपी उच्च शिक्षा प्रणाली में डिजिटल शिक्षण युग के शिल्पकार रहे हैं, और हमेशा यह सुनिश्चित करते रहे हैं कि जेआईआईटी विश्वस्तरीय, अत्याधुनिक तकनीक को अपनाते हुए, समय के साथ आगे रहे और यह सुनिश्चित करे कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों के लिए एक सहज शिक्षण अनुभव के लिए इसका लाभ उठाए। जेआईआईटी के प्रवक्ता ने कहाकि हमने पारंपरिक शिक्षा को डिजिटल में बदलने की कोशिश नहीं की, हमने इसे फिर से गढ़ने की ठानी है। यह बदलाव नहीं, यह एक परिवर्तन है।

सीईओ मनु भास्कर गौर ने कहाकि शिक्षा केवल कंटेंट डिलीवरी नहीं है, यह कनेक्शन है। इसलिए हमने वार्षिक इन-पर्सन मीटअप्स, पीयर कम्युनिटीज़ और लाइव मेंटरशिप जैसी पहलें की हैं, ताकि हर छात्र को यह महसूस हो कि वह किसी बड़े मिशन का हिस्सा है चाहे वह कहीं भी हो। ऑनलाइन बीबीए और ऑनलाइन एमबीए का उद्देश्य ऐसे नेता तैयार करना है जो डिजिटल सोच रखते हों, वैश्विक स्तर पर कार्य कर सकें और नैतिक नेतृत्व करें।

# सोना 1000 और चांदी 1000 रुपए चढ़कर नए शिखर पर



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सोमवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के चलते सोने की कीमतों में तेजी आई। यह लगातार छठा कारोबारी सत्र है जब सोने में तेजी रही। इसके साथ ही चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये चढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शनिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,04,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 800 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,04,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर बढ़ती चिंताओं और शुल्क नीतियों को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुझान बढ़ने से कीमती धातु में तेजी आई।

## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9202613238, 9229187457 (रायपुर /03/सितम्बर/25)

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्ति : चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाडू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800 (रायपुर /01/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5976



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक,दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला,जाम-2
11. टोंटी,नलका-2
12. आनंद,जूस-2
13. प्रतिज्ञा,शपथ-3
16. सिमरन,सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन,लेखनी-3
22. कमल,जलज-3
23. क्रोध,गुस्सा-2
24. पाश,फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव,प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल,श्रेष्ठ-3
3. धनवान,संपन्न-3
4. प्राणेद्रिय,इज्जत-2
5. दैत्य,असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार,पार लगाना-3
10. शरण,आश्रय-3
14. चूर-चूर,ढहा-5
15. टोंटी,नलका-2
17. युद्ध,संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र,दोस्त.मीत-2
27. हूर,अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर,नैहर-3
34. युक्तिवाद,पैरवी-3
35. टब,परात,तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत,तह-2
41. कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -5975 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | ■ | ■ | कु | रा | न | ■ |
| था | न | ■ | र | ■ | कै | ला | श | ■ | भ | ला |
| बा | ■ | ■ | खा | बिं | द | ■ | ल | ■ | ■ | य |
| च | म | क | ना | ■ | ■ | त | ■ | क | स | क |
| क | ■ | या | ■ | क | ल | क | ल | ■ | ली | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | ल | ■ | रा | ■ | शा | म | ■ |
| ■ | रा | ■ | क | र | ता | र | ■ | म | ■ | ख |
| श | म | न | ■ | व | ■ | ■ | म | त | ल | ब |
| ह | ■ | ■ | म | ■ | दा | म | न | ■ | ■ | र |
| र | थ | ■ | ग | र | म | ■ | च | ■ | दा | दा |
| ■ | ल | की | र | ■ | ■ | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकु नवताल - 5986

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SEMACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5985 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

हरिभूमि
सहेली
जबलपुर, मंगलवार
2 सितंबर 2025

विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर



# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
**डॉ. मोनिका शर्मा**

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही



## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है। a



# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।

वर्किंग वूमेन
**प्रतिभा अग्निहोत्री**

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

**कोई भी** गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को जरूर बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।



**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** अकसर हर प्रोजेक्ट की समय सीमा होती है, बेहतर है कि आप अपने कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य तो समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके। a



हेयर केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।



**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।



**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।



**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें। a

अवेयरनेस
**बुशरा फातमा**

सस्टेनेबल लाइफस्टाइल का मतलब है चीजों और ऊर्जा का सीमित उपयोग। ऐसा करके आप पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। इसके लिए बस छोटी-छोटी कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। उपभोक्तावाद की आदतों से हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ भी नहीं बचेगा। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे। अपनी दैनिक दिनचर्या में हमें ऐसी आदतें शामिल करनी होंगी, जो पर्यावरण के साथ-साथ हमें भी मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रखें।



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। बिना जरूरत के ट्रेंड के हिसाब से चलना दरअसल, प्रकृति पर अनावश्यक बोझ डालता है। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान जैसे कपड़े, फुटवियर, बैग आदि खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। बाहर जाते समय अपनी जरूरत की चीजें बैग में रखना नहीं भूलें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। मार्केट में फोल्डेबल स्टील गिलास आसानी से मिल जाता है, चाहें तो उसे अपने बैग में हमेशा रखें। पेपर या प्लास्टिक कप पर्यावरण के लिए अच्छे नहीं होते। इन्हें आसानी से डिकंपोज नहीं किया जा सकता है। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। दैनिक कार्यों के लिए पानी का ढंग से और सीमित इस्तेमाल करना अब बहुत आवश्यक हो गया है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, नहाते समय या कपड़े धोते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है। लेकिन अगर यह संभव न हो तो एलईडी बल्ब का इस्तेमाल कीजिए। नए उपकरण खरीदते समय इस बात पर भी ध्यान जरूर दें कि उसमें ऊर्जा खपत कितनी होती है? a



# महिला विश्व कप की चैंपियन को मिलेंगे इस बार 40 करोड़

## आईसीसी ने की विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 11.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड़ रुपए) की बढ़ोतरी की गई है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है।

### महिला क्रिकेट के लिए नया मानदंड स्थापित

आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपए) घोषित की है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।' न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपए थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 की पुरस्कार राशि से अधिक है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.26 करोड़ रुपए) थी।




### उपविजेता टीम को मिलेगी 19.77 करोड़ रुपए की राशि

महिला वनडे विश्व कप की उपविजेता टीम को अब 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपए) जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपए) मिलेंगे। ग्रुप चरण जीत दर्ज करने पर टीमों को 34,314 डॉलर (लगभग 30.29 लाख रुपए) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 डॉलर (लगभग 62 लाख रुपए) और सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 280,000 डॉलर (लगभग 24.71 लाख रुपए) मिलेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 250,000 डॉलर (लगभग 22 लाख रुपए) मिलेंगे।

### दुनिया में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना

आईसीसी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दुनिया भर में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना और उसे पुरुष क्रिकेट के बराबर लाना है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा, 'यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक मील का पत्थर साबित होगी। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा।'

---

## खबर संक्षेप



### अमेरिकी ओपन जूनियर माया पहुंची दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती ने चीन की झांग कियान वेइ को अमेरिकी ओपन जूनियर लड़कियों के एकल वर्ग में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली लेकिन हितेश चौहान सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। कोयंबटूर की रहने वाली 16 वर्ष की माया ने 7-6, 6-3 से जीत दर्ज की। माया स्पेन के मालोरका में रफेल नडाल अकादमी की छात्रा हैं। अब वह ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से खेलेंगी, जिन्होंने एस्पेन शूमैन को 6-0, 6-2 से हराया। वहीं चंडीगढ़ में राउंड ग्लास अकादमी के छात्र हितेश को अमेरिका के जैरिड गेनेस जूनियर ने पहले दौर में 6-2, 6-4 से हराया। कृष त्यागी भी स्वीडन के लुडविग हेडे से 3-6, 1-6 से हार गए।

### सोराना ने लगाई ट्रॉफी वापस करने की गुहार



**न्यूयॉर्क।** टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने कहा है कि हाल ही में एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। सोराना एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है, कृपया उसे वापिस लौटा दो। इसकी वैसे कोई कीमत नहीं है लेकिन भावनात्मक कीमत है।' रोमानिया की 35 वर्ष की क्रिस्टी ने इस महीने क्लीवलैंड में अपने कैरियर का तीसरा एकल खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में 11वीं रैंकिंग वाली कैरोलिना मुचोवा से हार गई थी।

### यूरोपीय मास्टर्स : संयुक्त 33वें स्थान पर अहलावत



**क्रांस मोंटाना।** भारत के वीर अहलावत अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से यूरोपीय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर रहे। डीपी विश्व टूर पर पैर जमाने की कोशिश कर रहे अहलावत का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने चार दौर में 69, 64, 70 और 68 के स्कोर बनाए। अहलावत ने लगातार चौथी बार कट हासिल किया। वह अभी डीपी विश्व टूर तालिका में 129वें स्थान पर हैं और अगर कुछ और टूर्नामेंट में अच्छे नतीजे हासिल करते हैं तो टूर पर अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं। शुभंकर शर्मा का संघर्ष जारी रहा और वह इस हफ्ते लगातार 13वें टूर्नामेंट में कट हासिल करने में विफल रहे। बेहद खराब शुरुआत से उबरने के बाद दो बार के विजेता फ्रिस्टन लॉरेंस ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त से खिताब जीता।

---

### यूएस ओपन : क्वार्टर फाइनल में सबालेंका, क्रेसिकोवा, जेसिका, कार्लोस और नोवाक

# अल्काराज ने तोड़ा बोरिस बेकर का रिकॉर्ड सबालेंका लगातार 5वीं बार अंतिम-8 में

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। वहीं कार्लोस अल्काराज सबसे कम उम्र में 12वीं बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम-8 में पहुंच गए। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्काराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे।



### ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची जेसिका

चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा, जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया।

### अल्काराज का सामना जिरी लेहेका से



कार्लोस अल्काराज ने फ्रांस के आर्थर रिंडर्कनेक को सीधे सेटों में 7-6 (3), 6-3, 6-4 से हराया। इसके जरिए स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे नौजवान खिलाड़ी बना। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे। अल्कराज का सामना अब चेक रिपब्लिक के जिरी लेहेका से होगा। लेहका ने एड्रियन मनारिनो को 7-6 (4), 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एल्कराज साल 2025 में सभी चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इस दौरान ऑस्ट्रेलियन ओपन में वह अंतिम-8 में हार गए थे फिर फ्रेंच ओपन जीता तो विंबलडन के फाइनल में हारे।

**2025 के सभी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्कारा‌ज**



### नोवाक 64वीं बार खेलेंगे ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल

नोवाक जोकोविच ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गर्दन दर्द का सामना करते हुए 144वीं रैंक के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। तीसरे सेट के दौरान उन्हें गर्दन में समस्या हुई और फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके चलते उन्होंने दो गेम गंवाए। हालांकि इसके बाद भी वह जीत हासिल करने में सफल रहे। 38 साल के जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। इस खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए चेक रिपब्लिक के टॉमस मैकहैक को 6-4, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

### क्रेसिकोवा ने टाउनसेंड को दी मात

महिला एकल में बारबोरा क्रेसिकोवा ने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6 (13), 6-3 से मात दी। टाउनसेंड दूसरे सेट में आठ मैच पॉइंट को भुना पाने में नाकाम रही। इस दौरान 25 मिनट तक टाईब्रेकर में मुकाबला चला। टाउनसेंड का यह 31वां ग्रैंड स्लैम था और वह अभी तक एक भी बार क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकी। क्वार्टर फाइनल में क्रेसिकोवा और पेगुला की ही टक्कर होगी। वहीं सबालेंका क्रिस्टिना बुकसा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

---

### आईसीसी ने ठोका जुर्माना

# वनडे सीरीज जीतने के बाद भी श्रीलंका टीम को झटका



एजेंसी ▶▶ दुबई

जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्विप के बाद भी श्रीलंका की टीम को बड़ा झटका लगा है। आईसीसी ने श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। श्रीलंका की टीम ने 2 मैचों की वनडे सीरीज में जिम्बाब्वे को उसी के घर में 2-0 से क्लीन स्विप किया।

श्रीलंका ने पहला वनडे मैच 7 रनों से और दूसरा 5 विकेट से जीत हासिल किया। अब सीरीज जीत के बाद श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। दरअसल आईसीसी ने श्रीलंका टीम पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारी जुर्माना लगाया है। पहले मैच में स्लो ओवर रेट के लिए श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### स्लो ओवर रेट की वजह से मिली सजा

आईसीसी मैच रेफरी ने ये सजा सुनाई है। जांच में पाया गया कि श्रीलंका टीम ने निर्धारित समय में कम ओवर डाले। नियमों के मुताबिक, आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यदि कोई टीम निर्धारित समय में ओवर पूरा नहीं करती है तो खिलाड़ियों की मैच फीस में से हर एक ओवर के लिए 5 प्रतिशत कटौती की जाती है। अब श्रीलंकाई खिलाड़ियों की मैच फीस में 5 प्रतिशत कटौती होगी।

### पहला वनडे मैच था बेहद रोमांचक

श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने इस अपराध को स्वीकार कर लिया है। हालांकि जिम्बाब्वे और श्रीलंका के बीच खेला गया पहला वनडे मुकाबला बेहद ही रोमांच रहा था। जिम्बाब्वे को आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे और 5 विकेट हाथ में थी और क्रीज पर 2 सेट बैट्समैन थे, लेकिन दिलशान मदुशनका ने हैट्रिक लेकर श्रीलंका को शानदार जीत दिलाई थी। इसके बाद दूसरा मैच भी श्रीलंका ने शानदार तरीके से जीता। पथुम निसांका ने शानदार शतक लगाया।

### 3 सितंबर से टी20 सीरीज

जिम्बाब्वे और श्रीलंका के बीच अब 3 टी20 मैचों की सीरीज की 3 सितंबर से शुरुआत होगी। दूसरा मुकाबला 6 सितंबर और तीसरा 7 सितंबर को खेला जाएगा। टी20 सीरीज के भी सभी मुकाबले हरारे के मैदान पर खेले जाएंगे। इसके बाद श्रीलंका की टीम एशिया कप 2025 में शिरकत करेगी।

### आईएलटी20 आयोजकों के संपर्क में अश्विन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों से विदा ले चुके दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुष्टि की है कि वह 2 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक यूएई में होने वाले आईएलटी 20 के अगले सत्र की नीलामी का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। अगले कुछ दिनों में 39 वर्ष के होने जा रहे अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास लिया है, जिसके बाद वह दूसरे देशों में टी20 लीग खेल सकते हैं। भारत के लिए 287 मैचों में 765 विकेट ले चुके अश्विन ने कहा ,' मैं आयोजकों के संपर्क में हूं। उम्मीद है कि नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने पर मुझे कोई खरीदार मिल जाएगा।' नीलामी 30 सितंबर को दुबई में होगी और रजिस्ट्रेशन दस सितंबर तक पूरे हो जाएंगे। पहली बार आईएलटी20 में नीलामी हो रही है जबकि अब तक खिलाड़ी चुनने के लिए ड्राफ्ट व्यवस्था थी।

### प. दिल्ली लायंस ने जीता खिताब...




**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली लायंस पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया।

### टेस्ट क्रिकेट से इंग्लिश तेज गेंदबाज ओवरटन ने लिया अचानक ब्रेक

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की क्योंकि अब वह 'सभी प्रारुपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध' नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ दो टेस्ट खेलने वाले 31 वर्षीय ओवरटन ने पिछला टेस्ट भारत के खिलाफ ओवल में पांच मैच की घरेलू श्रृंखला के दौरान खेला था, जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी।

**भविष्य में मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर**

ओवरटन ने कहा, 'काफी सोच-विचार के बाद मैंने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'मेरे करियर के इस पड़ाव पर 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की जरूरत को देखते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से हर स्तर पर सभी प्रारुपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना अब संभव नहीं है।'

### नाथन साउटर ने अपनी पहली सात गेंदों में तीन विकेट झटके

# द हंड्रेड : ओवल इन्विंसिबल्स ने लगातार तीसरी बार जीता खिताब

एजेंसी ▶▶ लंदन

द हंड्रेड 2025 के फाइनल में इन्विंसिबल्स ने अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए इतिहास रच दिया। ओवल इन्विंसिबल्स ने ट्रेंट रॉकेट्स को 26 रन से हराकर लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया वे इस फॉर्मेट के सुपर चैंपियन हैं।

विल जैक्स और जॉर्डन कॉक्स की बल्लेबाजी और स्पिनर नाथन साउटर की गेंदबाजी ने मुंबई इंडियंस के सह मालिकाना हक वाली टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जैक्स और कॉक्स ने मिलकर 55 गेंदों पर 87 रन जोड़ते हुए टीम को 168 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं, स्पिनर नाथन साउटर ने रॉकेट्स की पारी की कमर तोड़ दी। उन्होंने अपने पहले सात गेंदों में तीन विकेट झटके और खेल को पूरी तरह इन्विंसिबल्स के पक्ष में मोड़ दिया।



### विजेता टीम को मिली 1.80 करोड़ रुपए की प्राइज मनी

द हंड्रेड की विजेता टीम को 150,000 डालर की प्राइज मनी दी जाती है, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 1.80 करोड़ रुपए है। वहीं, टूर्नामेंट की रनर अप टीम के खाते में 75 हजार डॉलर यानी लगभग 90 लाख रुपए मिले। वहीं टॉप रन-स्कोरर जॉर्डन कॉक्स को अतिरिक्त 6 लाख रुपए का पुरस्कार मिला, जबकि मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के जोश टंग को सबसे ज्यादा 14 विकेट लेने के लिए 6 लाख रुपए मिले। इसके साथ ही टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर को भी 6 लाख का पुरस्कार दिया गया।

VEHICLE AVAILABLE
for SALE
Tata Lpt 1109
Model - 2015
MP-20-GA-9350
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

VEHICLE AVAILABLE
for SALE
Maruti Wagon r
Model 2023
MP20-ZH-6182
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

दमोह से भागे, बटे और फिर दबोचे गए, जबलपुर पुलिस की सूझबूझ से पहली बार बड़ी रिकवरी

**दास गैंग' का फिल्मी अंत...**

# खितौला बैंक डकैती का मास्टर माइंड, मददगार के साथ गिरफ्तार

## खेत में छुपाया तीन किलो सोना समेत नगदी 50 हजार बरामद

हरिभूमि, जबलपुर।

*खितौला के इंसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त को हुई डकैती किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। हथियारबंद बदमाश दिनदहाड़े बैंक से 14.8 किलो सोना और 5 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। लेकिन फिल्म का असली हीरो निकली जबलपुर पुलिस, जिसने 20 दिनों की दिनरात मेहनत के बाद गैंग के सरगना बिहार के गया जिला निवासी 38 वर्षीय राजेश दास उर्फ आकाश दास को उसके मददगार साथी गया निवासी 26 वर्षीय इंद्रजीत दास उर्फ सागर दास के साथ दबोच लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 3 किलो सोना और 50 हजार नगदी बरामद कर ली।*

### दमोह ठिकाना फिर अलग-अलग भागने की चाल

डकैती के तुरंत बाद गैंग दमोह पहुंचा और वहां से सब अलग-अलग रास्तों पर छिप गए। यह खुलासा पुलिस के लिए अहम रहा। इसी से जांच की दिशा बदली और टीम को ठिकानों तक पहुंचने का रास्ता मिला। पहली बार इस डकैती में सोना बरामद हुआ, जो पीड़ित जनता के लिए राहत की खबर है।

### फिल्मी अंदाज वाला अपराधी

राजेश दास का स्टाइल किसी बॉलीवुड विलेन से कम नहीं था। वह हमेशा से मोबाइल से दूरी बनाए रखता था। जिसकी वजह से पुलिस को आरोपी तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था। पुलिस के जाल से बचने का यह अनोखा तरीका लंबे समय तक कारगर रहा, लेकिन ज्यादा दिन टिक नहीं पाया।

### ऐसे टूटा गैंग का शिकंजा

जबलपुर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सुरागों से आरोपी रईस को पकड़ा। उसकी लोकेशन ने ही राजेश तक पहुंचने का रास्ता खोला। इसके बाद इस गिरोह का एक मददगार इंद्रजीत गया जिले के गुरुवा थाना इलाके से पुलिस के हत्थे चढ़ा। जिसने पूछताछ में डोभी थानांतर्गत सरगना राजेश के छुपने का ठिकाना बताया। घेराबंदी कर राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने डकैती की बात कबूल की और खेत में छुपाया सोना बरामद कराया।

### जेल में बनी थी साजिश

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता में खुलासा किया कि राजेश रायगढ़ बैंक डकैती मामले में जेल में बंद था और वहीं से उसने खितौला वारदात की पूरी प्लानिंग बनाई थी। 18 जून को ही जेल से छूटा था और 11 अगस्त जेल से बाहर आया और सीधे डकैती को अंजाम दिया।



पुलिस की फिल्मी स्क्रिप्ट जैसी सफलता

इस सफलता में आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह के मार्गदर्शन और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की सतत मॉनीटरिंग में क्राइम ब्रांच और कई थानों की संयुक्त टीमों ने जी-जान से काम किया। मैदानी स्तर पर एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह के साथ डीएसपी क्राइम उदयभान सिंह बागरी, एसडीओपी सिहोरा प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य सिंघारिया, सीएसपी बरगी अंजुल अयंक मिश्रा एवं सीएसपी रांझी सतीश साहू जुटे थे। दमोह से लेकर बिहार तक फैला यह ऑपरेशन किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा रहा लेकिन अंत में जीत कानून की हुई।

### दस सालों से बैंक लुटेरा

राजेश दास 2011 से लेकर अब तक बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों गया, सासाराम, जमुई, पुरुलिया रोहतास, गिरडी, रायगढ़ में हुई एक दर्जन से ज्यादा बैंक डकैतियों में शामिल रहा है। उसके ऊपर 12 मामले दर्ज हैं। हर बार पुलिस को छकाता रहा, लेकिन इस बार जबलपुर पुलिस ने उसकी सारी चालें नाकाम कर दीं।

### बाकी आरोपी भी जल्द सलाखों में

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता जनता की मेहनत की कमाई को सुरक्षित लौटाना था और इसमें सफलता मिली। गैंग के बाकी सदस्य भी जल्द गिरफ्त में होंगे।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

सम्पूर्ण कार्रवाई में टीआई खितौला अर्चना सिंह जाट, क्राइम टीआई शैलेश मिश्रा, टीआई पाटन गोपेंद्र राजपूत, टीआई गोसलपुर राजेंद्र सिंह मर्सकोले, टीआई घमापुर प्रतीक्षा मार्को , लाइन में पदस्थ टीआई धनीराम बरकड़े, टीआई पूर्वा चौरसिया, चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर एसआई दिनेश गौतम, चौकी प्रभारी रामपुर एसआई प्रभाकर सिंह परिहार, चौकी प्रभारी बस स्टैंड एसआई जगन्नाथ यादव, क्राईम ब्रांच के एसआई चंद्रकांत झा, एएसआई प्रशांत सोलंकी, मोहन तिवारी, कैलाश मिश्रा, नरेश पासी, हवलदार मोहन सिंह, राजेश पाण्डे, अखिलेश पाण्डे, हितेन्द्र रावत, मनीष सिंह, सुतेन्द्र यादव, अरविंद श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, वीरेन्द्र सिंह, अटल जंघेला, रूस्तम अली, सिपाही गोविंद प्रसाद राय, प्रदीप तेकाम, प्रमोद सोनी, सतेन्द्र बिसेन, रीतेश शुक्ला, पकंज सिंह, प्रीतम उपाध्याय, जय प्रकाश तिवारी , शिव सिंह, आशुतोष बघेल, राजेश मिश्रा, त्रिलोक पारधी, राजेश मातरे, विनय सिंह, अजीत कुमार, आरक्षक चालक मुकेश परिहार, डीएसबी के एएसआई धनंजय सिंह रणजीत यादव थाना गढ़ा के संतोष जाट, नीरज तिवारी, गोहलपुर से आलोक यादव, गोरखपुर से अश्वनी द्विवेदी, बस स्टैंड चौकी से सिपाही उदय की सराहनीय भूमिका रही है ।

जबलपुर समेत प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की विशेष तैयारी

# त्योहार, मेले और वीकेंड पर रेलवे रहेगी सतर्क

हरिभूमि जबलपुर।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल ही में महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ की घटना के बाद रेलवे ने भीड़ प्रबंधन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अब हर तीन माह में मंडल स्तर पर अग्रिम कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसमें जबलपुर मंडल की भूमिका भी अहम है। त्योहार, मेला और वीकेंड जैसे अवसरों पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने रोडमैप तैयार किया है।



रेलवे बोर्ड इन दिनों आने वाले प्रमुख आयोजनों और त्योहारों पर नजर रख रहा है। रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में संभावित भीड़ का अनुमान लगाकर यात्रियों की आवाजाही को सुगम और सुरक्षित बनाने के उपाय तय किए जा रहे हैं। जबलपुर स्टेशन को उन 12 प्रमुख स्टेशनों में शामिल किया गया है, जहां विशेष अवसरों पर भारी भीड़ उमड़ती है।

### स्थानीय आयोजनों पर विशेष फोकस

रेलवे बोर्ड ने अब सिर्फ राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों (जैसे कुंभ और दीपावली) ही नहीं, बल्कि स्थानीय मेलों और धार्मिक आयोजनों को भी अपनी योजना में शामिल किया है। जबलपुर मंडल को निर्देशित किया गया है कि वह क्षेत्र में होने वाले धार्मिक आयोजनों, पर्यटन स्थलों और त्योहारों के दौरान संभावित भीड़ का आकलन करके विस्तृत कार्ययोजना भेजे।

### कटनी, मैहर, भोपाल जैसे स्टेशनों पर भी नजर

जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले इटारसी, कटनी, बीना, सतना, मैहर और सागर जैसे प्रमुख स्टेशन भी इस योजना में शामिल हैं। विशेषकर नवरात्रि में मैहर में शारदा देवी मंदिर दर्शन हेतु, कटनी में माधव शाह बाबा के बर्शी मेले और भोपाल में तब्लीगी इज्तिमा जैसे आयोजनों के समय यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारी की जा रही है।

### रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी रिपोर्ट

हर मंडल को भीड़ नियंत्रण से जुड़ी रिपोर्ट तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजनी होगी। आवश्यकता पड़ने पर विशेष ट्रेनों, अतिरिक्त कोच, रैक और मानव संसाधन की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही यात्रियों के लिए विश्राम स्थल और अन्य सुविधाएं पहले से सुनिश्चित की जाएंगी ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

# तथ्य छिपाकर दायर की गई याचिका खारिज कर कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि गंदे हाथ से आया हुआ व्यक्ति किसी प्रकार की राहत का अधिकारी नहीं है।
कोर्ट ने तथ्य छिपाकर दायर की गई याचिका निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। यह राशि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के खाते में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।
मैहर जिला अंतर्गत पीपाखेड़ा निवासी दीपेंद्र सिंह ने याचिका दायर कर एसडीएम राजस्व द्वारा वसूली के लिए जारी आरसीसी को चुनौती दी थी। विगत 26 अगस्त को सुनवाई के दौरान एसडीएम राजस्व ने हा ईकोर्ट में उपस्थित होकर बताया था कि उन्हें पदभार ग्रहण किए हुए एक माह हुआ है। उन्होंने पूर्व एसडीएम द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में हलफनामा प्रस्तुत करने में खुद को असमर्थ बताया था। इस पर कोर्ट ने मैहर कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। निर्देश के पालन में 28 अगस्त को मैहर कलेक्टर हाई कोर्ट में हाजिर हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि लिपिक द्वारा याचिका की जानकारी ओआईसी को नहीं दी गई थी। लिपिक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा की गई है। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने मुकदमा दर्ज किया था। याचिकाकर्ता ने इस मामले में न्यायालय से जमानत प्राप्त नहीं की है। शासकीय राशि की वसूली के लिए याचिकाकर्ता को दो बार नोटिस जारी किया गया था। याचिकाकर्ता की तरफ से नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद राशि वसूली के लिए आरसीसी जारी की गई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता ने उसके विरुद्ध एफआइआर दर्ज होने का उल्लेख याचिका या सुनवाई में नहीं किया था। इस पर कोर्ट ने जमकर नाराजगी जताई।

आधा किलोमीटर दूर तक घिसट गया युवक

# ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि जबलपुर।

बरेला थाना अतंर्गत शारदा मंदिर के पास रविवार की देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार युवकों को ट्रक आधा किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।



बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने ईएमएस को बताया कि मूलतः हरियाणा निवासी कुलदीप तनवीर और उसका दोस्त पोस्ट आफिस में काम करते थे और वर्तमान में बीजाडांडी में रह रहे थे। बीती रात तनवीर और उसका दोस्ता बाइक से किसी काम से मनेरी जा रहे थे।

तभी मंगलायतन विश्वविद्यालय के समीप मंडला की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीजे 02 वीवी 9086 के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तनवीर का साथी तो उछलकर दूर गिरा लेकिन वह ट्रक में फंस गया और आधा किलोमीटर दूर घसीटता चला गया, जिससे तनवीर मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामलें को दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# डीएड की पात्रता के आधार पर दें अनुकंपा नियुक्ति

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायामूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने डीएड की पात्रता के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता शहडोल निवासी शिवानी कचेर की ओर से अधिवक्ता सुनंदा केशरवानी व राहुल श्रीपाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। उनका 2012 में निधन हो गया था। जिसके बाद 2016 में याचिकाकर्ता ने डीएड की पात्रता के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। लेकिन क्षेत्रीय अधिकारी ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि याचिकाकर्ता टीईट क्वालिफाइड नहीं है। जिसके बाद अभ्यावेदन दिया गया। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा। हाई कोर्ट ने पूरे मामले पर गौर करने के बाद आपत्ति को अनुचित करार दिया। इसी के साथ डीएड की पात्रता के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति के निर्देश जारी कर दिए।

# रीवा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोकुल प्रसाद गुप्ता का किया सम्मान



**रीवा।** रीवा प्रवास के दौरान भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी से लंबे समय से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता गोकुल प्रसाद गुप्ता को उनके निजी निवास पर जाकर श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, कार्यक्रम के संभाग प्रभारी विनोद चौबे, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यमणि पांडे, राज नारायण शुक्ला, जनपद सदस्य शांति नारायण पांडे, पूर्व जिला मंत्री भाजपा रीवा सत्य प्रकाश पांडे, धर्मेंद्र पांडे, सौमित्र पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गोकुल प्रसाद गुप्ता के संगठन के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें पार्टी की नींव का मजबूत स्तंभ बताया।

## 4 किलो गांजे के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार



जबलपुर। भेड़ाघाट पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने यूनियन बैंक के सामने ओवर ब्रिज पुलिया के नीचे मादक पदार्थ गांजे की तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 किलो 4 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 80 हजार रुपए, 3 मोबाइल तथा नगदी 40 हजार 50 रुपए जब्त किए है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर यूनियन बैंक के सामने ग्राहक का इंतजार कर रहे कजरवारा निवासी 32 वर्षीय रणविजय कुमार भगत और 19 वर्षीय सौरभ यादव, कृष्णा कालोनी निवासी 19 वर्षीय हैप्पी शेखर को गिरफ्तार कर उनके पास से 80 हजार रुपए का 4 किलो 04 ग्राम गांजा, 3 मोबाइल, नगदी 40 हजार 50 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मामला जांच में लिया है।

## 2 इंच से अधिक बारिश के बाद सड़के बनी तालाब

# अगस्त की आखिरी रात, सितंबर की पहली शाम रही बारिश के नाम

हरिभूमि जबलपुर।

अगस्त के आखिरी रात और सितंबर की पहली शाम बारिश के नाम रही। 31 अगस्त रविवार की रात 8.30 बजे ताबड़तोड़ बारिश हुई, इस दौरान 2 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई। बादलों की तेज गर्जना और बारिश की तेज रफ्तार से लोग दहशत में आ गए। कुछ देर के लिए शहर में अंधेरा छा गया, शहर के कई इलाकों में जलप्लावन हो गया। सबसे विकट हालात दमोहनाका से बल्देवबाग तक रहा, जहां जल निकासी नहीं होने से फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर एक से दो फुट पानी भर गया था। लोग बारिश से बचने के लिए फ्लाईओवर के नीचे खड़े थे लेकिन पानी भरी सड़कों से वाहन निकलने पर उछले पानी से लोग गीले हो गए। रविवार की रात अचानक से बादलों की तेज गर्जना की बीच तेज बारिश हुई। छत्तीसगढ़ और पूर्वी मध्य प्रदेश में ऊपरी हवाओं का चक्रवात बन गया है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले 48 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर तेज वर्षा हो सकती है। इसी तरह सोमवार की शाम बादल छाये रहे और कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई, लेकिन उमस का जलवा बरकरार रहा।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने हवाओं के ऊपरी चक्रवात का असर पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक आ गया है। इसी चक्रवात की वजह से झमाझम बारिश हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 88 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.53 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.27 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 57.02 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1026.01 मिमी (लगभग 41 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन 0.2 मिमी वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 1058.6 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री दर्ज किया गया।गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 1098.06 मिमी दर्ज की जा चुकी है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

# गणेश पंडाल में दिखा जहरीला कोबरा

**जबलपुर।** शहर के तिलवारा क्षेत्र में रविवार की रात को गणेश पंडाल में उस दौरान हड़कंप मच गया, जब घूमते हुए चार फीट लंबा सांप वहां पहुंच गया। सांप पर नजर पड़ते ही लड़कों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को सूचना दी। कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ ने जब सांप को देखा तो बताया कि यह बहुत ही जहरीला कोबरा नाग है। इतना सुनते ही गणेश पंडाल में मौजूद लोगों के होश उड़ गए।

तिलवारा के चौकीताल के पास रेवा कालोनी में स्थापित गणेश प्रतिमा पंडाल के आसपास बीते तीन दिनों से एक सांप घूमता देख रहे थे। लोगों को लग रह था कि यह अपने आप भाग जाएगा। रविवार की रात को एक बार फिर जब चार फीट लंबा सांप देखा तो सबके होश उड़ गए।

सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे ने रेस्क्यू करते हुआ बताया कि यह काला कोबरा नाग जो कि शोरगुल होने पर गणेश प्रतिमा के पीछे छिप जाता था। रविवार को एक बार फिर जब यह गणेश प्रतिमा के पास दिखा तो पुरोहित जितेंद्र चौबे ने गजेंद्र दुबे को बुलाया गया। इसके बाद पंडाल में उपस्थित लोगों को बाहर किया गया।

सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए कोबरा नाग को पकड़कर बरगी के जंगल में छोड़ दिया। गजेंद्र दुबे ने बताया कि पकड़ा गया सांप कोबरा प्रजाति का है, जो कि बेहद ख़तरनाक और जहरीला होता है। इसमें ख़तरनाक न्यूरोटाक्सिन ज़हर पाया जाता है। गजेंद्र दुबे ने बताया कि कोबरा नाग के डसते ही सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति का नर्वस सिस्टम जाम हो जाता है, तीन घंटे में अगर मेडिकल उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है, अन्यथा मौत होना निश्चित है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240